सुप्रभात
रांची, शनिवार
16.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा/ द्वितीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 67

12 कोकर दुर्गा पूजा : भक्तों का स्वागत करेंगे गजराज

न्यूज डायरी

45,000 करोड़ के अस्त्र शस्त्र खरीद प्रस्ताव मंजूर

नयी दिल्ली। सेनाओं के लिए अस्त्र-शस्त्र खरीदने के प्रस्तावों पर निर्णय करने वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने रक्षा आपूर्ति क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाले एक निर्णय के अंतर्गत वायु सेना के लिए कुल लगभग 45,000 करोड़ रुपये की हथियार प्रणालियों की खरीद के प्रस्तावों को शुक्रवार को मंजूरी दी।

इडी को मिला 5.3 किलो सोना, कीमत 3.21 करोड़

जयपुर। राजधानी के योजना भवन स्थित सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के बेसमेंट से एक किलो सोना और 2.31 करोड़ रुपये नकद मिलने के मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक और बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में दो दिन तक 17 ठिकानों पर सर्च अभियान और बैंक लॉकर्स की तलाशी में ईडी को 5.3 किलो सोना और मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 3.21 करोड़ रुपये है।

बिल्डिंग की लिफ्ट गिरी चार मजदूरों की मौत

नई दिल्ली/नोएडा। यूपी के ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट गिर गयी। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी। वे सभी मजदूर थे। वहीं कई घायल हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर है।

पाक की पहली मिस यूनिवर्स बनीं एरिका

इस्लामाबाद। यूएई में पाकिस्तान के नाम पर एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट कराने वाली कंपनी पर सरकार भड़क गयी है। पाक के अंतरिम प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह यूएई सरकार के साथ संपर्क करे। कार्यक्रम ने मिस यूनिवर्स में पाक का प्रतिनिधित्व करने के लिए उम्मीदवार चुने थे।

हिमाचल की त्रासदी पर प्रियंका का मोदी को पत्र

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा है कि आपदा ने हिमाचल प्रदेश को तबाह कर दिया है और वहां पूरी तरह से पुनर्निर्माण की जरूरत है। इसलिए पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए इस त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना चाहिए।

आंध्र प्रदेश : सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

कडपा। आंध्रप्रदेश में अन्नामय्या जिले के पास मातमपल्ली गांव में पेलुरु-कालक्का राजमार्ग पर शुक्रवार को वैन और लॉरी की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गयी और छह अन्य घायल हो गये।

टेनिस संघ ने बोपन्ना को किया सम्मानित

लखनऊ। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने देश के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को सम्मानित किया है।

टेक समूहों की लिवाली से बाजार गुलजार

मुंबई। दुनिया के सबसे बड़े केंद्रीय बैंक के दरों में वृद्धि के लंबे चक्र को समाप्त करने के करीब पहुंचने के संकेत से विश्व बाजार में आयी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर सीडी, वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत दस समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में तेजी रही।

आदित्य-एल1 की चौथी प्रक्रिया भी रही सफल

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल1 मिशन का पृथ्वी-संबंधित चौथी प्रक्रिया (मैन्यूवर) सफलतापूर्वक पूरी कर ली है।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	56,200 रु./10 ग्राम
चांदी	:	74,500 रु./प्रति किलो

अब पांच राज्यों की पुलिस करेगी नक्सलवाद पर वार

ईस्टर्न रीजनल पुलिस कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में फैसला

- कोलकाता में बनेगी रणनीति, तस्करी, साइबर व संगठित अपराध पर रोक की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अब नक्सलवाद पर वार की तैयारी शुरू कर दी गयी है। नक्सल के अतिरिक्त ड्रग्स, साइबर, मानव तस्करी और संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला लिया गया है। यह फैसला झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को ईस्टर्न रीजनल पुलिस को-ऑर्डिनेशन कमेटी (इआरपीसीसी) की बैठक में लिया गया। बैठक में झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ के आला पुलिस अधिकारी मौजूद थे। साथ ही केंद्रीय एजेंसियों के अफसरों ने भी इस पर मुहर लगा दी है। अब इन मुद्दों के बाद कोलकाता में रणनीति बनेगी।

(शेष पेज 11 पर)

नक्सलवाद बना टारगेट

इआरपीसीसी की बैठक में नक्सल और ड्रग्स कारोबार पर नकेल कसने को लेकर रणनीति बनायी गयी। पिछले दो सालों के दौरान झारखंड पुलिस ने नक्सली फ्रंट पर बेहतरीन काम किया है। झारखंड में बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल और ओड़िशा के दुर्दांत नक्सली नेता अब भी सक्रिय हैं। वैसे नक्सली कमांडरों पर नकेल कसने की रणनीति भी मीटिंग में बनी है। झारखंड का बूढ़ा पहाड़ छत्तीसगढ़ से सटा हुआ है, जबकि वर्तमान समय में पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी सारंडा के बॉर्डर ओड़िशा से सटे हुए हैं।

चतरा के सनकी युवक ने पत्नी-मां को जिंदा जलाया

- पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ा, आरोपी फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। घरेलू विवाद में इटखोरी थाना क्षेत्र के पितीज गांव के एक सनकी युवक कुलदीप दांगी ने अपनी पत्नी सविता देवी और मां दीलिया देवी को जिंदा जला दिया। घटना गुरुवार देर रात की है। आग में झुलस कर पत्नी सविता देवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से झुलसी मां दीलिया देवी की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी। घटना के बाद युवक घर से फरार हो गया है। पुलिस उसकी खोज में लगातार छापामारी कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही देर रात में ही इटखोरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से केरोसिन के गिलन भी बरामद किया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हमेशा की तरह युवक अपने घर हो हंगामा कर रहा था। आसपास के लोगों ने युवक का सामान्य व्यवहार समझकर ध्यान नहीं दिया। वह घर के अंदर पत्नी से विवाद कर रहा था। इस बीच उसकी मां बीच बचाव करने पहुंची, तो युवक, मां से भी मारपीट करने लगा। इस बीच गुस्से में आकर सनकी युवक ने दोनों पर कोरेसिन उड़े कर आग लगा दी। (शेष पेज 11 पर)

रिम्स में मां की भी मौत

आग से कुलदीप की पत्नी बुरी तरह से जल गयी। उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गयी। घर में हो हंगामा सुन जब तक आसपास के लोग पहुंचते तब तक सविता देवी दम तोड़ चुकी थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कुलदीप की मां को इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया। पर उपचार के दौरान मां की भी मौत हो गयी।

झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को श्रद्धालु सड़क पर उतर आये। हाथों में मशाल ले आक्रोश मार्च निकाल कर विरोध जताया। मंदिर को राजनीतिकरण से दूर रखने की मांग कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा- अनंतनाग मुठभेड़ का बदला जरूर लेंगे...

सुरक्षाबलों ने लश्कर के दो आतंकियों को पकड़ा

- मुठभेड़ के बीच बड़ी कामयाबी, चीनी ग्रेनेड समेत कई हथियार मिले

एजेंसी

नयी दिल्ली, श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में जारी मुठभेड़ के बीच शुक्रवार को सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) के एक आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया गया है। इस दौरान पुलिस ने दो आतंकवादियों की जिंदा गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इसमें चीन में बना ग्रेनेड भी है। अपने तीन जवानों की शहादत का बदला लेने के लिए सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरे रखा था। सुरक्षाकर्मियों ने मुठभेड़ स्थल पर मोर्टार सेल दागे और आतंकियों के ठिकाने को निशाना बनाने की कोशिश की गयी। वहीं राजस्थान में अनुराग ठाकुर ने कश्मीर के अनंतनाग मुठभेड़ को लेकर कहा कि जो हुआ वह बहुत ही दुखद है। इसका बदला लिया जायेगा और कड़ा जवाब दिया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

पाक आकाओं के इशारे पर करता था काम

शुक्रवार को दो आतंकियों की गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने बताया कि लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी सहयोगियों को उत्तरी कश्मीर में बारामूला के उरी इलाके में पकड़े गये। आतंकियों के पास से कई घाटक हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों की पहचान बारामूला निवासी जैद हसन मल्ला और मोहम्मद आरिफ चन्ना के रूप में की है। वे सीमा पार पाकस्तिान स्थित अपने आकाओं के इशारे पर हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी करते हैं। आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इन हथियार और गोलाबारूद को लश्कर के आतंकवादियों तक पहुंचाने का काम करते हैं।

बदला तो जरूर लेंगे : ठाकुर- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कश्मीर के अनंतनाग मुठभेड़ पर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जो हुआ वह दुखद है। इसका बदला लिया जायेगा और कड़ा जवाब दिया जायेगा। वह उदयपुर में एक समारोह में बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि 26\11 के हमले के बाद भी पिछले सरकार मूकदर्शक बनी थी। तब सरकार मौन अवस्था में थी। अब देश में नयी और शक्तिशाली सरकार है। यह सरकार मुंहतोड़ जवाब देना जानती और देगी।

मुंबई, कोलकाता और भोपाल में इडी रेड, 417 करोड़ रुपये फ्रीज

- महादेव एप से जुड़े मनी लांड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ तलाशी अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन गैम्बलिंग ऐप महादेव बुक मनी लॉन्ड्रिंग मामले के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में कोलकाता, भोपाल और मुंबई में छापेमारी की, जिसके बाद 417 करोड़ रुपये जब्त किये हैं। जांच एजेंसी ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि ईडी ने कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों के विभिन्न जगहों पर स्थित महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ तलाशी अभियान चलायी और बड़ी मात्रा में सबूत जुटाये। जब्त 417 करोड़ रुपये के अवैध आय को फ्रीज कर लिया गया है। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच से पता चला है कि छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले सौरव चंद्राकर और रवि उप्पल महादेव ऑनलाइन बुक के मुख्य प्रवर्तक हैं और दुबई से इसका संचालन कर रहे थे।

छापेमारी के बारे में इडी ने जानकारी दी कि चंद्राकर और उप्पल ने यूएई में अपने काले धंधे का एक साम्राज्य बना रखा था, जहां कालेधन का कारोबार खुलेआम चलता था। फरवरी 2023 में चंद्रालक ने यूएई के आरएके में शादी कर ली थी और इस शादी में महादेव एप्प के प्रोमोटर्स ने करीब 200 करोड़ रुपये नकद खर्च किये थे। मुंबई और हवाला चैनल के वेडिंग प्लानर से लेकर डांसर तक, सभी को पेमेंट कैश से कराया गया है।

सीएम हेमंत सोरेन की चुनौती याचिका पर सुनवाई अब 18 को

इडी के समन को सुप्रीम कोर्ट में दी है चुनौती

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची, नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिट याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सोमवार को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समन के खिलाफ सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में पिटीशन फाइल किया है। सीएम ने यह सीएम ने रिट पिटीशन जमीन घोटाला मामले को लेकर इडी के समन के खिलाफ दिया है। इसमें इडी के अधिकार को चुनौती दी गयी है। मुख्यमंत्री की रिट याचिका पर शुक्रवार सुनवाई निर्धारित थी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है। (शेष पेज 11 पर)

क्या है मामला



रांची में चेशायर होम के पास की जमीन, बरियातू और सिरम टोली स्थित सेना जमीन घोटाला मामले में इडी लगातार कार्रवाई कर रही है। ईडी ने इस मामलें में मनी लॉन्ड्रिंग का हवाला दिया है। व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई लोग फिलहाल इस मामले में जेल में हैं। 14 अगस्त को पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को पहली बार इडी ने समन जारी किया था। समन पर सीएम ने इस पर आपत्ति जतायी थी। उन्होंने पत्र भेजकर ईडी को कहा था कि बार-बार समन करना सही नहीं है। पहले ही उन्होंने अपनी संपत्ति की जानकारी दे दी है। पत्र में उन्होंने समन को लेकर कानून का सहारा लेने की बात कही थी। इसके बाद भी इडी ने दोबारा 24 अगस्त को समन जारी किया। जिसके खिलाफ सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की है। बाद में इडी ने तीसरे समन में 9 सितंबर को सीएम को पेश होने को कहा। इस पर सीएम ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, नतीजा आने के बाद ही वो पूछताछ के लिए आने पर विचार करेंगे।

कल विश्वकर्मा योजना की शुरुआत करेंगे पीएम मोदी

- अपने हाथों, औजारों से काम करने वालों को मिलेगी मदद

एजेंसी

नयी दिल्ली। पीएम मोदी नरेंद्र मोदी रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत करेंगे। यह योजना पूरी तरह से केंद्र सरकार की होगी और इसके लिए 13 हजार करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं। इस वर्ष 15 अगस्त को मोदी ने लालकिले की प्राचीर से अपने राष्ट्र संबोधन के दौरान की थी। इस योजना का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा या अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले कारीगरों के पारंपरिक कौशल के परिवार-आधारित अभ्यास को मजबूत करना है।

छोटे-छोटे कारीगरों को होगा लाभ

यह योजना पूरे देश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। इसमें अठारह पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया जायेगा। इनमें बढ़ई, नाव निर्माता, हाथ से शस्त्र बनाने वाले, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला, मोची जूता, जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी-चटाई- झाड़ू बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने का जाल निर्माता शामिल हैं। योजना के तहत, बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से विश्वकर्माओं का निःशुल्क पंजीकरण किया जायेगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता प्रदान की जायेगी। कारीगरों को बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण से जुड़े कौशल उन्नयन, 15,000 रुपए का टूल किट प्रोत्साहन, दो किस्तों में एक लाख रुपये और दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।

सीआइआइ के ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट में बोले उद्योग सचिव

सरकार के साथ-साथ आदिवासी युवाओं को संस्थाएं भी दें मदद

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासी युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने की कई योजनाएं चला रही है। सरकार ने ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें सही प्लेटफॉर्म देने की जरूरत पर बल दिया है। इस कार्य में ट्राइबल चैंबर, फेडरेशन ऑफ झारखंड जैसी कई संस्थाओं को भी उन्हों सहयोग देना होगा। उद्योग सचिव शुक्रवार को स्थानीय होटल में सीआइआइ झारखंड की तत्वावधान में आयोजित ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट 2023 में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

सरकार हर संभव मदद कर रही है : उद्योग सचिव ने कहा कि जनजातीय मंत्रालय और झारखंड सरकार ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को हर संभव मदद कर रही है। इसके लिए कई नीतियां बनायी गयी हैं। ट्राइबल उद्यमियों का इसका लाभ उठाना चाहिए। इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई प्रकार के फायदा दे रही है। उन्हें लगातार कई तरह की मदद भी दे रही है।

आदिवासी युवाओं का उत्थान जरूरी : समिट में सीआइआइ झारखंड राज्य काउंसिल के चेयरमैन उज्ज्वल चक्रवर्ती ने कहा कि झारखंड में आदिवासी समुदाय का विकसित होना जरूरी है। राज्य में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप की संख्या बढ़ी है। इन्हें सही मंच देना जरूरी है। झारखंड के उद्योग भविष्य की ओर देख रहे हैं और आदिवासियों के उत्थान के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा दोनों में समर्थन की जरूरत है। प्रभावी नीतियां किसी भी समाज में महत्वपूर्ण विकास ला सकती हैं। मौके पर सीएसइआर के संजयोजक सौरव रॉय,ट्राइबल चेंबर के राष्ट्रीय महासचिव बंसत तिर्की ने भी संबोधित किया। (शेष पेज 11 पर)

बिहार निवासी राहुल नवीन बने इडी के कार्यकारी डायरेक्टर

एजेंसी

न्यू दिल्ली। राहुल नवीन प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के कार्यकारी डायरेक्टर होंगे। इडी के नये निदेशक की नियुक्ति तक राहुल नवीन पद संभालेंगे। राहुल नवीन 1993 बैच के भारतीय राजस्व सेवा यानी आईआरएस अधिकारी हैं। राहुल नवीन को ईडी निदेशक पद की जिम्मेदारी सौंपी है। गौरतलब हो कि इडी के वर्तमान निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर को खत्म हो गया। संजय कुमार मिश्रा ने 2018 में इडी निदेशक का पद संभाला था।

राहुल नवीन मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। वे कुशल और शांत व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। बोला जाता है कि ये खुद बहुत कम बोलते हैं। लेकिन कलम चलाने में माहिर हैं। कानूनी तरीके से काम करने के साथ ही बहुत सुलझे हुए हैं। वे बेहद तेज-तर्रार अधिकारी माने जाते हैं।

आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा

राज्य सरकार की सत्ता का ब्रेक फेल अपराधी चला रहे हैं शासन-प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत भगत ने कहा कि राज्य में अपराधियों और अवैध कारोबारियों को खुलेआम छूट मिली हुई है। पूरा प्रशासन ही अपराधियों के चंगुल में है। अपराधी शासन-प्रशासन को चला रहे हैं। वे शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी टिपण्णी की। उन्होंने कहा कि सीएम को टेस्ट के लिए बुलाया जा रहा, तो वह इधर-उधर दौड़ रहे हैं। निश्चित तौर पर उन्हें इन चीजों का सामना करना पड़ेगा और जवाब भी देना पड़ेगा।

श्री भगन ने कहा कि पार्टी का महाधिवेशन 29-30 सितंबर को संभावित है। बैठक के बाद तिथि पर अंतिम रूप से मुहर लगेगी। महाधिवेशन मोरहाबादी मैदान में होगा। यह महाधिवेशन युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों की उम्मीद को पूरा करने वाला होगा।

डुमरी में लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत नहीं हुआ चुनाव

आजसू पार्टी का महाधिवेशन महीने के अंत में, आज की बैठक में लगेगी तिथि पर मुहर

डुमरी चुनाव न हम हारे हैं, न हार माने हैं...

देवशरण भगत ने कहा कि डुमरी में लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर चुनाव नहीं हुए। भय, भ्रम और भ्रष्टाचार से लिप्त सरकारी प्रशासनिक दुरूपयोग से इस तरह का परिणाम आया है। डुमरी न ही हम हारे हैं और न हार माने हैं। हमारे पक्ष में जो प्लॉट तैयार था, उसे बटोर नहीं पाए। इसमें हम पिछड़ गए। हमें यह बात समझ में आ गयी कि चाहे कितना भी भय-भ्रम बना लिया जाए, वह अधिक दिनों तक चलने वाला नहीं है। वहां पर लोगों को हड़काया जा रहा है कि तुमलोग क्यों साथ दिया। इन सब चीजों को पार्टी बारीकी से देख रही है। पार्टी जनमानस के बीच जाएगी।

जनता महागठबंधन सरकार से परेशान

उन्होंने कहा कि सरकार का ब्रेक फेल हो चुका है। खुलेआम लूट की छूट है। जनता इस सरकार से मुक्ति चाहती है। युवा सड़क पर उतर रहे हैं। युवा नौकरी की भीख मांग रहे हैं। यह सरकार पूरी तरह से विफल नजर आ रही है। पूरे प्रदेश में अपराधियों का तांडव हो रहा है। आये दिन लोगों की हत्या हो रही है। ऐसा लग रहा है जैसे अपराधी ही शासन प्रशासन चला रहे हैं।

झारखंड भाजपा के नेता एयरपोर्ट पर जेपी नड्डा से मिले

भाजपा अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करने का दिया मंत्र

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर किया कटाक्ष, कहा- कोई भी व्यक्ति कानून से बड़ा नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार को रांची एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान श्री नड्डा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं अन्य नेताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करने का निर्देश दिया। यहां उन्होंने प्रदेश के नेताओं और सांसदों से मुलाकात की। इसके बाद हेलिकॉप्टर से छत्तीसगढ़ के जशपुर के लिए रवाना हो गये। श्री नड्डा छत्तीसगढ़ के जशपुर में भाजपा के दूसरे चरण की परिवर्तन यात्रा के आगाज से पहले झारखंड के राजनीतिक हालात पर बातचीत की। बाद में रघुवर दास ने कहा कि जशपुर में जाने से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झारखंड के नेताओं से औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा के नेताओं ने आगामी पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की तैयारी की जा रही है। ठग गठबंधन की सरकार से जनता नाराज है। लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता जवाब देगी। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुये कहा कि 2019 में भी गठबंधन बना था। तब भी भाजपा 12 सीटों पर जीती थी। इस बार शेष दोनों लोकसभा चुनाव भी पार्टी जीतेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के बारे में कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से बड़ा नहीं होता है। श्री नड्डा से मुलाकात के बाद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। इसबार सभी 14 लोकसभा सीटें एनडीए के खाते में जायेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने जिस तरह कुछ पत्रकारों को बॉयकॉट किया है, उससे उनकी मानसिकता साफ हो गई है। एयरपोर्ट पर श्री मरांडी के अलावा दीपक प्रकाश, सुनील कुमार सिंह, सुदर्शन भगत, संजय सेठ, आदित्य साहू, बीडी राम, प्रदीप वर्मा, सुबोध सिंह गुड्डू समेत अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया।

छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में एयरपोर्ट पर रुके थे नड्डा

महिला एवं बाल विकास सचिव को हाइकोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने बचपन बचाओ आंदोलन संस्था की जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए महिला बाल विकास विभाग के सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। अदालत ने उन्हें अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित होने को कहा है। दरअसल झारखंड के अलग-अलग जिलों में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर संस्था ने जनहित याचिका दायर की है। पूर्व की सुनवाई के दौरान अदालत ने जमशेदपुर जिले में जेजे बोर्ड में स्थायी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति का निर्देश दिया था, जिसका अनुपालन नहीं हुआ है। इस पर नाराजगी जताते हुए अदालत ने सचिव को उपस्थित होने को कहा है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच इस जनहित याचिका पर अब 22 सितंबर को सुनवाई करेगी।

कोयला कर्मियों को मिलेगा 13.6 प्रतिशत महंगाई भत्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/कोलकाता। कोयला कामगारों का परिवर्तनशील महंगाई भत्ता (वीडीए) में बदलाव हुआ है। इसका आदेश कोल इंडिया के महाप्रबंधक गौतम बनर्जी ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। नया वीडीए कोल इंडिया और देश भर में फैली उसकी सहायक कंपनियों में कार्यरत कामगारों को मिलेगा। इसका प्रभाव करीब दो लाख से अधिक कामगारों को पर पड़ेगा।

जानकारी के मुताबिक हर तीन महीने में कामगारों के वीडीए में

बदलाव किया जाता है। कोल इंडिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार कामगारों को वीडीए 13.6 प्रतिशत मिलेगा। नया बीडीए 1 सितंबर, 2023 से प्रभावी होगा। यह 30 नवंबर 2023 तक के लिए लागू होगा।

दाहू यादव के पिता को मिली जमानत

रांची। मनी लाउंड्रिंग केस के आरोपी दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। वह पिछले लगभग छह महीने से न्यायिक हिरासत में हैं। रांची पीएमएलए के विशेष कोर्ट ने पशुपति यादव के खिलाफ आरोप गठित कर दिया है। ईडी ने पशुपति यादव को इसी वर्ष 21 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले झारखंड में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन घोटाला में फरार चल रहे दाहु यादव के घर की कुर्की-जब्ती पिछले दिनों की गयी है। ईडी कोर्ट से आदेश जारी होने के बाद रविवार को पुलिस की टीम ने कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की थी।

कमलदेव गिरी हत्याकांड में हाइकोर्ट सख्त

प. सिंहभूम एसपी को निर्देश, दिवंगत नेता की बहन की प्राथमिकी दर्ज करें

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। चक्रधरपुर के कमलदेव गिरी हत्याकांड के मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। इस केस में आरोपी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का कोर्ट ने पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आदेश दिया है। यहां बता दें कि हत्याकांड में गिरफ्तार अभियुक्तों के नार्को टेस्ट की मांग के लेकर कमलदेव के परिजनों ने धरना दिया था। धरना के दौरान ही कमलदेव की बहन और अन्य के साथ मारपीट का मामला सामने आया था। जिसका आरोप पुलिस अधिकारियों पर लगा था। इसी मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी पुलिस के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया है। दरअसल पिछले वर्ष नवंबर में कमलदेव गिरी की बम मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद उनके परिजन धरना पर बैठे थे। इस दौरान उनके परिजनों के साथ मारपीट हुई थी। मारपीट में शामिल पुलिस के खिलाफ प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की।

इडी के कोर्ट में नीरज मित्तल की जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को मनी लाउंड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को सफेद करने वाला नीरज मित्तल की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के प>ात आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना आदेश 18 सितंबर को सुनायेगी। नीरज मित्तल ने जमानत की गुहार

मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम की अवैध कमाई को सफेद करने का आरोपी है नीरज

लगाते हुये 8 सितंबर को अर्जी दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील प्रितांशु कुमार सिंह ने कहा कि आरोपी पर मनी लाउंड्रिंग का आरोप निराधार है। वह मामले में निर्दोष है। जमानत की सुविधा दी जाये। इसका विरोध ईडी के वकील शिव कुमार काका ने किया। उन्होंने कहा कि मामले में चार्जशीट दाखिल है। वह वीरेंद्र राम के अवैध कमाई को सफेद करने कर अन्य जगह निवेश में सहायता करता था। इसी मामले में वीरेंद्र राम के सहयोगी राम प्रकाश भाटिया ने भी जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी। उसकी याचिका पर सुनवाई के लिये 18 सिंतबर की तारीख निर्धारित की गई है। ईडी ने वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में दोनों को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। दोनों 23 जून से न्यायिक हिरासत में है।

पंचायत स्वयंसेवक ग्रामीण विकास मंत्री के आवास का करेंगे घेराव, 20 को महाजुटान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सेवा स्थायीकरण सहित पांच सूत्री मांगों के समर्थन में पिछले 70 दिनों से राजभवन के समक्ष धरना दे रहे पंचायत स्वयंसेवक ने 20 सितंबर को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया है। उस दिन पुराना विधानसभा मैदान में राज्य भर से 18 हजार पंचायत स्वयंसेवकों का महाजुटान के साथ नंग-धड़ंग प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास का घेराव करेंगे।

इधर राजभवन के पास धरना दे रहे पंचायत संघ सेवकों का कहना है कि सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने के बजाए हर कर्मचारी के बकाया वेतन का भुगतान भी नहीं कर पाई है। ऐसे में प्रत्येक स्वयंसेवक का 2.5 से 3 लाख रुपए सरकार के पास बकाया है। ऐसे में अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए पंचायत स्वयंसेवक आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं।

ये है पंचायत स्वयंसेवकों की मांग

पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को नियमित मानदेय दिया जाये। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जाए। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को पंचायती राज विभाग में समायोजन किया जाए। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को स्थायी किया जाए। पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से सीएम से वार्ता कराई जाए।

धनबाद के यात्रियों को मिलेगा लाभ

कोलकाता-अहमदाबाद एक्स. का परिचालन राजकोट तक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। धनबाद से गुजरात के रेल यात्रियों को जल्द नयी रेल सेवाओं मिलेगी। कोलकाता से अहमदाबाद के लिए जाने वाली ट्रेन अब राजकोट तक जायेगी। केंद्रीय रेल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश ने इस संबध में सूचना जारी की है। जिसमें छह अलग-अलग रूटों की ट्रेनों को राजकोट तक विस्तार की सूचना ट्विटर पर दी गयी है। इनमें कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस भी शामिल है। जल्द ही इस ट्रेन के राजकोट तक चलाने की तिथि की घोषणा हो जायेगी। कोलकाता अहमदाबाद के विस्तार से धनबाद से राजकोट के लिए सीधी ट्रेन मिल जायेगी। फिलहाल धनबाद से गुजरात के सूरत, भावनगर और गांधीधाम के लिए सीधी ट्रेन है। राजकोट पहुंचने के लिए अहमदाबाद से ट्रेन बदलनी पड़ती है। फिलहाल, ट्रेन कोलकाता से हर

शनिवार को दोपहर 1: 10 पर खुल कर सोमवार सुबह 7: 15 पर अहमदाबाद पहुंचती है। ट्रेन का विस्तार होने से दिन के लगभग 11: 30 से दोपहर 12 के बीच राजकोट पहुंचेगा। अहमदाबाद से राजकोट की दूरी लगभग 250 किमी है।

नॉन इंटरलॉकिंग के कारण ट्रेनें प्रभावित रहेगी : धनबाद होकर चलने वाली दुमका-रांची इंटरसिटी और गोड्डा-रांची एक्सप्रेस अलग-अलग दिनों में परिचालन बाधित रहेगा। इस दौरान इन ट्रेनों का परिचालन देवघर में ही होगा। दुमका में 15 से 18 सितंबर तक होनेवाले नॉन इंटरलाकिंग के कारण दुमका से चलने और वहां से गुजरने वाली ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

शिबू सोरेन की हालत में सुधार, मिल सकती है अस्पताल से छुट्टी

रांची। झामुमो प्रमुख और पूर्व सीएम शिबू सोरेन की हालत में सुधार है। उनकी तबीयत स्थिर बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार, उन्हें कभी भी अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। यह जानकारी पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने दी। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत में काफी सुधार है। शिबू सोरेन के पुत्र और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब भी दिल्ली में जमे हुए हैं और पल-पल की गतिविधि पर नजर लगाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार, वे अपने पिता शिबू सोरेन को डिस्चार्ज होने के बाद उन्हें अपने साथ रांची लेकर लौटेंगे। बतातें चलें कि गत रविवार को उन्हें सांस लेने में तकलीफ के बाद दिल्ली के सर गंगाराम अस्तपाल में भर्ती कराया गया था।

केंद्रीय समिति के विस्तार के लिए झामुमो की बैठक

जिला समिति ने कार्यों का किया आकलन

राज्य सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झामुमो की गुमला एवं लोहरदगा जिला समिति की विस्तारित बैठक शुक्रवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में शामिल सभी सदस्यों के साथ क्रमशः गुमला एवं लोहरदगा जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। इसके साथ ही जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया।

इस दौरान जिला समिति की ओर से आम जनों के हित में जिला समिति द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उपस्थित पार्टी के सभी पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लायी गयी योजनाओं की जानकारी देते हुए आम जनों तक योजनाओं को पहुँचाने का निर्देश दिया गया। जिससे आम जनों को योजनाओं पूरा-पूरा लाभ मिल सके। बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा दिए गए मंतव्य एवं सुझावों पर चर्चा के बाद केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने जरूरी दिशा निर्देश दिया। शनिवार को चतरा तथा कोडरमा जिला समिति की विस्तारित बैठक (चतरा तथा कोडरमा जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव सहित) रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (कैम्प) में आयोजित की जाएगी।

एसएलबीसी और पीएफआरडीए ने की अटल पेंशन योजना पर राज्य स्तरीय समीक्षा

झारखंड में लाखों लोगों के जीवन को बदलने और भविष्य को सुरक्षित करने की शक्ति रखती है अटल पेंशन योजना

एपीवाई 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी नागरिकों के लिए, चाहे उनकी आय का स्तर या रोजगार की स्थिति कुछ भी हो...

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अटल पेंशन योजना की राज्य स्तरीय समीक्षा कार्यक्रम का आयोजन एसएलबीसी और पीएफआरडीए के द्वारा पारस्परिक रूप से लालपुर के एक होटल में आयोजित किया गया। इस बैठक में पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के कार्यकारी निदेशक आननता गोपाल दास विशेष रूप से सम्मिलित हुये।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक बैंक आफ इंडिया के उप महाप्रबंधक सीएच गोपाला कृष्णा ने सभी जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधकों एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों, आरबीआई एवं नाबार्ड के उच्चाधिकारियों तथा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों से वित्त वर्ष 2022-23 में एपीवाई (अटल पेंशन योजना) के कुल लक्ष्य के विरुद्ध 183% की उपलब्धि पर सभी स्टेक होल्डर्स को बधाई दी।

आरबीआई के सहायक महाप्रबंधक, अरविंद एक्का ने कहा कि अटल पेंशन योजना का उल्लेखनीय पहलू इसकी समावेशिता है। उन्होंने आगे कहा कि एपीवाई 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी नागरिकों के लिए खुला है, चाहे उनकी आय का स्तर या रोजगार की स्थिति कुछ भी हो।

पीएफआरडीए के मुख्य महाप्रबंधक, प्रवेश कुमार ने कहा कि एपीवाई एक महत्वपूर्ण पहल है जो झारखंड में लाखों व्यक्तियों के जीवन को बदलने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की शक्ति रखती है। उन्होंने बैंकों से ग्रामीण लोगों के नामांकन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया ताकि 60 वर्ष की आयु के बाद उनका जीवन बेहतर हो सके।

नाबार्ड के उप महाप्रबंधक सुमन सौरव साहू ने बताया कि अटल पेंशन योजना भारत सरकार द्वारा 1 जून, 2015 को सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से गरीबों, वंचित वर्ग और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के निर्माण हेतु एपीवाई की शुरूआत की गई थी।

बैठक के अंतिम सत्र में पीएफआरडीए के अक्षय यादव ने पीपीटी के माध्यम से एक बिजनेस समीक्षा के द्वारा झारखंड राज्य में बैंक और जिला के प्रदर्शन पर परिचर्चा की। इस वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला में पाकुड़, साहिबगंज, लातेहार, चतरा एवं गोड्डा को पीएफआरडीए द्वारा अवार्ड ऑफ एक्सलेंस से नवाजा गया। वहीं बैंक में जेआरजीबी, एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया एवं बैंक ऑफ बड़ौदा को भी अवार्ड ऑफ एक्सलेंस से पुरस्कृत किया गया। सभा का समापन इंडियन बैंक के उप महाप्रबंधक एफआर बोखरी के धन्यवाद के साथ हुआ।

प्रदेश अध्यक्ष ने निष्क्रिय पदधारियों को पार्टी छोड़ने की दी है नसीहत

प्रदेश कांग्रेस की सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को धारदार बनाने की कोशिश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कांग्रेस राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को धारदार बनाने की कोशिश कर रही है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में अलग-अलग जिलों के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर एक-एक विधानसभा स्तर पर पार्टी की बूथ लेवल पर मजबूती और कमजोरियों का आकलन किया जा रहा है।

वहीं जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक के वैसे पार्टी पदाधिकारियों की सूची भी तैयार की जा रही है, जो पार्टी की ओर से मिले असाइनमेंट को पूरा करने में अपनी निष्क्रियता दिखाई है। ऐसे पार्टी पदाधिकारियों को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने दो टूक कह दिया है कि या तो पार्टी की ओर से दी जा रही टास्क को पूरा करें या खुद पद छोड़ दें।

अब कोई कोताही बर्दाश्त नहीं : पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने निष्क्रिय पदाधिकारियों को कह दिया है कि पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी के मोड में आ गई है। इसलिए अब कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष के कड़े रुख के बाद कई प्रखंड अध्यक्षों ने कोई न कोई वजह बताकर खुद पद छोड़ दिया है। जबकि कई प्रखंडों के अध्यक्ष ने टास्क पूरा करने के लिए आलाकमान से समय की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस के विश्वनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डेढ़ दर्जन से अधिक प्रखंड अध्यक्षों को बदलने की कार्यवाही शुरू हो गयी है।

इन प्रखंड अध्यक्षों पर गिरनेवाली है गाज : पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा के डोमचांच प्रखंड, हजारीबाग के बरकट्ठा, चौपारण, विष्णुगढ़, डाडी प्रखण्ड, पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला, गुडाबंदा, गोलमुली, टेल्को, कदमा, साकची प्रखंड के अध्यक्ष पर गाज गिरने वाली है। इसी तरह पश्चिमी सिंहभूम के झींकपानी प्रखंड, पलामू के मेदिनीनगर, सतबरवा, रामगढ़, हुसैनाबाद, गढ़वा के बरडीहा, चिनियां, मेराल, दुमका जिले के रामगढ़ प्रखंड सहित कई जिलों के अध्यक्ष को या तो बदल दिया गया है या यह प्रक्रियाधीन है।

प्रखंड कांग्रेस अध्यक्षों को मिला था ये टास्क : झारखंड कांग्रेस ने सभी प्रखंडों में जनहित के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन करने, अपने-अपने प्रखंडों में बूथ स्तर पर सक्रिय और जुझारू कांग्रेस जनों की सूची तैयार करने, अपने अपने प्रखंडों में सदस्यता अभियान के साथ डिजिटल सदस्यता अभियान चलाने का टास्क दिया गया था। इसके साथ साथ राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्षों की सक्रियता का भी आकलन प्रदेश स्तर पर किया गया है।

विभिन्न मंदिरों की प्रबंधन समिति को भंग कर नयी समिति के खिलाफ प्रदर्शन

मशाल जुलूस लेकर राजधानी की सड़कों पर उतरे श्रद्धालु राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के फैसले का किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा पूर्व से चल रहे विभिन्न मंदिरों की प्रबंधन समिति को भंग किये जाने और नयी समिति का गठन किये जाने का विरोध तेज हो गया है। सनातनियों का आक्रोश उबाल ले लिया और अब सड़क पर दिखाई देने लगा है।

रांची की पहाड़ी मंदिर प्रबंधन समिति को भंग कर नयी प्रबंधन समिति बनाए जाने के खिलाफ शुक्रवार को राजधानी में भारी विरोध हुआ। बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आये। पहाड़ी मंदिर से अल्बर्ट एक्का चौक तक जुलूस की शक्ल में हाथों में मशाल लिये निकले लोगों ने झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के फैसले का जमकर विरोध किया, वहीं सरकार से मंदिरों का राजनीतिकरण नहीं करने का अनुरोध किया।

साधु संत समाज के प्रदेश महामंत्री **स्वामी दिव्यानंद महाराज** ने कहा कि यह विरोध मंदिरों के राजनीतिकरण का है। यह विषय केवल पहाड़ी मंदिर का नहीं, राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का है। शीघ्र ही यदि सही निर्णय नहीं लिया गया तो अंतहीन विरोध अभियान शुरू होगा।

सामाजिक कार्यकर्ता **मुनचुन राय** ने कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड में साधु संतों को धार्मिक व्यक्तियों, धर्म ग्रंथों, संस्कृत के ज्ञाता, शिक्षाविद, सेवानिवृत न्यायाधीश जैसे समाज के सम्मानित व्यक्तियों को स्थान मिलता और उनकी तात्कालिक कमेटी बनाकर फिर सदस्यता अभियान चलाकर चुनाव होता तो इसका स्वागत किया जाता लेकिन जिस तरह से आनन-फानन में कमेटी का गठन हुआ है, इससे साफ लगता है कि सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

नवगठित पहाड़ी मंदिर प्रबंधन समिति की 18 सितंबर को पहली बैठक

विरोध के बीच नवगठित पहाड़ी मंदिर प्रबंधन समिति ने 18 को अपनी पहली बैठक बुलायी है। जिस तरह से विरोध के स्वर फूटे हैं, उससे आशंका है कि बैठक सामान्य बैठक की तरह आयोजित नहीं होगी। इसे भांपते हुए झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड ने जिला प्रशासन को चिट्ठी लिखकर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए समुचित प्रबंध करने का आग्रह किया है। धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य और नवगठित पहाड़ी मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र भेजा है।

राज्य में किसी भी धार्मिक संस्थाओं का राजनीतिकरण ठीक नहीं : रमेश सिंह

सामाजिक कार्यकर्ता रमेश सिंह ने कहा कि मंदिर की संस्थाओं का राजनीतिकरण किया जाना ठीक नहीं है। झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा जिस तरह से पहाड़ी मंदिर प्रबंधन समिति सहित अन्य मंदिर समितियों को भंग कर नयी कमेटि का गठन कर दिया गया और उसमें राजनीतिक पार्टी के नेताओं को भर दिया गया है उससे साफ लगता है कि न्यास बोर्ड की मंशा ठीक नहीं है। मंदिरों की समितियों को गलत तरीके से भंग किये जाने की कार्रवाई को सनातनी लोग किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। मनमाने तरीके से बिना पूर्व की समितियों से कोई संवाद किए राजनीतिक लोगों को नई समिति का सदस्य बनाया गया है। जिनका उन मंदिरों से कोई संबंध दूर-दूर तक कभी नहीं रहा है। मौके पर मुनचून राय, रोशन यादव, सुनील यादव, उमेश साहू, पंकज शर्मा, रोहित यादव, आर्य, रोहित पांडे सहित अन्य लोग मार्च में शामिल थे।

मंदिर कोई राजनीति का अखाड़ा नहीं : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सांसद संजय सेठ ने कहा है कि सनानत धर्म पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री सेठ शुक्रवार को अरगोड़ा स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड ने जिस तरह के कदम उठाने शुरू किए हैं, वह सनातनी भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाला है। उन्होंने कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड की ओर से पहाड़ी मंदिर और मेन रोड के संकट मोचन मंदिर में समिति का गठन असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक तरीके से किया गया है। इस धार्मिक न्यास बोर्ड ने राजनीतिक आड़ में भारतीय संविधान का भी मजाक उड़ाया है। हमारी महंत परंपरा को भी चुनौती दी है। इन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि मंदिर राजनीति का अखाड़ा नहीं है।

मंदिर के पुजारियों पर ध्यान दें : ब्राम्हण समाज

रांची। कान्यकुब्ज ब्राम्हण महासभा झारखंड के संयोजक मनोज कुमार पाण्डेय एवं संस्थापक सदस्य उमेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त बयान जारी कर झारखंड न्यास बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों से कहा है कि राज्य में 200 से अधिक मंदिर हैं, जिसमें सैकड़ों लोग पूजा पाठ कर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। ब्राम्हण समाज चाहता है कि मंदिर के पुजारी एवं सह पुजारी को सरकार की गाइडलाइन के अनुसार दिया जाये। साथ ही मंदिर के चढ़ावा में जो भी द्रव एवं सामान उपलब्ध होता है उसमें भी हिस्सेदारी दी जाये। ब्राम्हण नेताओं ने कहा कि राजस्थान और हरियाणा की तर्ज पर झारखंड में भी ब्राम्हण कल्याण बोर्ड का गठन होना चाहिए।

मंदिरों को राजनीतिक अतिक्रमण से मुक्त रखा जाये : समिति

रांची। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को पहाड़ी मंदिर परिसर में शिव भक्तों की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान राज्य सरकार के धार्मिक न्यास बोर्ड के निर्णयों का विरोध किया गया। इस दौरान धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि धार्मिक न्यास बोर्ड का राजनीतिक इस्तेमाल किया जा रहा है। न्यास बोर्ड द्वारा मंदिरों की समितियों को गलत तरीके से भंग किया गया है और मनमाने तरीके से बिना पूर्व की समितियों से कोई संवाद किये बगैर नई समिति का गठन कर दिया गया है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने मांग की है कि मंदिरों को राजनीतिक अतिक्रमण से मुक्त रखा जाये और मंदिरों की समितियों में स्थानीय और पूर्व में वर्षों से सेवा करते आए भक्तों व समिति सदस्यों की सहमति हो।

सावधान ! वरीय पुलिस अधीक्षक ने जारी किया आदेश

पुलिस का भी कटेगा चालान नहीं सुनी जायेगी कोई पैरवी

ट्रैफिक नियम सभी के लिए एक समान

खबर मन्त्र संवाददाता

पिछले दिनों एसएसपी खुद हेलमेट पहनकर ट्रैफिक नियमों की हकीकत देखने निकले थे...

रांची। सड़क हादसों में घायल होने वाले और हादसों में अपनी जान गंवाने वालों में पुलिस वाले भी शामिल होते हैं। ऐसा नहीं है कि सड़क हादसों में केवल आम लोग ही हताहत होते हैं। फर्क सिर्फ यही होता है कि पुलिस वाले जब वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े जाते हैं तो वह अपने आप को पुलिस होने का हवाला देकर बच निकलते हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने शुक्रवार को ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस कर्मियों के लिए अलग से आदेश जारी किया है।

आदेश में यह लिखा गया है कि प्राय ऐसा देखा जाता है कि रांची जिला में पदास्थापित पुलिस कर्मियों के द्वारा वाहन का उपयोग करते समय यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाता है जो बिल्कुल नियम संगत नहीं है। ट्रैफिक के नियम सभी के लिए एक समान हैं।

जारी आदेश में एसएसपी ने यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि रांची जिला में पदस्थापित एवं प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को यह आदेश दिया जाता है कि वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट इत्यादि का उपयोग आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करें। यदि दिए गए निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाता है तो यातायात नियमों के अनुसार जुर्माना के अलावा दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी।

एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पुलिस कर्मियों के द्वारा अक्सर वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट, सीट बेल्ट इत्यादि का उपयोग नहीं किया जाता है। जिसकी वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं और ऐसे में आमजन में पुलिस की छवि भी खराब हो रही है। यही वजह है कि उनके द्वारा एक लिखित आदेश सभी पुलिसकर्मियों के लिए निकल गया है। ट्रैफिक के पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वह आम जन और पुलिस कर्मियों में कोई फर्क ना करें। अगर पुलिसकर्मी भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं तो उन पर भी नियम संगत कार्रवाई करें और उनका चालान काटें।

15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक 'चलो करें आवास पूरा' अभियान चलेगा

रांची में पीएम आवास योजना ग्रामीण के 69831 आवास पूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अभियान चलाकर अपूर्ण आवासों को पूर्ण किया जायेगा। इसे लेकर शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित की गयी। इसमें रांची में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के लिए 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक 'चलो करें आवास पूरा' अभियान चलाया जायेगा। उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बैठक में अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य सभी अपूर्ण आवासों को पूर्ण करना है। पंचायत, गांव, टोला स्तर पर लाभुकों को आवास पूर्ण करने के निमित्त हर सहायता मुहैया करायें। अभियान का अनुश्रवण प्रतिदिन जिला स्तर से उपविकास आयुक्त के माध्यम से किया जायेगा। बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश यादव ने बताया कि जिला में 71813 में से 69831 आवास पूर्ण हो चुके हैं, शेष 1982 आवास अभियान के दौरान पूर्ण करने का लक्ष्य है।

बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, रांची धनबीर लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रखंडों के प्रमुख, उपप्रमुख, बीडीओ, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रखंड समन्वयक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रत्येक गुरुवार मनेगा लाभुक दिवस

बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में अपूर्ण आवासों की जानकारी ली। उन्होंने अपूर्ण आवासों के लाभुकों से डोर-टू-डोर संपर्क करने का निर्देश दिया। उपविकास आयुक्त ने कहा कि लाभुकों का आवास पूर्ण कराने के लिए उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सभी अपूर्ण आवास के लाभुकों के साथ प्रत्येक गुरुवार अनिवार्य रुप से लाभुक दिवस मनायें।

अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश

उपविकास आयुक्त द्वारा अभियान का जिला, प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि 16 सितंबर से प्रखंड स्तर में सभी पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मियों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें। अभियान के दौरान पूर्ण किए गए आवासों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गृह प्रवेश का आयोजन किया जायेगा। अभियान के बाद जिस प्रखंड में अपूर्ण आवासों की संख्या ज्यादा होगी, उस प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और प्रखण्ड समन्वयक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी आरंभ की जायेगी। अभियान का समापन जिला स्तर में समारोह का आयोजन कर किया जायेगा, जिसमें 100 प्रतिशत आवास पूर्ण करनेवाले पंचायत के मुखिया एवं प्रखण्ड समन्वयक को सम्मानित किया जायेगा।

चितरंजन के पार्टनर बनने से पूर्व ड्राइवर की नौकरी करता था अवधेश

जमीन के नाम पर दारोगा से 56 लाख रुपये की ठगी करने का आरोपी है चितरंजन कुमार

कांके गोलीकांड में चितरंजन, पंकज, कृष्णा नायक, शूटर नेपाली पर एफआइआर दर्ज

कुबेर सिंह

रांची। रांची पुलिस आज जिस चितरंजन कुमार एवं उसके पार्टनर की तलाश कर रहे हैं उसके खिलाफ पूर्व से ही ठगी का आरोप कांके थाना में दर्ज है। यह प्राथमिकी रिटायर्ड दारोगा ललन प्रसाद सिंह ने दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में जमीन के एवज में 56 लाख की राशि ठग ली है। यदि कांके पुलिस इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेती तो यह गोलीकांड रूक सकता था। लेकिन, कोई कार्रवाई न होता देख चितरंजन बैखौफ योजना को अंजाम देने की रणनीति तय कर रहा था। तय रणनीति के मुताबिक, उसने अपने ही ड्राइवर से पार्टनर बने अवधेश कुमार को गोली मरवा दी। दर्ज प्राथमिकी में पुलिस ने चितरंजन के अतिरिक्त आशुतोष, पंकज आदि की भी तलाश कर रही है।

दर्ज प्राथमिकी में क्या कहा है दारोगा ने : 19 जुलाई, 2023 को चितरंजन पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया कि कांके रोड में स्थित जगतपुरम में आठ डिसिमल का प्लॉट लिया था। जिसका एग्रीमेंट भी आशुतोष कुमार सिंह के नाम पर करवाया और एक बार 11 लाख तो एक बार 35 लाख तो उनके दामाद से 21 लाख रुपये ले लिया। जब जमीन रजिस्ट्री की बारी आई तो कहा गया कि अभी सात लाख रुपये देने बाकी है। जब पूरे रुपये मिल जायेंगे तब ही रजिस्ट्री होगी। दरोगा ने सात लाख रुपये भी दे दिये। जब दारोगा ने उस जमीन चार डिसिमिल में पिलर गड़वाया तो पिलर को उखाड़ दिया गया। कुछ लोग उसकी जमीन पर गये और पिलर को ही उखाड़ दिया। दारोगा ने सारे पैसे चेक और एकाउंट के जरिये ट्रांसफर किया है। जब भी वह रजिस्ट्री करने की बात करने जाते हैं तो उनलोगों के द्वारा धमकी दी जाती है कि उसका रसूख बड़े- बड़े लोगों से हैं। जान से मरवा देंगे।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कांके ब्लॉक ऑफिस के समीप जमीन कारोबारी पर हुई गोलीबारी मामले में पुलिस की जांच जारी है। कांके गोलीकांड में आरोपी चितरंजन सिंह, पंकज, कृष्णा नायक शूटर नेपाली समेत कई पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। यह प्राथमिकी अवधेश यादव के परिजनों ने जमीन कारोबारी चित्तरंजन सिंह, कुख्यात अपराधी कृष्णा नायक, पंकज और तीन अज्ञात शूटरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। लेकिन पुलिस के अलर्ट होने से पहले चितरंजन, कृष्णा नायक और पंकज तीनों ही भूमिगत हो गए। कांके पुलिस और एसआईटी ने गुरुवार की पूरी रात तीनों के कई ठिकानों पर रेड की लेकिन वे सब गायब मिले। पुलिस की टीम इन सभी की तलाश में शुक्रवार को भी दिन भर छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान में ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, एएसपी मामूल राजपुरोहित समेत शहर के थानेदार और पुलिसकर्मी जुट गये हैं।

जमीन विवाद बनी गोलीबारी की वजह

पुलिस की अब तक की जांच में यह तो साफ हो चुका कि गोलीबारी की मुख्य वजह जमीन विवाद ही है। पुलिस को पता चला है कि रांची के हॉट लिप्स के पास एक जमीन को लेकर चितरंजन, आशुतोष समेत अन्य लोगों के साथ अवधेश यादव का विवाद चल रहा था। हालांकि चितरंजन और अवधेश कभी जमीन के कारोबार में पार्टनर भी थे। घायल जमीन कारोबारी ने अस्पताल में दिए अपने बयान में भी चितरंजन का ही नाम लिया है।

जमीन कारोबारी की स्थिति स्थिर

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार घायल जमीन कारोबारी अवधेश यादव की स्थिति स्थिर है। जमीन कारोबारी को 6 गोलियां मारी गई थी, सभी गोलियां ऑपरेट कर निकाल दी गई हैं।

गोली चलाने वाला शूटर नेपाली की तलाश

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जमीन कारोबारी पर गोलीबारी करने वाला एक व्यक्ति नेपाली नाम का शूटर है। उसकी पहचान हो चुकी है। हालांकि वह भी अभी पकड़ से बाहर है। उसकी तलाश की जा रही है। रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि हमलावर जल्द पकड़े जाएंगे। उनके बारे में अहम सुराग हासिल हुआ है।

बर्ड्स ऑफ जामताड़ा पुस्तिका का किया लोकार्पण

पशु-पक्षियों के संरक्षण में सहभगिता जरूरी: स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने कहा है कि पशु-पक्षियों के संरक्षण में सबकी भूमिका आवश्यक है। श्री महतो शुक्रवार को बर्ड्स ऑफ जामताड़ा नाम की पुस्तिका का लोकार्पण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन को लेकर समाज को जागरूक होना होगा। उन्होंने कहा कि यह पुस्तिका पक्षी प्रेमियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। न केवल उनके प्रकृति दर्शन के आनंद को बढ़ायेगी। बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी कर सकेगी। दरअसल, जामताड़ा के वन प्रमंडल पदाधिकारी अजिंक्य बनकर ने यह किताब लिखी है। जामताड़ा जिला के पक्षी प्रेमियों में उत्साह जगाने के साथ-साथ उनके मार्गदर्शन के उद्देश्य से पुस्तिका लिखी गई है। जिसमें जामताड़ा जिले में पाई गई 160 पक्षी प्रजातियों की चर्चा है। मौके पर कई गण्मान्य उपस्थित थे।

सेल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले इस्पात सचिव एनएन सिन्हा

अवसर मिलते नहीं, उन्हें बनाना पड़ता है

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। इस्पात सचिव एनएन सिन्हा ने कहा कि अवसर मिलते नहीं, बल्कि उन्हें बनाना पड़ता है। श्री सिन्हा शुक्रवार को सेल सभागार में आयोजित जैव ईंधन के प्रभावी उपयोग पर अपनी तरह के पहले राष्ट्रीय सेमिनार 'बीआइओएस 2023' में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

उन्होंने शुरुआत में इंजीनियरिंग बिरादरी को बधाई दी और प्रतिभागियों को यह कहकर प्रेरित किया कि इस पर्यावरणीय चुनौती को शुरू करने के लिए देश के सर्वोत्तम इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस से अधिक कोई और शुभ दिन नहीं हो सकता था। उन्होंने आयोजकों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह कार्बन फुटप्रिंट की कठिन चुनौती से निपटने का अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सही प्रौद्योगिकियों को अपनाया जाये, तो वे हमें अपनी जड़ों की ओर वापस ले जायेंगी। झारखंड राज्य में हमारी जड़ें कई सहस्राब्दियों तक लौह निर्माण की अग्रदूत रही हैं। जैसे टांगीनाथ आदि में असुर और अन्य समुदाय बहुत पहले से ही ऐसी कठिन धातुकर्म प्रक्रियाओं में अग्रणी थे।

उन्होंने टिप्पणी की कि ग्लासग्लो, स्कॉटलैंड में 2070 तक शुद्ध कार्बन तटस्थता में भारत की प्रतिबद्धता हमें और जिम्मेवार बनाती है। उन्होंने भारत में बायोमास उत्पादन की पर्याप्तता के बारे में बतलाया कि 770 मीट्रिक टन कृषि. बायोमास के कुल उत्पादन में से केवल 220 मीट्रिक टन जैव ईंधन के रूप में उद्योग में उपयोग के लिए उपलब्ध था। ब्लास्ट फर्नेस में पूरे 20 प्रतिशत

बीआइओएस 2023

सेमिनार 'बीआइओएस 2023' का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि।

उपयोग के लिए जैव ईंधन की आवश्यकता है। इसके लिए 0.1 मिलियन हेक्टेयर जमीन बांस की खेती की आवश्यकता है, जो कोई बड़ी मांग नहीं है। हालांकि, परिवहन और संग्रहण के संदर्भ में कई चुनौतियां हैं। परिवहन के दौरान जैव ईंधन की अग्नि सुरक्षा तथा ब्लास्ट भट्टियों पर इसके प्रभाव पर भी ध्यान देने की जरूरत है। आने वाले दिनों में विकेंद्रीकरण ही कुंजी होगी, जो किसान स्तर पर अर्ध-प्रसंस्करण के लिये ग्रामीण नौकरियों को सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि इस्पात क्षेत्र को वैधानिक आदेश के लिए तैयार रहना चाहिए। जैसे बिजली संयंत्रों को अनिवार्य रूप से 5 से 10 प्रतिशत बायोमास छर्रों का उपयोग करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा, इस्पात शोधकर्ताओं को जैव ईंधन के 20 प्रतिशत चार्ज मिक्स के संवर्द्धन पर ध्यान देना चाहिए। उपकरण निमार्ता को भी इस चुनौती में स्टार्टअप के साथ शामिल होना चाहिए। तभी हम भावी पीढ़ी के लिए पृथ्वी को बेहतर स्थिति में छोड़ सकेंगे।

उन्होंने इस्पात निर्माण में जैव ईंधन के लिए राष्ट्रीय मिशन के लिए एक खाका विकसित करने का सुझाव दिया, जो इस्पात की बड़ी डीकार्बनाइजेशन पहल का हिस्सा हो सकता है। इस्पात और कृषि के शोधकर्ताओं, जैव ईंधन उत्पादकों, प्रौद्योगिकीविदों, शिक्षाविदों ने एक ही छत के नीचे तकनीकी विचार-विमर्श शुरू किया है। यह आने वाले दिनों में एक विपुल पर्यावरणीय यात्रा का आधार बन सकता है।

उद्घाटन सत्र में श्री सिन्हा के अलावा ए भौमिक, बीपी सिंह, एन बनर्जी ने उदगार व्यक्त किये। इस अवसर पर अतानु भौमिक ने वैज्ञानिक समुदाय से आग्रह किया कि बायोमास अब केवल शैक्षणिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह अब एक आवश्यकता है। बीपी सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज सबसे अधिक चर्चित वैश्विक विषय है और 8 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन के साथ हम वर्ष 2030 तक 300 एमटी स्टील उत्पादन करके पर्यावरण की क्षति नहीं कर सकते हैं। एन बनर्जी ने सभी गण्यमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। डॉ रक्षित ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

सहोदय दे रहा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्यों को प्रशिक्षण

कार्यशाला का उद्घाटन करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। डॉ एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जेइपीसी) के तत्वावधान में राज्य के 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रति विद्यालय एक शिक्षक के लिए 15 एवं 16 सितंबर को ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग कार्यशाला का डीपीएस में शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के प्राचार्यों को सीबीएसई के अंतर्गत संचालन की मानक प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण देना है ताकि 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों के संचालन की व्यवस्था को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा निर्धारित तय मानकों के अनुरूप किया जा सके। इस कार्यशाला में 80 उत्कृष्ट विद्यालय के 165 डेलिगेट्स शामिल हुए हैं।

इस मौके पर डीपीएस के प्राचार्य व सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, के अध्यक्ष डॉ राम सिंह ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उदेश्य विद्यालयों के प्राचार्यों की जिम्मेदारियों,कौशल विकास, डेवलपिंग कम्पेटेन्सीज, पेडगोजिकल प्लानिंग आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाना है।

सीआइटी में समारोहपूर्वक मनाया गया इंजीनियर्स डे

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी) में शुक्रवार को 56वां इंजीनियर्स डे समारोह पूर्वक मनाया गया। मौके पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर राज कमल सिंह (एसोसिएट पार्टनर ग्रांट थोर्णटेन) और विशिष्ट अतिथि पूर्ववर्ती छात्र आशीष कुमार मिश्रा (चीफ मैनेजर, केनरा बैंक) एवं सैयद सैफ रहमान (सेल्स हेड, स्कीनंडलर इंडिया प्रा. लि.) थे। प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं उनका परिचय कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत

कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में इंजीनियर्स डे मनाते लोग।

रत्न डॉ एम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गयी। विषय प्रवेश कराते हुए एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ शालिनी सिंह ने सर विश्वेश्वरैया के जीवन पर प्रकाश डाला और अभियंत्रण के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान की चर्चा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंजीनियर राजकमल सिंह ने कहा कि समाज के उत्थान में अभियंताओं की भूमिका काफी अहम है। नित नये तकनीकों और तेजी से बदलती दुनिया के साथ कदमताल कर हमें मानव विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होता, बस फोकस कर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के लिए कई टिप्स भी दिये।

मौके पर डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो दीपक कुमार वर्मा, डॉ ए भट्टाचार्य, डॉ डीके सिंह, डॉ बीएस सिंह, डॉ रणवीर कुमार, डॉ पीएस शर्मा, आयोजक कमिटी के डॉ पवन कुमार, प्रो एसएस धाल, प्रो आलोक सिंह, प्रो विनीत कुमार, प्रो रितेश कुमार के अलावे सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व शिक्षक उपस्थित थे।

पूरे विश्व में हो हिंदी का बोलबाला : सुनील सिंह

बीआइटी लालपुर में मनाया गया हिंदी दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बीआइटी लालपुर राजभाषा विभाग और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व उद्घोषक सुनील सिंह बादल थे। उन्होंने हिंदी की विस्तार और उसकी जरूरत विषय पर विचार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि हिंदी में बात करने और अपने जीवन में उसकी जरूरत होती जा रही हैं। पूरे विश्व में हिंदी का बोलबाला होना चाहिए।

निदेशक डॉ वंदना भट्टाचार्य ने मातृ भाषा को समझने और बोलने से ही सर्वगुण संपन्न माना जाता हैं। इसलिए हम अपनी मातृभाषा के प्रति सजगता के साथ रहने की जरूरत महसूस करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रदीप मुंडा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस के संयोजक डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव ने किया।

मौके पर डॉ अमृता प्रियम, डॉ प्रणव कुमार, डॉ अरुण सिंह, सोमित्रो चक्रवर्ती, डॉ सोमनाथ, डॉ महुआ, डॉ एनके सिंह, मनोज कुमार, डॉ शांतनु सिंह, निकिता, आयुषी, अनीश, आशीष, आस्था, आदित्य आदि उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वीमेन लगायेगा हेल्थ चेकअप कैंप

रांची। फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वीमेन की ओर से वीमेन फ्री सुपर स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन 17 सितंबर को किया जाएगा। यह जानकारी प्रेस वार्ता में फेड्रेशन ऑफ मुस्लिम वूमेन की अध्यक्ष खुशबू खान ने दी। उन्होंने कहा कि कैंप सुबह 11:00 से 3:00 बजे तक रहेगा। इस कैंप में जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, पेडियाट्रिक विशेषज्ञ समेत कई विशेषज्ञ डॉक्टर जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क परामर्श और काउंसलिंग करेंगे। साथ ही कैंप में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स वजन, फ्री आई टेस्ट, फ्री दवा वितरण समेत कई तरह की जांच की जाएगी।

इस हेल्थ कैंप में मिस एंड मिसेज किचन क्वीन 2023 का भी आयोजन किया जाएगा। इसकी थीम होगी हेल्दी और टेस्टी फूड जिसके जज होंगे सेफ सौरभ सेन जिसमें महिलाएं घर से बनी और टेस्टी फूड बनाकर लाएंगी। स्काइप में छोटे-छोटे बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चे तरह-तरह के खेलों में भाग लेकर अपनी फिजिकल एक्टिविटीज को बढ़ाएंगे। खुशबू खाने कहा कि यह मेडिकल कैंप जरूरतमंदों के लिए लगाया जा रहा है जिसका रजिस्ट्रेशन काउंटर में करा सकते हैं। प्रेस वार्ता में निखत कैसर वारसी, सादिया फुजैल, तसलीमा परवीन, नजमा नेहा, सदफ यासमीन, शबाना परवीन, शहला जबीं, नसरीन शेख और नाजिया रजा मौजूद थी।

तीन दिवसीय क्लोज्ड चैंपियनशिप शुरू

रांची। झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ एवं एसआरएफआई के तत्वावधान में तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड चैंपियनशिप का उद्घाटन शुक्रवार को अलबर्ट एक्का चौक स्थित क्रास कोर्ट में हुआ। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखण्ड ओलिंपिक एसोसिएशन महासचिव मधुकांत पाठक एवं कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र नाथ दुबे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर श्री पाठक ने कहा कि रांची जैसे शहर में इस तरह के आयोजन होना सुखद संकेत है। इस चैंपियनशिप के बाद खिलाड़ी देश विदेश में झारखंड का नाम करें, इसके लिए सभी को शुभकामनाएं देते हैं। श्री दूबे ने भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री वरुण कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कोच आशिष कुमार बनर्जी एवं ओनर क्रास कोर्ट के आर्यन, पुनीत] सुभाष सिंह मुंडा, सुभाष गांगुली तथा चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी एवं उनके अभिभावक भी मौजूद थे। चैंपियनशिप में ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल, टोरियन वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह जानकारी विपुल अग्रवाल ने दी।

अमावस्या पर खाटू नरेश के महास्नान का अनुष्ठान उत्सव संपन्न

रांची। जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो बाबा श्याम के करण प्रिय भजनों के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर शुक्रवार को गूंज रहा था। अवसर था भाद्रपद कुशोत्पाटनी पिठौरी अमावस्या पर खाटू नरेश के महास्नान अनुष्ठान उत्सव का। आज प्रात: 5:30 बजे मंगला आरती व बाल भोग अर्पित करके गर्भ गृह के पट बंद करके महास्नान अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के सभी आचार्यों ने खाटू नरेश को गंगाजल, दूध, दही, शहद, गुलाब फूल, केसर, गुड़, इत्र के महामिश्रण से महास्नान करवाया। खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए फूल मालाओं से सजाया गया। भोग अर्पित कर प्राप्त 8:30 बजे विशेष श्रृंगार आरती की गई। खाटू नरेश के श्याम रूप के दर्शन कर भक्त भाव विभोर हो रहे थे।

केरैटिन केयर ने मनायी वर्षगांठ

रांची में पहली बार 'एज लॉक एस्थेटिक फेशियल' लांच

केरैटिन केयर की वर्षगांठ मनाते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। विश्वस्तरीय केरैटिन सर्विस के लिए मशहूर एवं रांची शहर के पसंदीदा ब्यूटी सलून प्रतिष्ठान केरैटिन केयर ने अपना एक वर्ष पूरा कर लिया। इस मौके पर रांची क्लब कांप्लेक्स परिसर में मौजूद केरैटिन केयर प्रतिष्ठान ने अपनी पहली वर्षगांठ मनायी। इस अवसर पर केरैटिन केयर ने रांची में पहली बार 'एज लॉक एस्थेटिक फेशियल' लांच किया।

केरैटिन केयर की पहली वर्षगांठ पर ग्राहकों को विशेष छूट दी जा रही है। आज बुकिंग करनेवाले ग्राहक यहां आई ब्रो, फेशियल, मैनीक्योर, पैडिक्योर, हेयर ट्रीटमेंट, बॉडी पॉलिशिंग सहित हेयर और नेल एक्सटेंशन एवं आई लैशेज के साथ-साथ यहां उपलब्ध सभी सुविधाओं का लाभ 50 प्रतिशत की छूट के साथ उठा पायेंगे। इस अवसर पर प्रतिष्ठान की संचालिका श्रीमति माधुरी सिंह ने मीडियाकर्मियों की मौजूदगी में अपने कर्मचारियों संग केक काटकर खुशियां मनायी। केरैटिन केयर की वर्षगांठ के मौके पर उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए माधुरी सिंह ने बताया की बचपन से ही इस क्षेत्र में उनकी रुचि रही है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका मुख्य लक्ष्य है। केरैटिन केयर के ट्रेनर सैकत ने बताया कि वे देश के बड़े-बड़े ब्रांड प्रतिष्ठानों में ट्रेनिंग देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि रांची के लोग सीखने में माहिर हैं। केरैटिन केयर के कर्मचारी काफी सहृदय एवं जानकार हैं। केरैटिन केयर रांची जैसे शहर में भी दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु एवं अन्य बड़े शहरों जैसी उत्तम सेवाएं दे रही है, जो उन शहरों के मुकाबले काफी सस्ती है। उन्होंने बताया कि केरैटिन केयर में ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाती है।

अर्चित आनंद बने एफएआइ के जन सूचना पदाधिकारी

रांची। झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्चित आनंद को फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआइ) का जन सूचना पदाधिकारी बनाया गया है। एफआई में पूरे देश से आने वाले सभी तरह की आरटीआई यानि सूचना के अधिकार के तहत माँगे जाने वाली जानकारियों को ये देखेंगे। अपनी नियुक्ति पर इन्होंने एफआई के महासचिव राजीव मेहता एवं अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। झारखंड फेंसिंग के जय कुमार सिन्हा, संजेश मोहन, करमवीर एवं अन्य ने बधाई दी है।

डॉक्टर-इंजीनियर बनने का झूठा सपना दिखा बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसा रहे कोचिंग संस्थान : दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा है कि कोचिंग संस्थानों की वजह से बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं। कोटा में रांची नामकुम की बच्ची के सुसाइड की घटना के लिए पूरी तरह से कोचिंग इंस्टीट्यूट जिम्मेदार है। पासवा अध्यक्ष ने शुक्रवार को बच्ची की माता से मोबाइल पर बात करने के बाद बताया है कि वार्ता के दौरान रोते हुए बच्ची की मां ने कहा जिस बच्ची को भविष्य गढ़ने के लिए कोटा भेजा था, उस बच्ची का कोटा में अंतिम संस्कार कर दिल्ली में अस्थियां विसर्जित की हैं। परिजनों के शनिवार को वापस रांची लौटने की संभावना है।

आलोक दूबे ने कहा है कि एक तरफ सरकार नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों पर पढ़ाई का बोझ कम करने के लिए प्रयासरत है। वहीं ये कोचिंग इंस्टीट्यूट बच्चों में कोर्स का अनावश्यक दबाव बनाकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर रहे है। यही कारण है कि पिछले दिनों कोटा में सरकार ने कोचिंग इंस्टीट्यूट द्वारा प्रतिस्पर्धा के नाम पर लिए जाने वाले सभी टेस्ट पर रोक भी लगा दी थी। उन्होंने कहा है कि वास्तव में यदि ध्यान से देखा जाए तो इन कोचिंग संस्थानों से सक्सेस का रेट शून्य प्रतिशत है। जो भी बच्चे सफल होते हैं, वह खुद के मेहनत से सफल होते हैं। उन्होंने कहा है कि इन कोचिंग संस्थानों के शिक्षकों के लिए कोई डिग्री की अनिवार्यता नहीं होती। इसलिए ज्यादातर कोचिंग संस्थानों के शिक्षकों के पास शैक्षणिक डिग्री का भी अभाव होता है। कई बार मैट्रिक और इंटर पास शिक्षक इन कोचिंग संस्थानों में बच्चों को पढ़ते नजर आते हैं। सरकार को चाहिए कि इन संस्थानों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की डिग्री जांच करें। वहीं, उन्होंने झारखंड सरकार से अनुरोध किया है कि अविलंब कोचिंग संस्थानों के लिए नियमावली बनाये।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की तीसरी वर्षगांठ मनायी गयी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/इंदौर। भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की तीसरी वर्षगांठ का आयोजन मध्य प्रदेश के इंदौर में किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व विभागीय संयुक्त सचिव राजकुमार गुप्ता, मत्स्य निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी, मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने किया। साथ ही, समारोह में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से लाभान्वित मत्स्य कृषक रूपम गंझू, गुडडू बैठा, एवं कलेश

नायक प्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री पुरूषोतम रूपाला ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिये योजनाओं का लाभ उठायें। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंर्तगत मत्स्य पालन में वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर अधिकतम उत्पादन के रिकार्ड स्तर तक पहुंचने का प्रयास करें। आरएएस बायोफ्लोक, केज कल्चर आदि नई तकनीक से मछली उत्पादन अधिक से अधिक प्राप्त करने की योजना मूर्त रूप ले रही है। विगत तीन वर्षों में तकरीबन अतिरिक्त तीन लाख टन मत्स्य उत्पादन में वृद्धि पूरे देश में हुई है। इसमें झारखंड के सभी जिलों के जिला मत्स्य कार्यालय वर्चुअल मोड से जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिये। मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 मत्स्य कृषक एवं विभागीय पदाधिकारी वर्चुवल मोड से जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिये।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तीन वर्षों की उपलब्धियों तथा आगे के लक्ष्य पर परिचर्चा की गयी। इस योजना को सफल बनाने में झारखंड सरकार का भी योगदान महत्वपूर्ण रहा है। यह योजना झारखंड के हर जिले के मत्स्य कृषकों को मिला है।

साई नाथ विवि में राष्ट्रीय अभियंता दिवस का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग विभाग में शुक्रवार को राष्ट्रीय अभियंता दिवस (नेशनल इंजीनियर्स डे) का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने भारत रत्न से सम्मानित एम विश्वेश्वरैया के चित्र पर मल्यापर्ण कर कार्यकम का शुभारंभ किया।

कुलपति प्रो अग्रवाल ने डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं माइनिंग) के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए अभियंताओं के कठोर

साईं नाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अभियंता दिवस मनाते लोग।

परिश्रम, उनके योगदान और कार्यों के लिए उनका आभार जताया। साथ ही, कुलपति ने इंजीनियर्स डे के महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि एम विश्वेश्वरैया अपने जीवनकाल में राष्ट्र निर्माण के लिए कई बांधों, जलाशयों और जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण किया था। उनके योगदान के उपलक्ष्य में उनके जन्मदिन को देश में हर साल इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है। साथ ही, अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं और भविष्य के इंजीनियरों की पीढ़ियों को खुद से अलग करने एवं देश के लिए कुछ नया करने के लिए प्रेरित किया।

इंजीनियर्स डे पर डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल एवं माइनिंग विभाग के विभागाध्यक्षों, शिक्षक-शिक्षकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष प्रो अंकित वर्मा, प्रो अशोक सुमन अंबेडकर, प्रो सुनिता कुमारी, प्रो एनुल हक एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के विकास का आधार : सुबोधकांत

जलसा सीजन 1 प्रदर्शनी का हुआ समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मशहूर फैशन डिजाइनर हनी मीढा सिन्हा द्वारा 13 सितंबर से 15 सितंबर तक अपर बाजार स्थित अग्रसेन भवन में तीन दिवसीय जलसा सीजन 1 प्रदर्शनी के समापन समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी की जितनी सराहना की जाए कम है। एक छत के नीचे महिला उद्यमियों और उनके हुनर को देख

कर बहुत खुशी हो रही हैं। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह पहल काफी सराहनीय है। महिलाओं का सशक्तिकरण हमारे समाज के विकास का आधार है और उनके नेतृत्व विशेष रूप से जमीन स्तर पर हमारे समावेशी और दीर्घकालिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

आयोजनकर्ता हनी मिड्ढा सिन्हा ने बताया कि जलसा सीजन 1 प्रदर्शनी का आयोजन महिलाओं के स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रदेश भर की महिलाओं ने अपने हस्तशिल्प और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में आए सभी ग्राहकों ने महिलाओं के उत्पादों की सलाहना की। इस प्रदर्शनी के माध्यम से हमने महिलाओं को अपने हुनर को दिखाने का अवसर प्रदान किया। इस आयोजन में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में महिला परिधान, डिजाइनर कपड़े, गहने, आर्टिफिशियल गहने, गिफ्ट आइटम, बच्चों की वस्तुएं, खिलौने आदि उत्पादों को लोगों ने काफी पसंद किया। प्रदर्शनी में टैरो कार्ड रीडर शालिनी सिंह से लोगों ने अपने भविष्य के लिए सलाह लिया।

स्पीड न्यूज

सिल्ली : रेल टेका कार्यक्रम को लेकर सिल्ली पुलिस अलर्ट

सिल्ली। विकास मोर्चा द्वारा आहुत रेला टेका कार्यक्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसको लेकर सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को सिल्ली थाना में थाना प्रभारियों के साथ एख बैठक की। बैठक में सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप मुरी ओपी प्रभारी विपुल कुमार झा मुरी जीआरपी प्रभारी जमादार सिंह मुंडा एवं मुरी आरपीएफ के रुपेश कुमार शामिल हुए। 20 सितंबर को कुर्मी विकास मोर्चा के रेल टेका कार्यक्रम के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई । वहीं डीएसपी ने सभी थानों को चौकस बरतने सतर्क रहने का निर्देश दिया।

अनगड़ा : अंचलाधिकारी ने पदभार संभाला

अनगड़ा। अनगड़ा के नए अंचल पदाधिकारी राजू कमल ने शुक्रवार को निर्वतमान अंचल पदाधिकारी पुष्पक रजक से प्रभार ग्रहण किए। अंचल पदाधिकारी का उप प्रमुख जयपाल हजाम ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर नए अंचालाधिकारी ने कहा कि प्रमाण पत्र निर्गत करने तथा भू राजस्व से संबंधित जनता के कार्यों को वे बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे। मालूम हो कि यहां ऑन लाईन प्लॉट इन्ट्री में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां है। जिसके चलते आम रैयतों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रभार ग्रहण करने के मौके पर टीएससी के सदस्य जमल मुंडा अंचल निरीक्षक रवि रमेश आदि मौजूद थे।

नरकोपी स्वास्थ्य मेला में 315 लोगों की जांच

बेड़ो। सीएचसी बेड़ो के तत्वावधान में शुक्रवार को नरकोपी थाना परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसमें 315 लोगों का स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही दवा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। मेला को सफल बनाने में डॉ कुसुम लता डॉ प्रियंका डॉ अर्चना डॉ सुमन एक्का डॉ राजीव रंजन आदि शामिल थे।

नर्सिंग में शिवकुमार को मिली डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि

बुढ़मू। गुरुगाईं निवासी शिवकुमार तिवारी को मार्यलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए की ओर से नर्सिंग एजुकेशन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर शुक्रवार को नई दिल्ली में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई। डॉ तिवारी द्वारा पिछले 2009 से ठाकुरगांव में नर्सिंग विद्यालय खोलकर सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सफल नर्सिंग शिक्षा दिया जा रहा है। डॉ तिवारी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षाविद लक्ष्मी नारायण तिवारी, डॉ हरी नारायण तिवारी, डॉ श्रीकांत पांडेय, डॉ पल्लवी पांडेय, डॉ अनिल, राधाकांत तिवारी रामाशीष पांडेय समेत अन्य ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

कांके में जमीन कारोबारी पर गोली चलाने का मामला

तीन जमीन कारोबारियों को खोज रही है पुलिस

अवधेश की हालत चिंताजनक, आइसीयू में भर्ती, बाइक बरामद

- डोरंडा, पिठोरिया नामकुम थाना क्षेत्र के हैं साजिशकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

कांके। कांके थाना क्षेत्र के ब्लॉक कार्यालय के समीप गुरुवार को हुए जमीन कारोबारी 45 वर्षीय अवधेश कुमार उर्फ अवधेश यादव पर जानलेवा हमला मामले में पुलिस को तीन जमीन कारोबारियों की तलाश है। इसमें एक डोरंडा, एक पिठोरिया और एक नामकुम थाना क्षेत्र के साजिशकर्ता का नाम पुलिस को मिला है। ये सभी साजिशकर्ता भी जमीन कारोबारी ही हैं। परिजनों और विश्वास सूत्रों ने बताया कि गोली लगने के बाद अवधेश को पल्स हॉस्पिटल लाया गया, तो कांके पुलिस की एक अधिकारी ने अवधेश का फर्द बयान भी लिया और इसकी वीडियोग्राफी भी मोबाइल से कराई गई, लेकिन इस मामले पर कांके थाना पुलिस कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। घटना के बाद भागने के लिए अपराधियों द्वारा प्रयोग में लायी गई बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

भीठा, चौड़ी गांव में किया है जमीन का एग्रीमेंट

अवधेश कुमार उर्फ अवधेश यादव अपने एक पार्टनर के साथ मिलकर अलग से जमीन का कारोबार कांके थाना क्षेत्र के भीठा, चौड़ी गांव मौजा में कर रहा था। यहां पर अवधेश ने लगभग 5 से 8 एकड़ जमीन मालिकों से एग्रीमेंट कराए हुए था। इसकी वर्तमान कीमत करोड़ों में है। जिसे बेचने की तैयारी चल रही थी। सूत्रों की मानें तो इस जमीन पर पहले से कुछ जमीन कारोबारी की नजर थी, लेकिन अवधेश इस जमीन को एग्रीमेंट कर लिया था। जिससे उक्त जमीन कारोबारी अवधेश से खार खाए हुए थे और अवधेश की हत्या की साजिश इन लोगों ने रच डाली और घटना को 14 सितंबर को अंजाम दे दिया।

सनातन धर्म का अपमान : साइंस विजन स्कूल में अभिभावकों ने किया हंगामा

नाटक मंचन कराने वाले शिक्षक को स्कूल प्रबंधन ने हटाया, कहा- नहीं होगी ऐसी गलती

खबर मन्त्र संवाददाता

ठाकुरगांव। कांके प्रखंड के साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा में शुक्रवार को अभिभावकों ने सनातन धर्म का अपमान करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जानकारी के अनुसार विगत 14 सितंबर को स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह सह कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन समारोह आयोजित था। अभिभावकों का आरोप था कि उक्त कार्यक्रम में सनातन धर्म का अपमान दर्शाते हुए एक नाटक का मंचन किया गया था। अभिभावकों ने दोषी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर लगभग दो घंटे तक अड़े रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त नाटक का मंचन कराने वाले स्कूल के शिक्षक मोइनुल इस्लाम को विद्यालय प्रबंधन ने स्कूल से निष्कासित कर दिया। साथ ही भविष्य में ऐसी गलती नहीं करने की बात कही।

अभी तक हमें मामले की जानकारी नहीं मिली है। मामले की जांच की जाएगी। इसके बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।
सुरेश कुमार चौधरी, कांके बीईईओ।

क्या कहता है स्कूल प्रबंधन

मामले पर शिक्षक मोइनुल इस्लाम ने कहा कि जल्दबाजी में उक्त नाटक का मंचन हो गया। हमलोग सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। स्कूल के निदेशक आसिम अख्तर ने कहा कि कल जो हुआ वह गलत था। अभिभावकों की भावना को देखते हुए शिक्षक को स्कूल से निकाल दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में स्कूल में ऐसी गलती नहीं होगी। इसके बाद मामला शांत हो गया और सभी लोग अपने घर वापस चले गये।

कृषक उवि के शिक्षक निरंजन ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

स्कूल में बच्चियों की पिटाई का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। थाना कांड संख्या 342/23 के नामजद अभियुक्त निरंजन कुमार महतो ने शुक्रवार की दोपहर प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी आरके पांडेय की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। वह कृषक उच्च विद्यालय गड़री गुडू के सहायक शिक्षक हैं। इससे पहले पुलिस विद्यालय के सचिव अशोक महतो और प्राचार्या सीमा कुमारी को 4 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उप प्राचार्या स्वेता तिर्की ने 13 को आत्मसमर्पण की थी। आरोपियों के पक्षकार झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह ने यह जानकारी दी। बताते चलें कि विद्यालय के सचिव और शिक्षक-शिक्षिकाओं पर 10वीं की छात्रा साक्षी, असिता और रिया कुमारी के साथ 22 अगस्त को दिन के साढ़े तीन बजे छड़ी से पिटाई कर जख्मी कर दिये जाने का आरोप है। इसके बाद परिजनों की फटकार से आहत होकर साक्षी कुमारी ने घर में रखे कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। 28 अगस्त की सुबह इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गयी थी।

एक नजर में

वेतन मांगने पर 36 मजदूरों को ठेकेदार ने निकाला

खलारी/पिपरवार। आरसीएम साइडिंग में कार्यरत 36 असंगठित मजदूरों ने पिपरवार प्रबंधन के समक्ष पांच माह का वेतन भुगतान की मांग करने पर ठेकेदार ने साजिस के तहत निकाला। असंगठित मजदूर का कहना है कि आरसीएम2 साइडिंग में पांच माह से बिना वेतन दिए ही कार्य कराया जा रहा था। सभी मजदूर प्रबंधन के समक्ष वेतन भुगतान का आग्रह किया गया। अधिकारियों व ठेकेदारों की साजिश के तहत निकाल दिया गया।

रातू : करम पूर्व संध्या समारोह आज, तैयारी पूरी

रातू। प्रकृति पर्व करमा पूजा महोत्सव को लेकर प्रखंड परिसर में शनिवार को पूर्व संध्या मनाया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। हजारों की संख्या में ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधियों का जुटान होगा। करमा गीत, संगीत व नृत्य पर युवक-युवतियां मांदर की थाप पर थिरकेंगे। समारोह में आदिवासी कला व संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इस दौरान प्रमुख, बीडीओ, सीओ, थानेदार, उप प्रमुख, जिप सदस्य, मुखिया, सरपंच, राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक अगुआ, वरिष्ठ नागरिक, पाहन, कोटवार, महतो व पईनभरा आदि सम्मानित किये जायेंगे।

बैंक में जगह-जगह लगायें अलार्म स्विच

- मांडर क्षेत्र के बैंक अधिकारियों संग पुलिस ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

मांडर। थाना परिसर में शुक्रवार को सर्किल इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर और थाना प्रभारी बिनय कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र के सभी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान बैंकों के अंदर सायरन स्विच सहित सिक्योरिटी को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सर्किल इंस्पेक्टर ने बैंक अधिकारियों से कहा कि बैंक में रोजाना होने वाले लेनदेन को सुरक्षित कैसे बनाया जाए। इसको लेकर आज बैठक की जा रही है इस बैठक के बाद सभी बैंकों के अधिकारियों को बैंक के अंदर जगह जगह पर अलार्म स्विच और ज्यादा नगद निकासी को लेकर सतर्कता बढ़ाने को कहा गया है साथ ही बैंकों के द्वारा संचालित सीएसपी केंद्रों को भी कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादा कैश के लेनदेन करने वाले लोगों को सुरक्षित उनके स्थान पर तक पुलिस कैसे भेजें। इसके भी उपाय किए जा रहे हैं। बैंक के अधिकारियों से कहा गया कि सभी बैंकों के उच्च अधिकारियों से बात कर एक प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड भी बैंक को मुहैया कराई जाए साथ ही क्षेत्र में लगे एटीएम पर भी आवश्यक सुरक्षा के उपाय किए जाएं। इस बैठक में क्षेत्र के सभी बैंक अधिकारी व प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी सीएसपी केंद्रों के संचालक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

हड़ताली ट्रक मालिक सामूहिक रूप से करेंगे विश्वकर्मा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। थानों में वसूली से परेशान प्रखंड क्षेत्र के ट्रक व हाइवा मालिक हड़ताल पर हैं। सभी वाहन मालिक अपने-अपने वाहनों को अंचल मैदान में खड़ा कर ट्रक एसोशिएसन के बैंनर तले अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा है। इसे लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। बताया गया कि शनिवार को क्षेत्र के क्रशर संचालकों के साथ बैठक होगी, जिसमें राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू और विधायक राजेश कच्छप भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो सभी वाहन मालिकों द्वारा अंचल मैदान में ही सामूहिक रूप से विश्वकर्मा पूजा किया जाएगा। निर्णय लिया कि वाहन मालिकों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विश्वकर्मा पूजा के बाद आंदोलन तेज किया जाएगा।

मौके पर थे मौजूद

मौके पर ट्रक एसोशिएसन ओरमांझी के अध्यक्ष कृष्णा साहू, सचिव इसराफिल अंसारी, कोषाध्यक्ष सुभम स्वरूप उर्फ हैप्पी, उपाध्यक्ष अमित कुशवाहा, नारायण महतो, महावीर यादव, कलीम अंसारी, इंदर महतो, सुनिल महतो, नीरज पांडेय, सूरज साहू, भोला साहू, वकील साहू मौजूद थे।

अभियंता दिवस : काबिल इंजीनियर बनने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी

सिल्ली। सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में शुक्रवार को महान अभियंता एवं राजनयिक मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या के जन्मदिवस के अवसर पर अभियंता दिवस मनाया गया। मौके पर कॉलेज के सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकगण ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर एक कार्यकर्म का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रोजेक्ट्स तथा मॉडल्स प्रस्तुत किया। मैकेनिकल संकाय के एचओडी राजेश गुरिया ने सभी छात्र छात्राओं के प्रयास का सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और कहा कि कड़ी मेहनत से ही एक काबिल इंजीनियर बना जाता है। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य शमीर शर्मा ने भी छात्र छात्राओं का प्रोत्साहित करते हुए कई सुझाव दिए। मौके पर दीपक महतो, सुमित कुमार, अरुणकांति मननो आदि मौजूद थे।

खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दें खिलाड़ी

फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। युवा विकास क्लब नौदी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार को फाइनल मैच के साथ किया गया। इस फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सह जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी उपास्थित हुए। फाइनल खेले गए मैच में न्यू स्टार प्रयागो के टीम ने शिवशक्ति क्लब हुरहुरी की टीम को पेनाल्टी में टीन के मुकाबले चार गोल से हराया और दूसरी बार खिताब पर कब्जा किया। वहीं टूर्नामेंट में तीसरा स्थान जमगाई की टीम और चौथा स्थान करगे की टीम ने हासिल किया। इन सभी टीमों को अतिथियों के द्वारा खस्सी और नगद देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशुतोष तिवारी ने कहा मैं आयोजकों का शुक्रगुजार हूं जो मुझे यहां बुलाया। आप सभी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ें। यहां अच्छे खिलाड़ियों का सही सम्मान नही मिल पाता है। क्योंकि यहां मूल भूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी ध्यान देने की जरूरत है। मैं खेल को आगे बढ़ाने के लिए भरपूर प्रयास करूंगा।

जिला बाल संरक्षण इकाई, सिमडेगा
महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

शुद्धि पत्र

1. समेकित बाल संरक्षण योजना (ICPS) पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी व्यक्तियों से आवेदन विज्ञापन PR 306233 Simdega (23-24)D दिनांक 06.09.2023 द्वारा आमंत्रित किया गया है।
2. पूर्व में प्रकाशित उक्त विज्ञापन में उल्लेखित नियम एवं शर्ते की कंडिका 1 में अंकित उम्र की सीमा की गणना 01.08.2021 के स्थान पर 01.08.2023 पढ़ा जाए।
3. साथ ही, पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं0 PR 306233 Simdega (23-24)D दिनांक 06.09.2023 में निर्धारित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.09.2023 के स्थान पर 26.09.2023 पढ़ा जाय। इस अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. विज्ञापन सं0 PR 306233 Simdega (23-24)D दिनांक 06.09.2023 में उल्लेखित अन्य सभी नियम एवं शर्ते पूर्ववत् लागू रहेंगी।

उपायुक्त
सिमडेगा
PR 307065 Simdega(23-24)#D

रातू : स्वास्थ्य मेले में 175 मरीजों की हुई जांच, मुफ्त में मिली दवा

रातू। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख संगीता देवी, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, उप प्रमुख रेयाजूल अंसारी, सीएचसी प्रभारी आइएस होरो ने दीप प्रज्वलित कर किया। सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ायी जायेगी। गांव-गांव में शिविर लगा समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इस दौरान 175 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। शुगर, बीपी, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारी की जांच के लिये 167 लोगों से ब्लड सैंपल लिये गये। वहीं आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत 20 लोगों का कार्ड बनाया गया। इससे ग्रामीण बेहद उत्साहित दिखे। मौके पर डॉ सुजीत कश्यपए डॉ प्रीतिए डॉ मधुरिमा, डॉ ट्विंकल, डॉ स्नेहा, डॉ जयचंद्रा निराला, वैशाली कृष्णा, अभिषेक तिवारी, सुनीता कुमारी व प्रकाश गोप आदि मौजूद थे।

बीएयू के कार्य एवं संयत्र विभाग में मनाया गया इंजीनियर दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

कांके। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके के कार्य एवं सयंत्र विभाग में इंजीनियर दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कुलपति ओंकार नाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इंजीनियर व्यवसाय पुरे विश्व में तेजी से विकसित हो रहा है। विश्व सहित भारत देश के प्रगति में इंजीनियरों का बहुत बड़ा योगदान है सुई से लेकर हवाई जहाज और चंद्रयान-3 तक के इस विकसित प्रणाली की सफलता का श्रेय इंजीनियरों को ही जाता है। मौके पर एम विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति को बुके देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर इंजीनियर मनीष कुमार रत्नेश कुमार जियाउद्दीन अंसारी मुख्तार मंसूरी ऑफिस कर्मचारी इंद्रजीत कुमार कौशल उपाध्याय महावीर महतो बोआस कच्छप विष्णु करीम उरांव सहित कई संवेदक उपस्थित थे।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला योजना कार्यालय)
ई-मेलः-dpokoderma@gmail.com

आदेश

Mission Director, Aspirational District & Block Programme, NITI Aayog, Govt. of India के Circular on Key Initative under Aspirational Blocks Programme दिनांक- 25.08.2023 में निहित शर्तों के अनुरुप कोडरमा जिला में आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम हेतु Aspirational Block Fellow की नियुक्ति के लिए पूर्णतः अस्थायी तौर पर 01 वर्ष हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से अभ्यावेदन विहित प्रपत्र में निम्न रुपेण आमंत्रित किया जाता है।

No. of Post	Age	Qualifiaction
02	18-40	1) Postgraduate in any discipline from a reputed institution (Preferably from Central or State government universities). 2) Should possess excellent data analysis and presentation skills. 3) Should be conversant with the use of social media. 4) Should possess Project Management skills. 5)Experience working with Government, NGOs, and Development organizations. 6) Self-driven with good communication and coordination skills. 7) Proficient in English, Hindi and the local language of the respective Aspirational Block will be an added advantage for Aspirational Blocks Fellow. **Note: Preference will be given to candidates who have completed their higher education in Rural Development /Development studies.**

Role of Aspirational Blocks Fellow :
The Aspiration Blocks Fellows will be positioned as a critical link between the Block level Officials and NITI Aayog. Their primary responsibilities will include :
1) Collaborating with block level Officials to design and execute development strategies aligned with ABP thematics areas.
2) Conduct regular field visits to assess project implementation, address challenges, and collect ground-level insights.
3) Analyzing data and providing evidence recommendations to BLO and district-level Officials to optimize developmental initiatives.
4) Organizing workshops, awareness campaigns, and skill-building programs to empower the local community.
5) Keeping states and NITI abreast with the issues, challenges, and need for support.

नियम व शर्तें :-
1. आवेदन हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
2. नीति आयोग के Term of Reference (ToR) के अनुसार नियम एवं शर्तों का अनुपालन किया जायेगा। (अनुलग्नक)
3. उक्त दोनो पद अनारक्षित रहेगा।
4. उच्च योग्यता एवं अनुभव वाले अभ्यर्थीयों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम एक वर्ष का कम्प्यूटर कोर्स का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
6. उक्त विज्ञापन को स्थगित/रदद् करने एवं शर्तों में परिवर्तन/संशोधन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। अधोहस्ताक्षरी का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा।

आवेदन की प्रक्रिया :-
1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक **27/09/2023** के **अपराह्न 04:00 बजे** तक है। उक्त समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. आवेदन विहित प्रपत्र (कम्प्युटरीकृत) में भरकर सभी प्रमाण पत्रों की स्वमिप्रमाणित प्रति के साथ हाथो- हाथ जिला योजना कार्यालय, कोडरमा में अथवा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से **"जिला योजना कार्यालय, कोडरमा, समाहरणालय परिसर पिन-825410"** के पते पर तथा जिला योजना कार्यालय, कोडरमा के **ई-मेल - dpokoderma@gmail.com** पर स्वीकार किया जायेगा। अन्य किसी माध्यम से अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

चयन की प्रक्रिया :-
1. अभ्यर्थीयों का मूल्यांकन 100 अंकों में किया जायेगा, जिसमें शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित योग्यता तथा कार्यानुभव हेतु अधिकतम 70 अंक और कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा में अधिकतम 30 अंकों का रहेगा।
2. प्रारंभिक मेघा सूची शैक्षणिक योग्यता (अनिवार्य एवं वांछित), कार्य अनुभव के प्राप्तांकों के आधार पर तैयार की जायेगी। जिस पर दावा आपत्ति की माँग की जायेगी।
3. दावा आपत्ति निराकरण के पश्चात् विज्ञापित अहर्त्ता, योग्यता के अनुरुप Shortlisted अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा। जिसकी सूचना ई-मेल के माध्यम से अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा हेतु दी जायेगी।
4. अंतिम मेघा सूची शैक्षणिक योग्यता (अनिवार्य एवं वांछित), कार्य अनुभव के प्राप्तांक तथा कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा Data Analysis and Presentation (Skill Test) के परीक्षा में प्राप्त कुल प्राप्तांकों के आधार पर तैयार कर अभ्यर्थीयों का अंतिम चयन किया जायेगा।
5. आवेदनों का मूल्यांकन एवं मेघा सूची में अंकों का निर्धारण चयन समिति के द्वारा किया जायेगा।

नोट :- उक्त संबंधी विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं नियुक्ति से संबंधित सूचना समय-समय पर जिला के Website: koderma.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह0/-
उपायुक्त, कोडरमा।
PR 307104 (District) 23-24 (D)

ओरमांझी : ग्रामीणों ने किया घटिया सड़क निर्माण का विरोध

- दो करोड़ की लागत से बन रही तीन किमी सड़क ग्रामीणों ने लगाया अनियमितता का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

सड़क निर्माण कार्य का विरोध करते स्थानीय ग्रामीण।

ओरमांझी। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सिकिदिरी मुख्य पथ से भागलपुर तक लगभग तीन किमी सड़क का निर्माण दो करोड़ की लागत से हो रहा है। पचास वर्ष बाद भागलपुर में सड़क बनने से स्थानीय ग्रामीण काफी खुश थे। सड़क का घटिया निर्माण करने से ग्रामीणों में निराशा हैं। सड़क व नाली निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए भागलपुर के ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क में उगे घांस को हटाये बिना मिट्टी पर सड़क व नाली की ढलाई की जा रही है। निर्माण कार्य में सीमेंट की मात्रा भी कम डाली जा रही है। वहीं सड़क निर्माण में रोलर का भी प्रयोग नहीं हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शिलान्यास करते हुए विधायक राजेश कच्छप द्वारा संवेदक को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पालन करने को कहा गया था। बावजूद घटिया निर्माण हो रहा है। वर्षो बाद गांव वालों को सड़क मिल रही है, लेकिन घटिया निर्माण होने से जल्द ही सड़क खराब हो जाएगी।

ग्रामीणों ने कहा कि जब सड़क निर्माण करा रहे व्यक्ति को ठीक से सड़ बनवाने को कहा जाता है तो उसका कहना है सड़क ठीक बन रही है। ग्रामीणों ने कहा कि घटिया निर्माण की शिकायत रांची डीसी से की जाएगी।

विरोध में थे शामिल

संवेदक राजेश गुप्ता ने कहा सड़क निर्माण कार्य ग्रामीणों की देख रेख में ही हो रहा है। फिर गड़बड़ी कैसे हो सकती है। ग्रामीण विरोध क्यों कर रहे हैं, पूछे जाने पर कहा हम संवेदक नही हैं। मेरा ही आदमी है और उसका भी नाम राजेश गुप्ता ही है। विरोध करने वालों में रिझु महतो, कामेश्वर महतो, जगेश महतो, कांसीनाथ महतो, कमलनाथ महतो, राजनाथ महतो, दीपू महतो, जगेश्वर महतो, सहजनाथ महतो, राजेश महतो, श्यामलाल महतो, मुन्नी देवी, फुलको देवी, सरस्वती देवी, सीमा देवी सुशीला देवी, काजो देवी, संजू देवी, सविता देवी सहित कई लोग शामिल थे।

एनजेडीजी सही कदम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट को राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड से जोड़े जाने की घोषणा के लिए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की सराहना की है। उनका कहना है कि इस कदम से पारदर्शिता बढ़ेगी और न्याय प्रदान करने की प्रणाली में तेजी आएगी। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने घोषणा की कि सुप्रीम कोर्ट को जल्द ही राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) से जोड़ा जाएगा। एनजेडीजी, ई-कोर्ट परियोजना के तहत एक ऑनलाइन मंच के रूप में बनाए गए जिला और अधीनस्थ न्यायालयों और उच्च न्यायालयों के आदेशों, निर्णयों और मामलों के विवरण का एक डेटाबेस है। वर्तमान में पोर्टल केवल हाई कोर्ट तक के डेटा दिखाता है। शीर्ष अदालत का डेटा वास्तविक समय के आधार पर एनजेडीजी पर अपलोड किया जाएगा। प्रौद्योगिकी के इस तरह के उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी। हमारे देश में न्याय प्रदान करने की प्रणाली में तेजी आएगी। एनजेडीजी 18 हजार से ज्यादा जिला अदालतों और हाईकोर्ट्स के आदेशों, निर्णयों और मामले के विवरण का एक डेटाबेस है जिसे ई कोर्ट प्रोजेक्ट के तहत ऑनलाइन बनाया गया है। यह देश के सभी कम्प्यूटरीकृत जिला और अधीनस्थ न्यायालयों की न्यायिक कार्यवाही और निर्णयों से संबंधित डेटा प्रदान करता है। इससे न्यायिक तंत्र पहले से बेहतर हो जाएगा। कोई भी अदालती कामकाज की जानकारी ऑनलाइन ले सकेगा। ये पोर्टल वकीलों के साथ आम लोगों के लिए भी फायदेमंद रहने वाला है। वर्तमान समय में अदालतों में क्रिया कलाप और न्याय की देरी की चर्चा चारों ओर होने लगी है। न्याय में देर सही न्याय के मूल अवधारणा को गलत साबित करता है। न्याय में तेजी और पारदर्शिता के लिये यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। अब न्याय की गति तेज करने और सभी तक न्याय पहुंचे यह आवश्यक है।

जापान से सहयोग

भारत और जापान द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंचों पर साइबर क्षेत्र को सुरक्षित करने की दिशा में कौशल में सुधार के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए। तोक्यो में आयोजित पांचवें भारत-जापान साइबर संवाद के दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने द्विपक्षीय साइबर सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा की और 5 जी तकनीक सहित साइबर सुरक्षा तथा सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में हासिल की गई प्रगति की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने साइबर क्षेत्र में नवीनतम विकास और संयुक्त राष्ट्र एवं क्वाड ढांचे के तहत अन्य बहुपक्षीय और क्षेत्रीय मंचों पर आपसी सहयोग को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने सुरक्षित साइबरस्पेस सुनिश्चित करने में क्षमता निर्माण के महत्व को रेखांकित किया और इस में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, दूरसंचार विभाग, भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल, राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र और तोक्यो में भारतीय दूतावास के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। जापानी प्रतिनिधिमंडल में नेशनल सेंटर ऑफ इनसिडेंट रेडिनेस एंड स्ट्रेटजी फॉर साइबर सिक्युरिटी, गृह और संचार मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई), विदेश मंत्रालय और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। भारत ने अगले वर्ष नयी दिल्ली में छठी भारत-जापान साइबर वार्ता के लिए जापानी प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया है। साइबर सिक्युरिटी से लेकर आइटी में इसके उपयोग को लेकर भारत और जापान के बीच यह समझौता देश के आइटी सेक्टर को और तेज विकास में सहायक होगा।

भगवान विश्वकर्मा: सृष्टि के रचियता

विश्वकर्मा जयन्ती भारत के कर्नाटक, असम, पश्चिमी बंगाल, बिहार, झारखण्ड, ओडिशा और त्रिपुरा आदि प्रदेशों में यह आम तौर पर हर साल 17 सितंबर की ग्रेगोरियन तिथि को मनायी जाती है। यह उत्सव प्रायः कारखानों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में (प्रायः शॉप फ्लोर पर) मनाया जाता है। विश्वकर्मा को विश्व का निमार्ता तथा देवताओं का वास्तुकार माना गया है। यह हिंदू कैलेंडर की 'कन्या संक्रांति' पर पड़ता है।

त्योहार मुख्य रूप से कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों में मनाया जाता है, अक्सर दुकान के फर्श पर। न केवल अभियन्ता और वास्तु समुदाय द्वारा बल्कि कारीगरों, शिल्पकारों, यांत्रिकी, स्मिथ, वेल्डर, द्वारा पूजा के दिन को श्रद्धापूर्वक चिह्नित किया जाता है। औद्योगिक श्रमिकों, कारखाने के श्रमिकों और अन्य। वे बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और सबसे बढ़कर, अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना करते हैं। श्रमिक विभिन्न मशीनों के सुचारू संचालन के लिए भी प्रार्थना करते हैं।

विश्वकर्मा जयंती, विश्वकर्मा, एक हिंदू भगवान, दिव्य वास्तुकार के लिए उत्सव का दिन है। उन्हें स्वायंभु और विश्व का निमार्ता माना जाता है।उन्होंने द्वारका के पवित्र शहर का निर्माण किया जहां कृष्ण ने शासन किया, पांडवों की माया सभा, और देवताओं के लिए कई शानदार हथियारों के निमार्ता थे।उन्हें लुहार कहा जाता है, ऋग्वेद में उल्लेख किया गया है, और इसे यांत्रिकी और वास्तुकला के विज्ञान, स्टैप्टा वेद के साथ श्रेय दिया जाता है। विश्वकर्मा की विशेष प्रतिमाएँ और चित्र सामान्यतः प्रत्येक कार्यस्थल और कारखाने में स्थापित किए जाते हैं।सभी कार्यकर्ता एक आम जगह पर इकट्ठा होते हैं और पूजा (श्रद्धा) करते हैं। विश्वकर्मा पूजा के तीसरे दिन हर्षोल्लास के साथ सभी लोग विश्वकर्मा जी की प्रतिमा विसर्जित करते हैं। स्वर्ग लोक से लेकर द्वारिका तक का रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी को माना जाता है और साथ ही यह भी कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा जी के पूजन से व्यापार में तरक्की होती है. भारत देश में विश्वकर्मा जयंती (17 सिंतबर) पूरे धूमधाम से मनाई जाती है और साथ ही विश्वकर्मा जयंती वाले दिन देश के विभिन्न राज्यों के औद्योगिक क्षेत्रों, फैक्ट्रियों, लोहे की दुकान, वाहन शोरूम, सर्विस सेंटर आदि में पूजा की जाती है. विश्वकर्मा जयंती के मौके पर मशीनों, औजारों की सफाई एवं रंगरोगन भी किया जाता है. इस दिन ज्यादातर कल-कारखाने बंद रहते हैं और लोग हर्षोल्लास के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं. हमारे धर्मशास्त्रों और ग्रंथों में विश्वकर्मा के पांच स्वरूपों और अवतारों का वर्णन प्राप्त होता है.



-डॉ अजय खेमेरिया

भृंगुवंशी विश्वकर्मा उत्कृष्ट शिल्प विज्ञानाचार्य (शुक्राचार्य के पौत्र)भगवान विश्वकर्मा जी को धातुओं का रचयिता कहा जाता है और साथ ही प्राचीन काल में जितनी राजधानियां थीं, प्रायः सभी विश्वकर्मा की ही बनाई हुई थीं. यहां तक कि सतयुग का ह्यस्वर्ग लोक, त्रेता युग की ह्यलंकाह्न, द्वापर की द्वारिका और कलयुग का हस्तिनापुर आदि विश्वकर्मा द्वारा ही रचित हैं. स्वर्ग लोक से लेकर कलयुग तक भगवान विश्वकर्मा जी की रचना को देखा जा सकता है।

विराट विश्वकर्मा सृष्टि के रचयिता

धर्मवंशी विश्वकर्मा महान शिल्प विज्ञान विधाता प्रभात पुत्र

अंगिरावंशी विश्वकर्मा आदि विज्ञान विधाता वसु पुत्र

सुधन्वा विश्वकर्म महान शिल्पाचार्य विज्ञान जन्मदाता ऋषि अथवी के पुत्र

भृंगुवंशी विश्वकर्मा उत्कृष्ट शिल्प विज्ञानाचार्य (शुक्राचार्य के पौत्र)भगवान विश्वकर्मा जी को धातुओं का रचयिता कहा जाता है और साथ ही प्राचीन काल में जितनी राजधानियां थीं, प्रायः सभी विश्वकर्मा की ही बनाई हुई थीं. यहां तक कि सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग का हस्तिनापुर आदि विश्वकर्मा द्वारा ही रचित हैं. स्वर्ग लोक से लेकर कलयुग तक भगवान विश्वकर्मा जी की रचना को देखा जा सकता है।

भगवान विश्वकर्मा जी के जन्म से संबंधित एक कथा कही जाती है कि सृष्टि के प्रारंभ में सर्वप्रथम नारायण अर्थात साक्षात विष्णु आविर्भूत हुए और उनकी नाभि-कमल से चतुर्मुख ब्रह्मा दिखाई दे रहे थे. ब्रह्मा के पुत्र ह्यधर्मह्न तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव हुए. कहा जाता है कि धर्म की ह्यवस्तु नामक स्त्री (जो दक्ष की कन्याओं में एक थी) से उत्पन्न वास्तु सातवें पुत्र थे, जो शिल्पशास्त्र के आदि प्रवर्तक थे. उन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा उत्पन्न हुए. पिता की भांति विश्वकर्मा भी वास्तुकला के अद्वितीय आचार्य बने।

भगवान विश्वकर्मा जी के अनेक रूप हैं और हर रूप की महिमा का अंत नहीं है। दो बाहु, चार बाहु एवं दश बाहु तथा एक मुख, चार मुख एवं पंचमुख. भगवान विश्वकर्मा जी के मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी एवं दैवज्ञ नामक पांच पुत्र हैं और साथ ही यह भी मान्यता है कि ये पांचों वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में पारंगत हैं।

भगवान विश्वकर्मा जी का उपकार

भगवान विश्वकर्मा की महत्ता स्थापित करने वाली एक कथा भी है. कथा के अनुसार वाराणसी में धार्मिक व्यवहार से चलने वाला एक रथकार अपनी पत्नी के साथ रहता था और वो रथकार अपने कार्य में निपुण था, परंतु स्थान-स्थान पर घूम-घूम कर प्रयत्न करने पर भी भोजन से अधिक धन नहीं प्राप्त कर पाता था। पति की तरह पत्नी भी पुत्र न होने के कारण चिंतित रहती थी। पुत्र प्राप्ति के लिए वे साधु-संतों के यहां जाते थे, लेकिन यह इच्छा उसकी पूरी न हो सकी। पर अचानक तब एक पड़ोसी ब्राह्मण ने रथकार की पत्नी से कहा कि तुम भगवान विश्वकर्मा की शरण में जाओ, तुम्हारी इच्छा पूरी होगी और अमावस्या तिथि को व्रत कर भगवान विश्वकर्मा महात्म्य को सुनो।

इसके बाद रथकार एवं उसकी पत्नी ने अमावस्या को भगवान विश्वकर्मा की पूजा की, जिससे उसे धन-धान्य और पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई और वे सुखी जीवन व्यतीत करने लगे। भगवान विश्वकर्मा की महिमा का कोई अंत नहीं है इसलिए आज भी संसार में लोग भगवान विश्वकर्मा का पूजन पूरे विश्वास के साथ करते हैं। स्वर्ग लोक से लेकर द्वारिका तक का रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी को माना जाता है और साथ ही यह भी कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा जी के पूजन से व्यापार में तरक्की होती है।

खास बात

हिन्दी दिवस सप्ताह, बाकी दिन असहाय !

डॉ. रमेश ठाकुर

रोजाना करीब छोटे-बड़े दैनिक, साप्ताहिक और अन्य समयावधि वाले 5,000 हजार से कहीं अधिक अखबार प्रकाशित होते हैं और 1500 के करीब पत्रिकाएं हैं, 400 से ज्यादा हिन्दी चैनल हैं। बावजूद इसके हिन्दी का ऐसा हाल। मौलिक रूप से या कागजी तौर पर, बेशक हिन्दी को बढ़ावा देने की वकालत हुकूमतें और समाज करता है? पर, असल सच्चाई तो यही है कि हिन्दी एक वर्ग मात्र तक ही सिमटती जा रही है। हिन्दी आजादी के 75 वर्ष बाद, यानी अमृतकाल में कहां खड़ी है, उसकी घनघोर तरीके से समीक्षा होनी चाहिए। एक तस्वीर जो इस वक्त उभरी है, वो ये है कि हिन्दी गरीबों की मुख्य जुबान, कामगारों का आपस में बतियाना, ग्रामीण अंचल की अव्वल भाषा व सामान्य बोलचाल तक ही सीमित हो गई है। अंग्रेजी व अन्य भाषाएं जिस हिसाब से विस्तार ले रही हैं, उससे हिन्दी बहुत पीछे पिछड़ती जा रही है। बात ज्यादा पुरानी नहीं है, मात्र 9-10 साल पहले की है। 2014 में जब केंद्र की सियासत में नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर आगमन हुआ तो उन्होंने हिन्दी के चलन को लेकर अप्रत्याशित कदम उठाए। सभी मंत्रालयों में हिन्दी को अपनाने का आदेश हुआ। साथ ही हिन्दी भाषा के ज्यादा से ज्यादा प्रचलन को लेकर बड़ा अभियान भी छेड़ा। कुछ समय के लिए तो अभियान ने खूब जोर पकड़ा। लेकिन धीरे-धीरे शांत पड़ गया। शांत पड़ने के पीछे लोगों की उदासीनता दिखी। जबकि, प्रधानमंत्री ने बड़ी ईमानदारी से इस ओर कदम उठाया था। बहरहाल, ज्यादातर सरकारी विभागों और केंद्रीय मंत्रालयों में हिन्दी का प्रचलन अब भी अच्छा खासा है। लेकिन जितना होना चाहिए, उस हिसाब से हिन्दी भाषा को तवज्जो नहीं मिल रही। कागजी कोशिशों में कोई कमी नहीं है। पर, धरातल पर सब शून्य ही है। केंद्र सरकार हिन्दी को बढ़ावा देने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही, पर समाज साथ नहीं दे रहा। समाज के दिलो-दिमाग पर अंग्रेजी का भूत सवार है। प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों को अंग्रेजी की शिक्षा दिलवाना चाहता है। सरकारी स्कूलों को छोड़कर, अंग्रेजी वाले स्कूलों की पूछ पकड़ रखी है।

प्रगति के अवलंबन

धर्म-प्रवाह

श्री रामशर्मा आचार्य

भौतिक प्रगति के लिए बलिष्ठ शरीर, प्रशिक्षित मस्तिष्क, आकर्षक व्यक्तित्व, अभीष्ट उपार्जन, परिपूर्ण परिवार, आवश्यक वातावरण तथा अनुकूल अवसर की अपेक्षा रहती है। यह साधन जिसे जितने मिल जाते हैं, वह उतनी ही लौकिक सफलता प्राप्त कर लेता है।

आत्मिक प्रगति का मूल्य, महत्व, सुख एवं प्रतिफल भौतिक सफलताओं की अपेक्षा सहस्त्रों गुना अधिक है। इतने पर भी उसके लिए दो ही साधन पर्याप्त हैं। एक भावनापूर्ण उपासना, दूसरा जीवन को उत्कृष्ट, अनुकरणीय बनाने की साधना । इन दोनों के लिए यदि स्थिर मति और प्रगाढ़ निष्ठा के साथ प्रयत्न किया जाय तो निस्संदेह आत्मिक प्रगति भी उसी तरह मिल सकती है, जैसी कि भौतिक प्रगति ।जीवन की महत्ता और सफलता उसकी आत्मिक प्रगति पर निर्भर है। भौतिक सफलताएँ उतनी देर ही आनंद देती हैं, जब तक कि उनकी प्राप्ति नहीं होती है। जैसे ही वह मिली कि उनका आनंद समाप्त हुआ।

सच्चा और चिरस्थायी सुख और लाभ आत्मिक प्रगति पर ही अवलंबित है। इसलिए जो मानव-जीवन का श्रेष्ठतम सदुपयोग करना चाहते हैं और जिस आनंद के लिए यह जन्म मिला है, उसे प्राप्त करने के इच्छुक हैं, उन्हें आत्मिक प्रगति के लिए तत्पर होना चाहिए और उसके दोनों आधारों, उपासना और साधना का अवलंबन ग्रहण करना चाहिए ।

गठबन्धन ने उन पत्रकारों की लिस्ट जारी की है जिन्होंने ह्यचरण चुंबकह्न बनने से इनकार कर दिया।अब इनका बहिष्कार किया जाएगा।

अब देखना ये है कि भारत का मीडिया इसका क्या जवाब देता है।

- सुधीर चौधरी, पत्रकार

रोचक ट्वीट

देश के 42 प्रतिशत युवाओं को रोजगार नहीं मिल रही है। क्या यह भारत के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं है। हम इन युवाओं के जॉब के लिये समर्पित है हम इसके लिये यात्रा कर रहें हैं।

-राहुल गांधी



परिस्थितिजन्य प्रतिकूलताएँ प्रायः मन को प्रभावित करती हैं किन्तु मानवी अस्तित्त्व परमानन्द व अनंत सामर्थ्य का अंतहीन स्रोत है ।यह बोध मनुष्य को अपरिमित ऊर्जा और एकत्व का अनुभव प्रदान करता है।

- स्वामी अवधेशानंद गिरी

एक वैश्विक नेता के अंदाज में मोदी का बढ़ता प्रभाव

जन्म दिन

श्री नरेंद्र मोदी ने 30 मई 2019 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, जो उनके दूसरे कार्यकाल की शुरूआत थी। आजादी के बाद पैदा होने वाले पहले प्रधानमंत्री, श्री मोदी ने पहले 2014 से 2019 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने अक्टूबर 2001 से मई 2014 तक लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपना पद संभाला है।

2014 और 2019 के संसदीय चुनावों में श्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने दोनों अवसरों पर पूर्ण बहुमत हासिल किया। सबका साथ, सबका विकास, सबका विकास के आदर्श वाक्य से प्रेरित होकर, श्री मोदी ने शासन व्यवस्था में एक ऐसे बदलाव की शुरूआत की और समावेशी, विकासोन्मुख और भ्रष्टाचार-मुक्त शासन का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री ने अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं और पहल का लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए स्पीड और स्केल पर काम किया है।

विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने इस बात को माना कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत रिकॉर्ड गति से गरीबी को खत्म कर रहा है। इसका श्रेय केंद्र सरकार द्वारा गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए लिए गए विभिन्न फैसलों को जाता है। आज भारत दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम आयुष्मान भारत का नेतृत्व कर रहा है। 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को कवर करते हुए आयुष्मान भारत गरीब और नव-मध्यम वर्ग को उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित कर रहा है।

दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित स्वास्थ्य पत्रिकाओं में से एक लांसेट ने आयुष्मान भारत की सराहना करते हुए कहा है कि यह योजना भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े असंतोष को दूर कर रही है। पत्रिका ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को प्राथमिकता देने के लिए पीएम मोदी के प्रयासों की भी सराहना की।

देश की वित्तीय धारा से दूर गरीबों को वित्तीय धारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री जन धन योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य प्रत्येक भारतीय का बैंक खाते खोलना था। अब तक 35 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों ने न केवल गरीबों को बैंक से जोड़ा, बल्कि सशक्तीकरण के अन्य रास्ते भी खोले हैं। जन-धन से एक कदम आगे बढ़ते हुए श्री मोदी ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों को बीमा और पेंशन कवर देकर जन सुरक्षा पर जोर दिया। जैम ट्रिनिटी (जन धन- आधार- मोबाइल) ने बिचौलियों को समाप्त कर दिया है और प्रौद्योगिकी के माध्यम से पारदर्शिता और गति सुनिश्चित की है। असंगठित क्षेत्र से जुड़े 42 करोड़ से अधिक लोगों के पास अब प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना के तहत पेंशन कवरेज मिली है। 2019 के चुनाव परिणामों के बाद पहली कैबिनेट बैठक के दौरान व्यापारियों के लिए समान पेंशन योजना की घोषणा की गई है।

2016 में गरीबों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई थी। यह योजना 7 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को धुआं मुक्त रसोई प्रदान करने में एक बड़ा कदम साबित हुई है। इसकी अधिकांश लाभार्थी महिलाएं हैं।

आजादी के बाद से 70 वर्षों के बाद भी 18,000 गाँव बिना जहां बिजली नहीं थी वहां बिजली पहुंचाई गई है।श्री मोदी का मानना है कि कोई भी भारतीय बेघर नहीं होना चाहिए और इस विजन को साकार करने के लिए 2014 से 2019 के बीच 1.25 करोड़ से अधिक घर बनाए गए है। 2022 तक प्रधानमंत्री के हाउसिंग फॉर ऑल के सपने को पूरा करने के लिए घर के निर्माण की गति में तेजी आई है।

कॉटून वर्ल्ड

लेटर टू एडिटर

स्वामी जी कथन

वे कहते थे कि मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व अनुभव करता हूँ, जिसने संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौम स्वीकृति, दोनों की ही शिक्षा दी है। हम लोग सब धर्मों के प्रति केवल सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते बल्कि, हम सभी धर्मों को सच्चा मानकर स्वीकार करते हैं। विवेकानंद जी ने सहन करना नहीं बल्कि सभी को स्वीकार करने की बात विश्व के सामने रखी थी। **-रविकांत, रांची**

पोषण का महत्व

महिलाओं के आहार के रूप में भोजन करना और दैनिक जीवन में पौष्टिक पोषण लेना कितना महत्वपूर्ण है। इस पोषण अभियान का उद्देश्य कुपोषण की समस्या की ओर देश का ध्यान आकर्षित करना और इससे मिशन के रूप में निपटना है। सरकार को लोगों को जागरूक करने के लिए और अधिक पहल करनी चाहिए। इससे स्थिति में सुधार होगी और देश आगे बढ़ेगा। **- निर्णय सिंह, जमशेदपुर**

कृषि, स्वच्छता और तेज विकास मोदी का एजेंडा

विशेष

नागेन्द्र सिंह

कृषि एक ऐसा क्षेत्र है जो श्री नरेंद्र मोदी के बहुत करीब है। 2019 के अंतरिम बजट के दौरान सरकार ने किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में एक मौद्रिक प्रोत्साहन योजना की घोषणा की। 24 फरवरी 2019 को योजना के शुरू होने के बाद लगभग 3 सप्ताह में नियमित रूप से किश्तों का भुगतान किया गया है। पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान इस योजना में 5 एकड़ की सीमा को हटाते हुए सभी किसानों को पीएम किसान का लाभ देने का फैसला किया गया। इसके साथ ही भारत सरकार प्रति वर्ष लगभग 87,000 करोड़ रुपये किसान कल्याण के लिए समर्पित करेगी।श्री मोदी ने सॉयल हेल्थ कार्ड, बेहतर बाजारों के लिए ई-नाम और सिंचाई पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने जैसी किसान कल्याण की दिशा में विभिन्न पहल शुरू की। 30 मई 2019 को प्रधानमंत्री ने जल संसाधनों से संबंधित सभी पहलुओं की देखरेख करने के लिए एक नया जल शक्ति मंत्रालय बनाकर एक बड़ा वादा पूरा किया।

2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्न शुरू किया। इस जन आंदोलन का बड़े पैमाने पर ऐतिहासिक प्रभाव पड़ा है। 2014 में स्वच्छता कवरेज 38% थी जो आज बढ़कर 99% हो गई है। कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित किया गया है। स्वच्छ गंगा के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वच्छ भारत मिशन की सराहना की और कहा कि इससे 3 लाख लोगों की जान बच सकती है।श्री मोदी का मानना है कि परिवहन परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण साधन है। इसीलिए भारत सरकार हाई-वे, रेलवे, आई-वे और वॉटर-वे के रूप में अगली पीढ़ी के बुनियादी ढाँचे को बनाने के लिए काम कर रही है। वऊअठ (उड़े देश के आप नागरिक) योजना ने उड्डयन क्षेत्र को लोगों के अधिक अनुकूल बनाया है और कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया है।

पीएम मोदी ने भारत को अंतरराष्ट्रीय विनिर्माण पॉवर हाऊस में बदलने के लिए ह्यमेक इन इंडियाह्न पहल शुरू की। इस प्रयास से परिवर्तनकारी परिणाम सामने आए हैं। उदाहरण के लिए 2014 में मोबाइल विनिर्माण इकाइयों की संख्या 2 थी जो 2019 में बढ़कर 122 हो गई है। भारत ने ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्न में महत्वपूर्ण प्रगति की है, 2014 में भारत की रैंकिंग 142 थी 2019 में यह 77 हो गई है। 2017 में संसद के एक ऐतिहासिक सत्र के दौरान भारत सरकार ने जीएसटी लागू किया, जिसने ह्यवन नेशन, वन टैक्सह्न के सपने को साकार किया।

उनके कार्यकाल में भारत के समृद्ध इतिहास और संस्कृति पर विशेष ध्यान दिया गया। भारत में दुनिया का सबसे बड़ा स्टैच्यू ह्यस्टैच्यू ऑफ यूनिटीह्न बनाया गया जो सरदार पटेल को एक सच्ची श्रद्धांजलि है। इस स्टैच्यू को एक विशेष जन आंदोलन के माध्यम से बनाया गया था, जिसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के किसानों के औजार और मिट्टी का इस्तेमाल किया गया था, जो ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न की भावना को दशार्ता है। उन्होंने हमेशा से पाना है कि हमें एक साफ और हरा ग्रह बनाने के लिए काम करना चाहिए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

बीजीआर कंपनी के खिलाफ लामबंद हो रहे ग्रामीण

बात से मुकरने और ठगने का लगाया आरोप

अभय कुमार सिंह

▸▸ वादे को नहीं निभाया तो होगा जोरदार आंदोलन

हजारीबाग। केरेडारी प्रखंड में कार्य कर रही बीजीआर माइनिंग के कार्यशैली के खिलाफ धीरे-धीरे ग्रामीण लामबंद हो रहे हैं। आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी ने उनके क्षेत्र में कार्य शुरू करने के पहले अनेक वायदे किये थे। ऐसा सब्जबाग दिखाया गया था कि हमलोगों ने अपने सैंकड़ो साल से खेती करने वाली रैयती जमीन को उनके नाम कर दिया। आशा थी कि इसके बदले हमारी दुख-तकलीफों का निवारण होगा।

ग्रामीणों ने कहा कि वास्तविकता के धरातल पर हुआ इसके विपरीत। आज ना हमलोगों के पास जमीन है और ना ही नौकरी। हमलोगों के साथ सच पुछा जाय तो बहुत बड़ा धोखा हुआ है। ना सही मुआवजा दिया गया, ना नौकरी मिली और पूर्वजों की जमीन गयी सो अलग। अब हमलोगों के पास आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं है।

कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला ने कहा है कि बीजीआर माइनिंग के द्वारा हो रहे अन्याय और स्थानीय मजदूरों, रैयतों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। वे इसे बर्दास्त नहीं करेंगे। अगर ऐसा ही होता रहा तो जल्द वे इसके खिलाफ भूख हड़ताल करेंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय झारखंड, हेड ऑफिस एनटीपीसी ,हेड ऑफिस बीजीआर माइनिंग,एनजीटी, सहित उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखा गया है। कहा कि यह प्रोजेक्ट पिछले 6 महीने से संचालित है। वैसे मजदूर जो कुशल अकुशल और अर्ध कुशल श्रेणी में बाटते हुए मजदूरी तय करते हुए अभिलंब स्थाई नियुक्ति दिया जाए ,आज तक केवल आश्वासन ही दिया गया है।

अगर 15 दिनों के अंदर कंपनी रैयतों से किये गये वादों को पूरा नहीं करेगी तो हमलोग अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को बाध्य होंगे। इधर इस क्षेत्र में मजदूरों के हक के लिये कार्य कर रही कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड लेबर यूनियन के पदाधिकारियों ने भी बीजीआर कंपनी पर रैयतो के साथ अन्याय करने का गंभीर आरोप लगाया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बीजीआर माइनिंग से जुड़ने को वहां के ग्रामीणों ने महज धोखा करार दिया है। इस क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि जो वादे उनके साथ किए गए थे, उसे पूरा करने में कंपनी पूरी तरह से असफल रही है। ग्रामीण अब ठगा सा महसूस कर रहें हैं। कुशल व अर्धकुशल दोनों तरह के मजदूरों को 494 रुपए मात्र मजदूरी दी जा रही है। कंपनी साप्ताहिक छुट्टी के बदले मजदूरों के पैसे की कटौती कर ले रही है। वहीं अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भी अब तक मजदूरों को नहीं मिला है।

सचिव ओंकार शर्मा ने कहा कि कंपनी को इन सभी मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा बहुत जल्द तैयार होगी।

स्पीड न्यूज

राधा गोविंद विवि में निबंध प्रतियोगिता

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय में हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता हुआ। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने कहा कि हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव ही नहीं है, अपितु भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है । उन्होंने विद्यार्थियों से रोजमर्रा के लेखन संबंधी कार्यों में हिंदी का आधिकारिक प्रयोग कर उसका संवर्धन करने के लिए अपील भी की और अपने विचार एवं अभिव्यक्ति को मातृभाषा के माध्यम से ही प्रस्तुत करने की बात कही । निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक राष्ट्रीय एकता में हिंदी का योगदान था। मौके परडॉ. आशा प्रकाश, डॉ. करलुस टोप्पो, डॉ. उमेश चंद्र महतो, डॉ. अमरेश पांडेय, डॉ. अरबिन्द कुमार, रंजना पांडेय व उषा किरण श्रीवास्तव उपस्थित थे।

सीसीएल का जमीन अतिक्रमण से मुक्त

कुजू। सीसीएल तोपा परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित किये गए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर परियोजना के सुरक्षा प्रभारी राम प्रसाद बेदिया ने क्षेत्रीय व परियोजना के सुरक्षा गश्ती दल को लेकर गुरुवार रात्रि डोजरिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत सुरक्षा कर्मियों ने डीएवी तोपा चेकपोस्ट के निकट बांस बल्ली से तैयार किए गए मुर्गा दुकान तथा भारतीय स्टेट बैंक तोपा शाखा के सामने एंगल से बनाए जा रहे दुकान को पेलोडर की मदद से ध्वस्त कराया। अभियान में क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग के गश्ती दल के बिगल करमाली, संतोष कुमार, अजय कुमार, सोमरा मांझी, अजीम अंसारी, टुनटुन राम, संजय रजक आदि शामिल थे।

सांसद प्रतिनिधि बने महेंद्र कुमार महतो

भुरकुंडा (रामगढ़)। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने पतरातू प्रखंड के रोचाप निवासी महेंद्र कुमार महतो को रामगढ़ जिला ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज का सांसद प्रतिनिधि मनोनित किया है। इनके मनोनयन से भाजपा को और मजबुतरी मिलेगी। भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर ने नवमनोनित सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो को बधाई देते हुए हजारीबाग सांसद एवं वित्तीय अस्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा के प्रति आभार जताया है।

रामगढ़ में बनेंगे साइंस पार्क व धार्मिक कॉरिडोर

डीएमएफटी और दिसा की बैठक में कई योजनाओं पर लगी मुहर

डीएमएफटी फंड से हर पंचायत में बनेगा सामुदायिक भवन

खबर मन्त्र संवाददाता/एजेंसी

बैठक में सांसद जयंत सिन्हा, विधायक सुनीता चौधरी व अन्य।

रामगढ़। डीएमएफटी फंड से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जल्द ही यहां साइंस सिटी पार्क और धार्मिक कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। यह बातें शुक्रवार को दिसा और डीएमएफटी की बैठक के बाद सांसद जयंत सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिले में विकास के लिए पैसे की कमी नहीं है। जरूरी है एक सही दृष्टिकोण की। यहां डीएमएफटी फंड से माइनिंग एरिया के प्रभावित क्षेत्र को और भी अधिक चमकाना है। जयंत सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ जिले में एक सेवा केंद्र का निर्माण किया जाना है, जिसमें कॉल सेंटर होगा। इस केंद्र में जिले के नागरिक बिजली, सड़क, शिक्षा, कानून, और स्वास्थ्य के अलावा अन्य विभागों से जुड़ी हुई शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इन शिकायतों के आधार पर विभाग अपनी पहल करेगा। उन्होंने कहा कि बैठक में सबसे महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को लेकर चर्चा हुई। यहां का टारगेट नहीं मिलने की वजह से जिले में विकास अवरुद्ध हो रहा है। इसके अलावा ग्राम सड़क योजना के तहत की कई सड़कों का चयन हुआ है, जिनका शिलान्यास जल्द किया जाएगा।

केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मतकमा चौक से चुट्टूपालू, नया मोड़ से गिद्दी एवं अरगड्डा गिद्दी क्षेत्र में दामोदर नदी पुल पर सड़क निर्माण पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, वन प्रमंडल पदाधिकारी, डीडीसी जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

25 को सजेगा बाबा श्याम का दरबार

सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष गर्ग समेत कई कलाकार आयेंगे

भुरकुंडा (रामगढ़)। कलियुग के अवतार खाटूवाले श्री श्याम प्रभु का भव्य महोत्सव 25 सितंबर को पटेलनगर भुरकुंडा में मनाया जायेगा। महोत्सव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को पटेलनगर भुरकुंडा में श्यामभक्तों की बैठक हुई। बैठक में श्याम महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि भुरकुंडा में यह दसवां आयोजन है। महोत्सव में जयपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक मनीष गर्ग, कलकत्ता की मशहूर जोड़ी राज-गुरू, टाटानगर की उभरती भजन गायिका सौमी चौधरी, धनबाद के गायक पंकज शर्मा सहित अनेक कलाकार आ रहे हैं। महोत्सव में श्री श्याम प्रभु के दिव्य शीश का अलौकिक श्रृंगार, सवामणी भोग, छप्पन भोग, महाभोग, श्याम रसोई के संग भजनों की रस गंगा प्रवाहित होगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इत्र वर्षा, श्याम संग पुष्पों की होली होगी। इस वर्ष भव्य श्री श्याम अखाड़ा का आयोजन होगा। जिसमें सभी बड़े कलाकार भजनों संग अखाड़े में उतरेंगे। अपनी तरह का यह अनूठा कार्यक्रम होगा। महोत्सव का आयोजन स्थानीय पटेलनगर मारवाड़ी धर्मशाला में होगा। महोत्सव की शुरूवात संध्या 6.30 अखंड द्वीप प्रज्वलन से होगी। आयोजक समिति के संयोजक उमेश राजगढ़िया और सह संयोजक सुनील अग्रवाल ने महोत्सव को सफल बनाने और सबों को श्याम दरबार में हाजिरी लगाने का अनुरोध किया है।

धनबाद बम विस्फोट की आरोपी महिला रामगढ़ से गिरफ्तार

रामगढ़। धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए बम विस्फोट कांड की मुख्य आरोपी गुड़िया देवी रामगढ़ से गिरफ्तार कर ली गई है। धनबाद पुलिस और रामगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से छापेमारी कर शहर से गुड़िया देवी को गिरफ्तार किया। इसकी पुष्टि करते हुए धनबाद के तोपचांची थाना के सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आठ जनवरी को बाजार में एक बाइक में डेटोनेटर लगाकर धमाका किया गया था, जिसमें 6 लोग घायल हो गए थे। विस्फोट करने वाला पिंटू वर्णवाल भी घायल हो गया था।

समस्याओं का निदान पहली प्राथमिकता : राजेंद्र प्रसाद

मुखिया ने ग्रामीणों को दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। धनवार पंचायत में मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में विभिन्न गांव में योजना निर्माण को लेकर शिव मंदिर प्रांगण कोरियाडीह में बैठक हुई। बैठक में जिप अध्यक्ष उमेश मेहता एवं जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव का मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा एवं ग्रामीणों ने माला पहनकर स्वागत किया। बैठक में धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह, धनवार, बड़दाग, सिंहपुर खुर्द एवं लटिया के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर अपनी समस्याओं को रखा। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के किसानों को खेती करने एंव श्मशाम घाट होने के कारण पथ बहुत ही आवश्यक है। धनवार पंचायत के ग्रामीण जनता के द्वारा तीन योजना निर्माण किए जाने की माँग की। जिसमे ग्राम कोरियाडीह आरईओ रोड से श्मशान घाट तक पथ निर्माण। ग्राम कोरियाडीह के श्मशान घाट के निकट चौक डैम का जिर्णोद्धार एंव सिढ़ी का निर्माण, ग्राम लठिया मे सामुदायिक भवन का निर्माण को लेकर जिप अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को ज्ञापन भी सौंपा। इन तीनों मांगो को लेकर जिप उपाध्यक्ष अध्यक्ष उमेश मेहता एवं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस डीएमएफटी योजना में ले लिया गया है जिसे 6 महीने के अंदर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। जिप अध्यक्ष उमेश मेहता ने कहा कि जिले में होने वाले विकास कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने जिप उपाध्यक्ष उमेश मेहता एवं जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव को धन्यवाद दिया। मौके उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि विकास यादव, प्रकाश साव, अजय कुमार, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, गुमला

दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला– 22 सितम्बर 2023

रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला के तत्वाधान में जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला द्वारा दिनांक–22.09.2023 (शुक्रवार) के पूर्वाह्न 10:30 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान :– Government ITI सी0आर0पी0एफ0 कैम्प सिलम तिर्रा कार्यालय गुमला परिसर में।

Sl NO	Name of the Employer & Address	Name of the post	No. of Vacancy	Qualification Required: Essential	Qualification Required: Desirable	Experience	Age (Min. / Max)	(Pay/ Scale)	Job Location
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	Tata Motors	Machine Operator	250	12th pass , ITI , Diploma (Passing marks 40% Female and 50% Male)		-	18-23 Years	12036/- to 15800/- Per Month	Jamshedpur, Jharkhand, Pune, Maharashtra, Pantnagar uttarakhand , Sanand Gujarat.
2	LIC Of India Branch Gumla	LIC Agency as a Career	30	10th Pass (Male and Female Both)			Min 18 Years and Above	Commission Basis	Gumla Jharkhand.
		Agency LIC	30	10th Pass (Male and Female Both)		-	Min 18 Years and Above	Commission Basis	Gumla Jharkhand.
3	Gramin Utthan Samiti Kamdara Gumla	Mobile Repairing Hardware Technician Trainer	02	Diploma, B. Tech, ITI Pass Out.		2year	18-35	15000/- to 20000/- Per Month	Kamdara, Gumla Jharkhand.
4	Ranchi Security (p) LTD Gumla	Field officer / Mobilize	50	10th Pass & Above		1year	18 above	15000/- Per Month	Gumla and Nearby District
5	G4S	Security Guard	500	10th pass (Male and Female Both)	Height For Male 5'.5" For Female 5'.0"	-	18-40	14000/- to 20000/- Per Month	Hyderabad, Noida. Gurgaon, Gujrat .
6	A.K engineering pvt limited Ashian chowk Rajangaon MIDC Pune	Trainee Operator	50	10th 12th , Graduate	-	-	18-35	18000/- 12hr Per Month	Pune, Maharashtra
		Apprenticeship Trainee,		ITI - (Welder, sheet metal, painter, Fitter, Machinist ,electronics, Diesel Mechanical)	-			13,500 /- 8hr Per Month 20,244 /- 12 hr Per Month	Pune, Maharashtra
		Trainee Operator		Diploma Mechanical, production, electrical)				14,500/- 8hr Per Month 21,731 /- 12hr Per Month	
		Trainee Engineer		B.E & B. tech (Mechanical, production, automobile, electrical)	-			15,500/- 8hr Per Month 23,245/- 12hr Per Month	
	Ajay polymer pvt. limited shirur Pune MIDC	Apprenticeship/ Trainee Operator	50	10th ,12th ,ITI	-		18-35	11500/- 8 hr Per Month 18,000/- 12hr Per Month	Pune, Maharashtra
	SIAC-SKH India Cabs manufacturing PVT. LTD Pune MIDC	Apprenticeship/ Trainee Operator	50	10th ,12th, ITI welder, Machinist, Turner	-		18-35	16000/- 8hr Per Month	Pune, Maharashtra
	Mahindra & Mahindra Limited,	Trainee Operator (Only Female)	50	10th ,12th ,ITI , Graduates(BA/BCOM /BSC)			18-28	14,000 to 15,000 per month.	Pune, Maharashtra
7	Finolex industries Ltd	Apprenticeship/ Trainee Operator	50	10th,12th,any ITI			18-35	20500/- to 21700/- 12 hr Per Month	Pune, Maharashtra
	Velengi connectivity pvt.limited (Electrical campnay) Pune	Apprenticeship/ Trainee. Operator (Male/ Female)	50	10th,12th,-			18-35	12532/- 10 hr Per Month	Pune, Maharashtra
				ITI				14352/- 10 hr Per Month	
				Diploma				16848/-10 hr Per Month	
	Endurance Technology Limited Waluj MIDC Aurangabad	Apprenticeship/ Trainee Operator, Trainee Engineer (Male/ Female)	50	Diploma Mechanical, automobile, production, B.E Mechanical, ITI Any Trade(Male/ Female)			18-35	ITI- 13000/- 8 hr Per Month	Aurangabad, Maharashtra
								Diploma - 14000/- Per Month	
								B.E - 15200/- Per Month	
	AE- CIE automotive ltd Aurangabad	Apprenticeship Trainee, Trainee Operator, Trainee Engineer	50	10th,12th,			18-35	13000/- 26 day	
				Any ITI,				14000/- 26days	
				Diploma				14500/-26 days	
				B.E, B.Tech				15500/- 26days	Aurangabad, Maharashtra\
8	Rucha Engineers Pvt. limited. waluj MIDC, Aurangabad Maharashtra	Apprenticeship/ Trainee Operator	50	ITI Any Trade (welder /sheet metal /gas welder/ tin welder/ Fitter/ Machinist/Fitter/Electrician/)			18-35	18000/-12hr For 26 days	Aurangabad, Maharashtra
	Bajaj Electrical limited Chakan MIDC pune	Apprenticeship/ Trainee Operator, Trainee Engineer	50	10th,12th, ITI.			18-35	13000/- 8 hr Per Month 19500/- 12 hr Per Month	Pune, Maharashtra
				Diploma, Graduate				21000/- 12 hr Per Month	
				BE, B.Tech				22000/- Per Month	
	JBM Auto limited all plant in pune & Aurangabad	Apprenticeship/ Trainee Operator	50	ITI,(Fitter, Turner, Machinist, Grinder)			18-35	13600/- 8hr Per Month	Pune & Aurangabad, Maharashtra
	Dynamic transmission limited sambhaji waluj Aurangabad	Apprenticeship/ Trainee Operator	50	ITI (welder, electronics, wireman, Copa, tractor Mechanic, Fitter, Machinist, Grinder, Mechanic, Turner, civil, electrical, automobile, electrician,)			18-35	13852/- 8 hr- Per Month 20500/- 12 hr Per Month	Aurangabad, Maharashtra
9	Dixon Technology Private Limited Company	Machine Operator	2000	10th Pass/ 12th Pass/ ITI/ Diploma Pass. (Only Male)	-		18-30	15,000/- To 20,000/- (Per Month)	Noida sec-63, Uttar Pradesh.
10	VFS Capital Limited ECO Space Business Park Tower -48 4th floor room no- 403 New town, Rajarhat kolkata 700160	Customer Service Representative	50	10th, 12th Pass (Male and Female)	Minimum 0 to 6 months of Experience in Microfinance Industry		18-30 Years	10210/- (Per Month) Gross Salary	Sisai (Gumla), Ranchi, Dumka, Deoghar, Pakur, Daltonganj, Garhwa, Ghatshila, Chandil. Jharkhand.
		Sr. Customer Service Representative	50	10th, 12th Pass (Male and Female)	Minimum 1 to 2 Years of Experience in Microfinance Industry		18-30 Years	12000/- (Per Month) Gross Salary	

कम्पनी द्वारा दिये जाने वाले बेनिफिट्स :–

1) Tea, Breakfast, lunch- 50/- 2) Room rental-1000 /- Per head. 3) Certificate provided. 4) Bank Account. 5). Uniform chargeable- 600/-

6)Attractive salary with P.F& ESIC benefit. 7) Fuel/Incentive/Mobile Allowance. 8) Free Accommodation. 9) उपस्थिति पुरस्कार प्रति माह :– 2500 / – + ओवरटाइम + डिनर और लंच फ्री।

10) नोट:– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों **Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Valid Driving Licence/ Learning Licence (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

11) किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 307055 (Labour Employment and Traning)23-24*D

ओजोन परत के बिना समाप्त हो जायेगी धरती

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किलोमीटर की ऊंचाई पर वायुमंजल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है।

विश्व ओजोन दिवस/16 सितंबर/ विशेष)

योगेश कुमार गोयल

16 सितंबर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरुकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष ह्यविश्व ओजोन दिवसह्न मनाया जाता है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस थीम है ह्यमॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग क्लाइमेट चेंजह्न अर्थात ह्यमॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करनाह्न।

आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री सेल्सियस वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में पिछले साल कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है।नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई है।

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति

समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सहयोग से पर्यावरण पर छपी पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं।

ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किलोमीटर की ऊंचाई पर वायुमंजल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैंगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्रायः कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

(लेखक के निजी विचार हैं।)

जी20 : महिलाओं, बच्चों व किशोरों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर काम करे

अमिताभ कांत/ हेलेन क्लार्क

वैश्विक स्तर पर सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की दृष्टि से महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य में निवेश करना बेहद महत्वपूर्ण है। हर वर्ष, सभी जी20 देशों में कुल मिलाकर लगभग दो मिलियन माताओं, नवजात शिशुओं, बच्चों और किशोरों की मौतें होती हैं। इनमें मृत बच्चों का जन्म भी शामिल है। इन सभी मौतों को रोका जा सकता है। हाल के वर्षों में, इन नकारात्मक परिणामों के प्रमुख कारकों में ह्लचार सीह्व शामिल हैंः कोविड-19, संघर्ष (कनफ्लिक्ट), जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) और जीवन-यापन की बढ़ती लागत का संकट (कॉस्ट ऑफ लिविंग क्राइसिस)।

इन कारकों ने संयुक्त रूप से महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को भारी नुकसान पहुंचाया है। प्रणालीगत भेदभाव और मौसम की चरम घटनाओं, खाद्य असुरक्षा एवं गरीबी में वृद्धि महिलाओं, बच्चों व किशोरों की स्वास्थ्य संबंधी प्रगति में प्रमुख बाधाएं हैं। वर्ष 2000 में, जलवायु संबंधी आपातकाल दुनिया भर में 150,000 से अधिक मौतों और वैश्विक स्तर पर बीमारी के बढ़ते बोझ का जिम्मेदार बना था। इस बोझ का 88 प्रतिशत हिस्सा बच्चों पर पड़ा था। एक अनुमान के अनुसार जलवायु आपातकाल से विस्थापित होने वाले लोगों में से 80 प्रतिशत महिलाएं हैं और इसका मुख्य कारण लैंगिक आधार पर होने वाली आर्थिक एवं सामाजिक असमानताएं हैं।

इस प्रकार की असमानताएं, पर्यावरणीय क्षति और मानव जीवन एवं पूंजी की हानि अत्यंत ही दुखद है। इसके परिणामस्वरूप, महिलाओं के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और इससे ह्लगरीबी का स्त्रीकरणह्व बढ़ जाता है। दुनिया भर में, शिक्षा के समान स्तर को अगर ध्यान में रखकर अगर देखें तो महिलाएं पुरुषों की तुलना में कम कमा पाती हैं। जी20 देशों में कुल वैश्विक जनसंख्या का दो तिहाई हिस्सा निवास करता है और उनके द्वारा सामूहिक रूप से उठाए जाने वाले कदम वैश्विक स्तर के होते हैं। जी20 को अब महिलाओं, बच्चों एवं किशोरों के स्वास्थ्य में सुधार लाने और रोकी जा सकने वाली जीवन की हानि से निपटने की दिशा में कार्रवाई करनी चाहिए। वर्तमान में जी20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी भारत के कंधों पर है और वह सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने एवं वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उदाहरण के लिए, भारत ने 2021 में शुरू की गई डिजिटल रणनीति के हिस्से के रूप में डिजिटल स्वास्थ्य समाधान से संबंधित कई पहल का प्रस्ताव दिया है। इन डिजिटल उपकरणों ने टीकाकरण कवरेज की निगरानी के लिए एक बिलियन लोगों के पंजीकरण और कोविड-19 टीकों की 1.78 बिलियन से अधिक खुराक दिए जाने को संभव बनाया। भारत ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और महामारी संबंधी बेहतर तैयारियों एवं उपायों से जुड़े प्रयासों पर जलवायु संकट के चल रहे प्रभावों को देखते हुए, जलवायु-स्वास्थ्य संबंध से जुड़ी पहल का प्रस्ताव भी दिया है। यह सुनिश्चित करना बेहद महत्वपूर्ण है कि ये सभी पहल लैंगिक और उम्र की दृष्टि से संवेदनशील हों। उदाहरण के लिए, महिला-केन्द्रित डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देना।

अच्छी कार्यप्रणालियों को साझा करने और साझा चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न देशों के बीच सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन के प्रति प्रभावी अनुकूलन के लिए प्रणालीगत दृष्टिकोण और विभिन्न देशों को दक्षिण-दक्षिण और उत्तर-दक्षिण सहयोग के माध्यम से वित्तीय संसाधन बढ़ाने और तकनीकी क्षमताओं के निर्माण में एक-दूसरे के प्रयासों का समर्थन करने की आवश्यकता है। जी20 देशों को महिलाओं, बच्चों और किशोरों के सामने आने वाली स्वास्थ्य एवं कल्याण संबंधी चुनौतियों पर काबू पाने के लिए और अधिक ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

सबसे पहले, जी20 देशों को स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने तथा गरीबी एवं लैंगिक असमानता जैसे स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारकों को दुरुस्त करने के लिए समग्र वित्तपोषण में वृद्धि को प्राथमिकता देनी चाहिए। लैंगिक दृष्टिकोण के माध्यम से भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश से अवैतनिक काम का बोझ कम हो सकता है, बेहतर कल्याण हो सकता है, नौकरियां सृजित हो सकती हैं, श्रमशक्ति की भागीदारी बढ़ सकती है, डिजिटल मोर्चे पर लैंगिक अंतराल में कमी आ सकती है, उत्पादकता बढ़ सकती है और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल सकता है।

दूसरा, कई देश अपने स्वास्थ्य संबंधी व्यय को महामारी के पहले वाले स्तर पर बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं। इसका असर दुनिया भर में महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए अधिक विकास संबंधी सहायता को आकर्षित करके और ऋण के बोझ को कम करने के लिए स्थायी समाधान ढूंढ़ कर विभिन्न देशों को अपनी स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने में मदद करने हेतु वैश्विक स्तर पर प्रयासों की आवश्यकता है। जी20 को इसकी हिमायत करनी चाहिए।

तीसरा, हमें नीतियों और कार्यक्रमों की प्रभावी ढंग से निगरानी एवं कार्यान्वयन के लिए एक मजबूत डेटा सिस्टम की आवश्यकता है। इस तथ्य को देखते हुए कि जी20 देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी करते हैं, वैश्विक जनसंख्या के दो-तिहाई हिस्से को संभालते हैं और महत्वपूर्ण रूप से राजनैतिक प्रभाव रखते हैं, वे अनुसंधान को आगे बढ़ाने और नई एवं बेहतर स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों व टीकों के विकास को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से बेहतर स्थिति में हैं। इन क्षेत्रों में निवेश करते और निर्णय लेते समय महिलाओं, बच्चों और किशोरों को सार्थक रूप से शामिल करना आवश्यक है।

चौथा, बचपन के शुरूआती वर्षों में निवेश करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनमें परिवार-अनुकूल नीतियां और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा का पहलू शामिल है। इस तरह के निवेश संज्ञानात्मक पूंजी को बढ़ावा दे सकते हैं ताकि समावेशी आर्थिक विकास संभव हो सके। संज्ञानात्मक पूंजी में बौद्धिक कौशल का पूरा युग्म शामिल होता है, जिसकी नींव मुख्य रूप से जन्मपूर्व एवं बचपन के शुरूआती वर्षों में पड़ती है और जो मानव क्षमताओं को निर्धारित करता है। (10) जी20 देशों में युवाओं में फैली बेरोजगारी से निपटने के लिए, डिजिटल साक्षरता जैसे किशोरों के कौशल विकसित करने और प्रौद्योगिकी-संचालित एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक विकास को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

जी20 को अपने एजेंडे में महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देनी चाहिए और इन्हें अपने एजेंडे में स्थायी रूप से शामिल करना चाहिए। इसके लिए समर्पित, उन्नत एवं निरंतर वित्तपोषण के साथ-साथ अधिक वैश्विक समन्वय और एकजुटता की आवश्यकता है ताकि कोई भी महिला, बच्चा, किशोर या देश पीछे न छूट पाए। दुनिया भर में सतत आर्थिक विकास के लिए महिलाओं, बच्चों और किशोरों का स्वास्थ्य एवं कल्याण अत्यंत आवश्यक है। इसे जी20 के मजबूत नेतृत्व के बिना संभव नहीं बनाया जा सकता है।

(अमिताभ कांत भारत के जी20 शेरपा और हेलेन क्लार्क पीएमएनसीएच बोर्ड की अध्यक्ष हैं।)

आत्म स्वाभिमान और आत्म परिष्कार से जीवन के उदेश्यों की प्राप्ति

निशा

दुनिया में सबसे अधिक युवा भारत में हैं। युवाओं के योगदान से ही भारत दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। खबर मन्त्र के तत्वावधान में राजधानी के उर्सूलाइन कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के सभागार में एक मोटिवेशनल काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। कामर्स स्ट्रीम के कक्षा11 के 800 छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया।

बतौर विशेषज्ञ खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर एनके मुरलीधर ने छात्राओं को विषयों की जानकारी के साथ ही देश-दुनिया की गतिविधियों पर नजर रखने और उसके विश्लेषण की क्षमता को बढ़ाने की प्रेरणा दी। श्री मुरलीधर ने कहा कि हमें श्रेष्ठ देश की कल्पना करनी हो तो हमें इस राष्ट्र को श्रेष्ठतम राष्ट्र बनाने की हिम्मत भी होनी चाहिए। हमारी विरासत बहुत समृद्ध रही है। हमारे मोटिवेशन के लिये हर ओर सहयोग का वातावरण है। जल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जल का कोई आकार नहीं होता उसी प्रकार मन की चंचलता की कोई सीमा नहीं होती है। जल जब तक आकार में न आये तक तक कोई काम का नहीं होता इसी प्रकार मन को भी एक आकार देने की आवश्यकता है। मनन, मन को आकार देने की प्रकिया है। हमारी सोच से ही हमारी वाणी और व्यवहार नियंत्रित होती है। हर युवा को आने वाले समय में कम से कम 25 साल के परिवर्तन और संभावनाओं का अंदाज होना चाहिए। इससे वे अपने जीवन को

खबर मन्त्र का उर्सूलाइन इंटर कॉलेज में शैक्षणिक कार्यक्रम

दिशा दे सकते हैं। हमारी संस्कृति और सामाजिक वातावरण में सहयोग का बड़ा अदभूत सांमजस्य है।

जीवन में बेहतर संभावना बने इसके लिये अपनी शैक्षणिक विषयों के अधिकतम जानकारी के साथ ही विभिन्न परिवर्तनों पर भी नजर रखें। अपनी संवाद और विचार की शैली को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम करते रहें क्योंकि यह कार्य कुछ दिनों में पूरा नहीं होता। शारीरिक और मानसिक परेशानी को बहुत अधिक प्रभावी न बनने दें। अगर आप हर दिन का काम हर दिन करते हैं तो आपकी दिनचर्या बहुत सुखद और आपके लिये बहुत सुखद हो जायेगी।

हम अपने व्यवहार को लेकर इतना संजीदा रहें कि अनावश्यक स्थिति पैदा ही न हो।

सोशल मीडिया और मोबाइल के उपयोग में पूरी सावधानी की आवश्यकता होती है। हमें इसका सही और सीमित उपयोग ही करना चाहिए। हमारे पास अवसरों की कमी नहीं है कमी है उन अवसरों के अनुकूल हमारी योग्यता प्राप्त कर लेने की। इस अवसर की प्राप्ति के लिये हम शिक्षा ग्रहण करते हैं। देश में जिस प्रकार की आर्थिक स्थिति है उसमें शिक्षा परिवर्तन का सबसे बेहतर हथियार है।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कराया। उन्होंने कहा कि खबर मन्त्र के सहयोग से हम लगातार मोटिवेशनल कार्यक्रम करते रहें है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिये खबर मन्त्र का धन्यवाद।

आदिवासियों की शिक्षा का बदलता स्वरूप

अमरेंद्र किशोर

जनजातीय लोगों ने आबोहवा की हिफाजत और जंगलों को बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। अगर पेसा कानून ने सालों पहले ग्राम सभा को सामुदायिक संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण का अधिकार दिया है तो फिर शिक्षा से इन नागरिक संकायों को जोड़ने की बात क्यों नहीं की गई?

आजादी के अमृत महोत्सव साल में जनजातीय इलाकों में एक उदासीन लोक पर्व मनाया जा रहा है, क्योंकि अब आदिवासियों के स्कूलों की रंगत और रुतबा बदलने के दिन आ गए हैं। बांग्लादेश, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका की तरह मध्य प्रदेश सरकार की ओर से भी राज्य के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बानबे सरकारी स्कूलों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) स्वरूप में संचालित करने के लिए निजी हाथों में सौंपने का फैसला लिया गया है। यह निर्णय कई मामलों में अहम है।

अनुमान है कि मध्य प्रदेश की तरह देश भर में देर-सबेर पीपीपी स्वरूप में आदिवासियों की शिक्षा का स्वरूप उभरेगा। सवाल है कि क्या यह फैसला भारत की नई शिक्षा नीति का एक क्षेपक है, यानी भविष्य की जनजातीय शिक्षा की कोई

रणनीति है? उल्लेखनीय है कि गुजरात और ओड़ीशा में पीपीपी स्वरूप बहुत पहले अपनाया जा चुका है। तो क्या पीपीपी आधारित जनजातीय शिक्षा के एक नए युग की दस्तक है?

पीपीपी स्वरूप का मतलब यह कतई नहीं है कि निजी संस्थाओं को विद्यालय की जमीन, मकान या अन्य किस्म के संसाधनों का मालिकाना हक सौंप दिया जाता है। मुद्दा महज प्रबंधन का भी नहीं, बल्कि सेवाओं के निष्पादन से है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पीपीपी स्वरूप की आड़ में सरकार की विफलताएं परदे के पीछे चली जातीं हैं।

ओड़ीशा में ऐसा ही देखने को मिला है। दरअसल, यह स्वरूप कोई विचार नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है जो जिम्मेदारियों को कम करते हुए एक साधन के रूप में निजीकरण को बढ़ावा देता है। इसमें उम्मीद की जाती है कि विद्यालयों की संख्या बढ़ाकर शिक्षा के अधिकार को शत-प्रतिशत पूरा किया जा सकता है। मध्य प्रदेश के ग्रामीण और वन्य क्षेत्रों में शिक्षा को लेकर व्यापक निराशा है।

याद किया जा सकता है कि राज्य के झाबुआ जिले में पढ़ाई छोड़कर काम की तलाश में निकली लड़कियों से जुड़ी खबर हाल ही में सुर्खियों में आई थी। विज्ञापनी दावों में यह बार-बार जताने की कोशिश की जाती है कि जनजातियों के विकास के प्रति मध्य प्रदेश सरकार पूरी तरह से ईमानदार है, हर साल कल्याणकारी उपायों पर भारी-भरकम राशि खर्च की जाती है। लेकिन नतीजों का हाल जगजाहिर है। सरकार का तंत्र कहीं न कहीं जर्जर हो चुका है।

सरकार का कहना है कि प्रारंभिक अनुबंध कक्षा छह से बारहवीं तक के विद्यार्थियों की प्रगति को मापने के लिए सात साल के लिए होगा। ये स्कूल सरकार को गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की कमी की समस्या को दूर करने में सक्षम बनाएंगे। लेकिन राज्य में एक बड़ी समस्या जहां नवासी आदिवासी विकास खंडों के स्कूलों में कई रिक्तियां हैं।

अब निजी हिस्सेदार या सहयोगी ही शिक्षकों और कर्मचारियों का चयन करेगा। इस बात के लिए तसल्ली दी गई है कि सरकारी शिक्षक भी वहां काम करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपना पल्ला झाड़ते हुए सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगिता परीक्षा में विद्यार्थियों का अधिकतम चयन सुनिश्चित करने के साथ उनके ज्ञान के स्तर को बढ़ाने की जिम्मेदारी निजी भागीदारों की होगी।

लेकिन सवाल है कि विद्यालयों में रिक्तियों के कारण क्या हैं? अभी तक सरकार के शिक्षा विभाग ने क्या किया? ग्रामीण अंचलों से भी कहीं कठिन इलाकों में स्थित विद्यालयों के हालात क्यों बदतर हैं? सरकार की जवाबदेही किसके प्रति है? क्या सरकार ने बनी-बनाई लीक से हटकर नव्यतम तरीकों को अपनाने की पहल कभी की है? जितनी ईमानदारी बीड़ी पत्ता का मसला सुलझाने में दिखी थी, उतनी ही तत्परता उन आदिवासी विद्यालयों को लेकर क्यों नहीं देखने को मिली है? आज आदिवासी विद्यालय का उदास-बेजान माहौल, आदिवासियों की शिक्षा का माध्यम और उसे स्वीकार करने का द्वंद्व, अपनी मातृभाषा में शिक्षा हासिल नहीं करने की स्थिति अनेक सवाल पैदा करती है। आदिवासी विद्यालयों के संचालन या प्रबंधन को किसी के हाथों में सौंपना ही था तो नमूने के तौर पर चरणबद्ध हस्तांतरण करने में दिक्कत क्या थी? पेसा लागू करने का रंगारंग उत्सव मनाने वाली राज्य सरकार ग्राम सभाओं को इस तरह के हस्तांतरण शामिल करने से क्यों बचती रही है?जनजातीय लोगों ने राज्य की आबोहवा की हिफाजत और जंगलों को बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

(साभार जनसत्ता)

राष्ट्रभाषा के बिना गूंगा है राष्ट्र

योगेश कुमार गोयल

हिन्दी भाषा को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिवर्ष 14 सितंबर का दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी के साथ शुरू हो जाता है हिन्दी दिवस सप्ताह। प्रत्येक भारतीय के लिए अब यह गर्व की बात है कि दुनियाभर में हिन्दी को चाहने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉ. फादर कामिल बुल्के ने संस्कृत को मां, हिन्दी को गृहिणी और अंग्रेजी को नौकरानी बताया था। आयरिश प्रशासक जॉन अब्राहम ग्रियर्सन को भारतीय संस्कृति और यहां के निवासियों के प्रति अगाध प्रेम था, जिन्होंने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि बताया था। दूसरी ओर हमारे ही देश में कुछ लोग कुतर्क देते हैं कि भारत सरकार योग को तो 177 देशों का समर्थन दिलाने में सफल हो गई लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन भी नहीं जुटा सकी और इसे अब तक संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने में भी सफलता नहीं मिली। हालांकि इस प्रकार की नकारात्मक बातों से न हिन्दी का कुछ भला होने वाला है और न ही उसका कुछ बिगड़ने वाला है। ऐसे व्यक्ति हिन्दी की बढ़ती ताकत का यह सकारात्मक पक्ष बहुत चालाकी से नजरअंदाज कर देते हैं कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। हिन्दी को लेकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने एक बार कहा थाः-निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।

अर्थात अपनी भाषा से ही उन्नति संभव है क्योंकि यही सारी उन्नतियों का मूलाधार है। मातृभाषा के ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा का निवारण संभव नहीं है। देश-विदेश के बड़े-बड़े विद्वानों ने हिन्दी भाषा के महत्व को समय-समय पर अपने शब्दों में व्यक्त किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के छोटे से छोटे क्षेत्र में भी हिन्दी अपना दायित्व निभाने में समर्थ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनसम्पर्क के लिए हिन्दी को ही सबसे उपयोगी भाषा मानते थे। हिन्दी भाषा के महत्व को स्वीकारते हुए वह कहा करते थे कि सम्पूर्ण भारत के परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है, जिसे जनता का बड़ा भाग पहले से ही जानता-समझता है और राज व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है।

गांधी जी कहते थे कि दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल, दिल से बातचीत करता है और राष्ट्रभाषा के बिना एक राष्ट्र गूंगा है। अमेरिका के जाने-माने चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग का कहना था कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी हिन्दी को देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत मानते थे जबकि राहुल सांकृत्यायन के अनुसार संस्कृत की विरासत हिन्दी को जन्म से ही मिली है।

स्पीड न्यूज

प्रज्ञा केंद्र प्रदेश यूनियन महासचिव के आचरण से सदस्यों में दिखी नाराजगी

गुमला। राज्य प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ के संरक्षक रहे गुमला के टोटो निवासी अमरनाथ गुप्ता ने कहा है कि जल्द ही प्रज्ञा केंद्र संचालकों के हित की रक्षा के लिए अलग संघ बनाया जायेगा। अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में जो संघ चल रहा, वो प्रज्ञा केंद्र संचालकों को दबाने का कार्य कर रहा। चंद लोग ही संघ को मनमर्जी चला रहे हैं। संघ के महासचिव - संरक्षकों के ही सदस्यता पर सवाल उठा कर संघ के ग्रुप से निकलने का कार्य करते हैं। राज्य प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ के पुराने बहुत से अगवा साथी महासचिव की इस बचकाना हरकत से नाराज हैं। जिसमें खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, बोकारो, जमशेदपुर, पलामू के साथी शामिल हैं।

मनरेगा लोकपाल ने पदाधिकारियों व कर्मियों संग योजनाओं की समीक्षा की

चैनपुर। प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा लोकपाल शहनवाज शेख ने बैठक कर चैनपुर प्रखंड में मनरेगा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। वहीं उपस्थित मनरेगा कर्मियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी पंचायत में चल रहे विकास योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की और कहा कि जितने भी योजनाएं ओन गोविंग है उसका रिकार्ड अप टू डेट रखें। कार्यस्थल पर मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में बीपीओ कांति कुमारी सहित सभी मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि

गुमला। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में वीर सैनिक कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौनेक एवं डीएसपी हुमायूं भट्ट का आतंकियों के साथ मुठभेड़ में शहादत होने पर गुमला जिला के अमर जवान ज्योति सर्किट हाउस रोड पर श्रद्धांजलि सभा की गयी। अजय कुमार ने कहा कि गुमला वीरों की भूमि है। जहां से प्रत्येक वर्ष सैकड़ों की संख्या में वीर सैनिकों का निर्माण होता है। इतना ही नहीं राष्ट्र का नाम ऊंचा करने के लिए विविध क्षेत्र के खिलाड़ी गुमला को देशभर में प्रतिष्ठित कर रहे हैं ऐसे में इस शहादत से यहां के युवा और भी जोश से भर जाते हैं। वक्त आ गया है कि आतंक की फैक्ट्री जहां लगी है उस फैक्ट्री को ही नेस्तनाबूद कर दिया जाये।

करमा पर्व पूर्व संध्या मनाने की तैयारी

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड के नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय के खेल प्रांगण स्थित धूमकुड़िया भवन में आदिवासी छात्र संघ और राजी पड़हा प्रार्थना सभा ने बैठक की। बैठक में 19 सितंबर को करमा पर्व पूर्व संध्या आदिवासी परंपरा और रीति रिवाज के अनुसार सौहार्द से मनाने को लेकर चर्चा करते हुए आयोजन कमेटी का विस्तार किया गया। साथ ही विधि व्यवस्था के बारे में विचार विमर्श किया गया। आयोजन कमेटी के सचिव प्रकाश उरांव ने जानकारी दी कि करमा पर्व पूर्व संध्या को सफल बनाने के लिए कमेटी का विस्तार किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, बालेश्वर उरांव, प्रकाश उरांव, गोपाल उरांव, धनवाज उरांव, रामप्रकाश तिग्गा, अनिल उरांव, एतवा उरांव व सैकड़ों लोग मौजूद थे।

मालवाहक टेंपो सामान के साथ जब्त

सेन्हा-लोहरदगा। थाना क्षेत्र के कंडरा चौक के समीप जीएसटी पदाधिकारी अंशु यादव तथा सेल टैक्स पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने प्लास्टिक के सामान से भरा मालवाहक टेंपो को पकड़ा। वाहन मालिक लोडेड सामान का कागजात नहीं दिखा सका, जिसपर टेंपो (जेएच 01ई 8239) जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। जीएसटी पदाधिकारी अंशु यादव का कहना है कि टेंपो में प्लास्टिक पाइप सहित अन्य सामान लदे टेंपो की कंडरा चौक के समीप जांच की गयी। कागजात की जांच में जीएसटी पेपर में कमी मिली। अब जुर्माना वसूली के उपरांत ही जब्त वाहन को सामान के साथ मुक्त किया जायेगा।

चिनियां में हाथियों का उत्पात किसानों का फसल किया बर्बाद

डंडई। गढ़वा जिले के चिनिया प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का उत्पात बढ़ गया है। हाथियों ने प्रखंड के विलायती खैर पंचायत के ग्राम राजबांस में कई एकड़ में लगे किसानों के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव ने गांव में पहुंचकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाने का आश्वासन है। बुधवार की रात्रि गांव के किसान सूर्योदय सिंह, बनेश्वर सिंह, दशरथ सिंह, बुधन सिंह आदि के खेतों में लगे फसल को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। मुखिया ने लोगों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन देते हुए सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण हाथियों से उलझे नहीं, सतर्कता पूर्वक रहें। हाथियों ने उक्त सहित दिलावर भुईयां, सविता देवी, तेतरी कुंवर, अविनाश सिंह, बिगन भुईयां, रोहित भुईयां, शिवप्रसाद सिंह सुभाष सिंह आदि किसानों का मक्का, अरहर, मडुआ तथा मूंगफली आदि की खेती को काफी नुकसान पहुंचाया है।

अवैध बालू कारोबारी के हमले में बाल-बाल बचे डीएमओ

पांच ट्रैक्टर जब्त, तीन ड्राइवर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले में एनजीटी रोक के बावजूद अवैध रूप से बालू का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। डीसी मेघा भारद्वाज के कड़े निर्देश को लेकर जिला खनन पदाधिकारी दरोगा राय ने शुक्रवार को तिलैया थाना क्षेत्र के झलपो विश्रामबाग, जयनगर रोड और महतो आहर रोड में कार्रवाई की। इस दौरान डीएमओ के द्वारा महतो अहरा रोड में बालू लोड 2 ट्रैक्टर, जयनगर रोड में बालू लोड एक ट्रैक्टर एवं झलपो विश्रामबाग रोड़ में बालू लोड 3 ट्रैक्टर को पकड़ा गया। इस दौरान बालू लोड एक ट्रैक्टर को झलपो विश्रामबाग रोड में करीब 100 की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ ने खनन विभाग के कब्जे से ट्रैक्टर को छुड़ा लिया और लेकर फरार हो गए। इस कार्रवाई के दौरान जब डीएमओ जयनगर रोड में पकड़े गए बालू लोड ट्रैक्टर को अपनी टीम के साथ जब्त कर कोडरमा लेकर जा रहे थे, तभी कोडरमा थाना क्षेत्र के ओवर ब्रिज के समीप ट्रैक्टर का चालक अचानक ट्रैक्टर से कूद कर फरार हो गया, जिसके बाद ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर डीएमओ की गाड़ी से टकरा गई। जिसमें खनन पदाधिकारी की वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। डीएमओ ने बताया कि इस दौरान उन्होंने एवं अन्य कर्मियों ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। डीएमओ ने बताया कि इस पूरे मामले में 3 ट्रैक्टर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पुलिस को सौंपा गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर ड्राइवर एवं टीम से जबरन ट्रैक्टर को छुड़ाने वाले ग्रामीणों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कोडरमा और तिलैया थाना में आवेदन दिया गया है। पकड़े गए चालकों में कैलाश रजक, राजेश्वर यादव और सुरेंद्र साव शामिल हैं।

अवैध आरा मिल पर चला बुलडोजर कीमती लकड़ियां बरामद

रमना। रमना वन परिसर अंतर्गत लातदाग सब बीट में डीएवी पब्लिक स्कूल के समीप चल रहे अवैध आरा मील को वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को जब्त करते हुए संचालक पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार वनों के क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा के नेतृत्व में टीम बनाकर शुक्रवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। वन परिसर पदाधिकारी नीरज कुमार कुशवाहा ने बताया कि एक आरा मील, एक डीलज इंजन, शीशम और सेमल का करीब 60 पीस चिरान लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। पारसनाथ विश्वकर्मा नामक व्यक्ति के द्वारा आरा मशीन चलाया जा रहा था। हलांकि वन विभाग की छापेमारी की भनक लगते ही संचालक और कर्मी भागने में सफल रहे। छापेमारी के बाद वन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करा दिया गया है। छापेमारी दल में नीरज कुमार कुशवाहा के अलावे वनरक्षी राजू कुमार, सचिन कुमार, ध्रुव कुमार, प्रवीण शुक्ल, पुष्पराज, राजकुमार, मनीष टोप्पो, शशिकांत, बाबुलाल सहित कई लोग शामिल थे।

पेशरार प्रखंड में लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बांटा मांदर

आदिवासी संस्कृति को बचाना व आगे बढ़ाना है : डॉ रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम में मौजूद मंत्री व अन्य।

पेशरार। प्रखंड में कला सस्कृति खेलकूद विभाग ने मांदर वितरण समारोह किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत ग्रामीण जनता एवं प्रखंड प्रशासन के द्वारा आदिवासी रितिवाज, ढोल नगाड़ा के साथ झ साथ गीत संगीत के साथ स्वागत किया गया। मांदर वितरण समारोह का उद्घघाटन मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि करमा पर्व को देखते हुए मांदर वितरण किया जा रहा है। ताकि हम सभी खुशियों के साथ त्योहार मना सके। हम आदिवासियों को अपने संस्कृति सभ्यता को बचाना और आगे बढ़ाना है। गीत संगीत और वाजतंत्र आदि आदिवासियों के रीति रिवाज को दिखाती एवं दर्शाती है। इस लिए आदिवासी समाज के उत्थान के लिए मेरे विधायक मद से 29 अखड़ा का निर्माण पेशरार प्रखंड में किया जा रहा है। जिससे पारंपरिक तौर से आदिवासी ग्राम जनता अपना पर्व बना सके।

खास बातें : साथी आदिवासी बहुल गांव में कला संस्कृति एवं खेलकूद पर्यटन विभाग मंदिर मांदर का वितरण कर रहा है जिसकी एक कड़ी पर पेशरार प्रखंड एक शुरुआत है। पूरे लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कर्म पर धूमधाम से बनाने के लिए प्रत्येक प्रखंडों में लगभग 300 मांदर एवं नगाड़ा का वितरण किया जायेगा। ताकि मांदर, नगाड़ा वितरण एवं अखड़ा निर्माण से आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को आगे बढ़ाया जा सके। साथ ही वैसे आदिवासी बहुत क्षेत्र जहां संख्या अधिक है।

आरसीआईटी के सभागार में मना अभियंता दिवस

रेल लाइन ट्रैक डिटेक्टर व स्मार्ट ब्रिज प्रोजेक्ट मॉडल को मिला फर्स्ट प्राइज

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर पलामू। जिले के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के आरसीआईटी स्थित सभागार में शुक्रवार को अभियंता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि रजहरा कोल माइंस प्रोजेक्ट के अभियंता अमोल सिन्हा, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी, कुलपति डॉ कल्याण कुमार, डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग डॉ एनके अग्रवाल, डिप्युटी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी, मनीषा सिंह, विवेक चंद्रवंशी ने संयुक्तरूप से किया। इंजीनियर्स डे को महान इंजीनियर, वैज्ञानिक और निमार्ता एम विश्वेश्वरैया को समर्पित किया गया है। क्योंकि आज भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्मदिवस है। कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि 15 सितंबर 1861 को मैसूर (कर्नाटक) के कोलार जिले के चिक्काबल्लापुर तालुका में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म हुआ था। इंजीनियर्स डे मनाने का उद्देश्य है भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना। कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक, एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्रों ने 75 इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। सभी अतिथियों छात्र छात्राओं के द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट का अवलोकन करने के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 75 इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट मॉडल में प्रथम पुरस्कार रेल लाइन ट्रैक डिटेक्टर एवं स्मार्ट ब्रिज को सम्मिलित रूप से दिया गया।

किराना दुकान में चोरी, सामान सहित नगद 70,000 ले भागे चोर

खबर मन्त्र संवाददाता

लोयाबाद। गुरुवार की रात्री मे एकड़ा निवासी मनोज कुमार सिंह के किराना दुकान मे चोरो ने दुकान का ताला तोडकर हजारो की सम्पति पर हाथ साफ किया। विदित हो कि गुरुवार की रात्री मे प्रतिदिन की भांति करीब दस बजे अपनी दुकान बन्द करके अपने घर गया। सुबह जब अपने घर का दरबाजा खोलने की कोशिश कि तो दरबाजा खुलने की दिक्कत हो रही थी, दरबाजा खुलने के बाद देखा कि कुण्डी को रस्सी से बांधा था जब दुकान की और गया तो देखा कि दुकान मे लगा दोनो ताला था ही नही अन्दर जाकर देखा तो मेरे होश ही उड गये। जिस थैले मे महाजन को पैसे देने के लिए रखा था वो थैला ही गायब था। उस थैले मे नगद सत्तर हजार के साथ तीन एटीम कार्ड ,आधार कार्ड,पैन कार्ड भी था। सब चोर ले भागे उक्त बातें भुक्तभोगी मनोज कुमार सिंह उर्फ बब्लू ने बताया वही मनोज सिंह उर्फ बब्लू ने लिखित आवेदन थाना मे दिया है । सुबह मे सूचना पाकर लोयाबाद थाना के सब इन्सपेक्टर निरंजन महतो एवं हिरालाल दास भुक्तभोगी के किराना दुकान जाकर जांच पडताल की।

जिन बैंकों का लगातार खराब प्रदर्शन मिलेगा उन्हें ब्लैकलिस्टेड कर दिया जायेगा : उपायुक्त

- उपायुक्त ने विभिन्न विभागों एवं बैंकर्स के साथ की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में कृषि, उद्यान, भूमि संरक्षण, सहकारिता विभाग, मत्स्य, पशुपालन एवं गव्य विकास आदि विभागों की संयुक्त रूप से समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में उक्त सभी विभाग अंतर्गत ऐसे संचालित मुख्य योजनाएं जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु बैंक की भूमिका महत्वपूर्ण है वैसे योजनाओं की समीक्षा की गयी।

इस दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस दौरान उपायुक्त ने उद्यान विभाग अंतर्गत संचालित योजना पीएमएफई, पीएमईजीपी, केसीसी से संबंधित बैंकवार प्रगति से संबंधित समीक्षा की। इसी प्रकार कृषि विभाग अंतर्गत ऋण माफी योजना, केसीसी, ई-केवाईसी, पीएम किसान योजना की भी समीक्षा की।

एक नजर में

प्रेम प्रसंग में हुई थी धीरज रवानी की हत्या

कतरास। बरोरा थाना अंतर्गत अपर मंदरा में धीरज रवानी को टिंकू ठाकुर द्वरा गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल ,अवर निरक्षक रवि आनंद एवं सहायक अवर निरक्षक सतेंद्र प्रजापति ने महज चन्द घण्टो मे आरोपी टिंकू ठाकुर को धर दबोचा है। पूछ ताछ पर उसने खुद कबूला की मैंने धीरज रवानी को गोली मारकर हत्या की थी। जिसके बाद बाघमारा एसडीओपी निशा मुर्मू ने प्रेस वार्ता कर खुलासा किया कि प्रेम प्रसंग में धीरज रवानी की हत्या की गई थी। मौके पर बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ,बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल ,अवर निरक्षक रवि आंनद मौजूद थे।

नौ वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेरमो। बेरमो अनुमंडल के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। बच्ची को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक उमेश महतो को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि घटना 13 सितंबर की शाम की है। बच्ची के साथ उसी गांव के 21 वर्षीय युवक उमेश महतो ने दुष्कर्म कियाए वह रिश्ते में बच्ची का चाचा है। परिजनों के अनुसारए घटना के समय बच्ची घर में अकेली थी। मां बाजार गई हुई थीए बच्ची को अकेली पाकर युवक घर में घुसा और दुष्कर्म किया। जब मां घर पहुंची, तो देखा कि बच्ची का कपड़ा खून से लथपथ है। परिजन आनन-फानन में उसे गोमिया सामुदायिक केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे बोकारो रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी उमेश महतो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की इसी वर्ष 14 जून को शादी हुई थी।

गाली-गलौज के बाद चाकूबाजी, तीन युवक घायल

पुटकी। पुटकी थाना अंतर्गत पुटकी ए टाइप श्रमिक क्लब गेट के समीप एक युवक ने चाकूबाजी कर तीन युवकों को घायल कर दिया। घटना शुक्रवार की दोपहर की हैं। वहीं घायल युवकों में अरलगड़िया पंचायत मुखिया के नीतू सिंह का पुत्र आयुष सिंह उम्र 17 वर्ष वही धनबाद जिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पप्पू पासवान का पुत्र पियूष पासवान उम्र 18 वर्ष व अभिषेक कुमार उम्र 18 वर्ष शामिल दोनो प्रेम नगर निवासी हैं। इस घटना के संबंध में घायल आयुष ने बताया कि श्रमिक क्लब गेट के पास किसी बात को लेकर मेरे फुफेरे भाई शुभम सिंह के साथ अरलगड़िया सिंह बस्ती के टिंकू सिंह के साथ बहस होते होते गाली -गलौज होने लगा,गाली गलौज सुन हमलोग बीच बचाव में वँहा गए तब टिंकू ने चाकू निकाल कर हमलोग पर हमला कर दिया।

स्वास्थ्य मेला का समुचित लाभ उठायें सभी ग्रामीण : जिप अध्यक्ष

- भंडरा सनुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

भंडरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया। मौके पर जिप अध्यक्ष रिना कुमारी एवं प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत सिन्हा, थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया गया मौके पर जिप अध्यक्ष रिना कुमारी ने कहा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। लोग जागरूक होकर स्वास्थ्य केंद्र में आकर अपनी बीमारी का इलाज करायें। उन्होंने कहा कि सांप काटने पर झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं रहे। मरीज को तुरंत अस्पताल पहुंचायें।

बीडीओ हटाओ, प्रखंड बचाओ रैली एवं धरना प्रदर्शन का किया गया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन शुक्रवार को पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के नेतृत्व में मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो के कार्यशैली के विरोध में बीडीओ हटाओ,प्रखंड बचाओ रैली एवं महा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों एवं गावों से हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए। रैली की शुरूआत हाई स्कूल मणिका के समीप से किया गया जिसके बाद पचफेड़ी चौक होते हुए रैली प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची जहां रैली सभा में तब्दील हो गई। वहीं कार्यक्रम में शामिल लोगों ने बीडीओ के विरोध में जमकर नारेबाजी किया। वहीं बलवंत सिंह ने सभा को संबोधित भी किया जिसमें उन्होंने इस बात को उजागर करते हुए साक्ष्य भी पेश किया कि कैसे बीडीओ वीरेंद्र किंडो के नेतृत्व में एवं संरक्षण में मनिका प्रखंड कार्यालय लूट तंत्र का अड्डा बना दिया गया है। मनिका बीडीओ के द्वारा स्वयं ही 15 वें वित्त आयोग का एम.बी.जारी किया जाता है जबकि यह पंचायत के मुखिया के कार्यक्षेत्र के अधीन आता है।

दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में एनआईटी जमशेदपुर के आठ प्रोफेसर का नाम शुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। एनआईटी जमशेदपुर के संकाय ने 2023 के लिए विश्व स्तर पर शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की सूची में अपनी पहचान बनाकर संस्थान को पूरे देश में गौरवान्वित किया है। संस्थान के 8 प्रोफेसरों को स्टैंफोर्ड यूनिवर्सिटी ने दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की श्रेणी में शामिल किया है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारतीय शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एनआईटी जमशेदपुर के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। यह सर्वेक्षण अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के समूह द्वारा चयन के आधार पर प्रकाशित किया गया है, जिसमें वैज्ञानिकों का चयन उनके लिए प्रकाशित शोध कार्य प्राप्त उद्धरणों के आधार पर किया जाता है। विदित है की अमेरिका के स्टैनफोर्ड, कैलिफोर्निया में स्थित 8,180 एकड़ क्षेत्र में फैला दुनिया के टॉप एजुकेशनल इंस्टिट्यूट्स में से एक स्टैंफोर्ड यूनिवर्सिटी कैंपस की स्थापना 1885 में हुई थी और यह संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है, जहां हायर एजुकेशन के लिए साइंस, कॉमर्स, मेडिसिन, सोशल साइंस समेत लगभग सभी विषयों पर कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। यह यूनिवर्सिटी एक प्रमुख रिसर्च सेंटर भी है जो न्यूरोसाइंस, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान, साइबर सिक्योरिटी, जीव विज्ञान, सौर ऊर्जा, आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रिसर्च के लिए पहचानी जाती है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी को विश्व में नोबेल पुरुस्कार विजेताओं की खान के रूप में भी ख्याति मिली हुई है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के 32 वैज्ञानिकों, प्रोफेसरों और छात्र नोबेल पुरस्कार जीत चुके हैं। दुनिया के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों की श्रेणी में मान्यता मिलने से एनआईटी जमशेदपुर का सम्मान बढ़ गया है, क्योंकि यह सम्मान एक अद्वितीय और महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो भारतीय शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एनआईटी जमशेदपुर के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है।

महिला हत्याकांड का सिसई पुलिस ने किया उद्भेदन, आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

- डायन-बिसाही के शक में महिला की टांगी से मारकर हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरफ्तार अभियुक्त के साथ एसपी व अन्य।

गुमला। सिसई पुलिस ने थाना क्षेत्र के सेमरा हराटोली निवासी 45 वर्षीय फगनी देवी हत्याकांड का उदभेदन कर लिया है। इस संबंध में पुलिस ने हत्याकांड के अभियुक्त सेमरा हराटोली निवासी बिनोद खड़िया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि 13 सितंबर को महिला की हत्या हुई थी। जिसको लेकर मृतका के पति छुनकू खड़िया के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। एसपी ने मामले के उदभेदन को लेकर एसडीपीओ गुमला के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।

खास बातें : गठित टीम विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से छानबीन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के अप्राथमिक अभियुक्त बिनोद खड़िया को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने हत्याकांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि उसकी मां प्रभा देवी अचानक बीमार हुई और उसकी मौत हो गई। जिसको लेकर फगनी देवी पर भूत प्रेत करने का आरोप लगाते हुए बिनोद खड़िया ने 13 सितंबर को सुनसान स्थान पर फगनी देवी पर टांगी से हमला कर व गलारेत कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगा टांगी बरामद कर लिया। छापामारी दल में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, थाना प्रभारी सिसई आदित्य कुमार चौधरी, पुअनि मीनकेतन कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

सुपर-4 के अंतिम मुकाबले में बांग्लादेश से 6 रन से हारा भारत

एजेंसी

कोलंबो। एशिया कप 2023 के सुपर 4 मुकाबले में बांग्लादेश ने टीम इंडिया को 6 रन से हरा दिया। टीम इंडिया पहले ही एशिया कप के फाइनल में है। ऐसे में सुपर 4 के अंतिम मुकाबले में टीम इंडिया जीत के साथ अधिक आत्मविश्वास लेना चाह रही थी लेकिन बांग्लादेश ने ऐसा होने नहीं दिया। बांग्लदेश ने पहले खेलते हुए शाकिब अल हसन के 80 और तौहिद के 54 रनों की बदौलत 265 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया की ओर से शुभमन गिल ने शतक लगाया। लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट गिरने के कारण वह भी दबाव में आ गए। अंत के ओवरों में अक्षर पटेल ने कुछेक रन बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। इससे पहले कप्तान शाकिब अल हसन (80 रन) और तौहिद हृदय (54 रन) ने भारत के कम धारधार गेंदबाजी आक्रमण का फायदा उठाते हुए अर्धशतक जड़े जिसकी बदौलत बांग्लादेश ने 'सुपर 4' के अंतिम मैच में आठ विकेट पर 265 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया। बांग्लादेश ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 59 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे लेकिन शाकिब ने 85 गेंद में 80 रन की पारी खेलकर टीम को संभाला और तौहिद ने 81 गेंद में 54 रन बनाकर उनका अच्छा साथ निभाया। हालांकि इस मुकाबले का नतीजा दोनों टीमों के लिए मायने नहीं रखेगा क्योंकि भारत पहले ही रविवार को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुका है जिसमें उसका सामना श्रीलंका से होगा। बांग्लादेश पहले ही एशिया कप से बाहर हो चुका है। इसलिए ही भारत ने अपने पहली पसंद के 5 खिलाड़ियों - विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव - को आराम दिया जबकि तिलक वर्मा को वनडे में पदार्पण कराया। इससे मोहम्मद शमी, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और सूर्यकुमार यादव को अंतिम एकादश में शामिल किया गया। वहीं, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा (53 रन देकर एक विकेट) एक विकेट लेते ही वनडे में 2,000 से अधिक रन और 200 या इससे अधिक विकेट लेने वाले भारत के दूसरे क्रिकेटर बन गए। लेकिन भारत ने इस मैच से दो लक्ष्य हासिल किए, एक तो यह प्रदर्शन श्रीलंका को फाइनल के लिए अपनी तैयारी दिखाने के लिए काफी रहा और दूसरा संभावित खिलाड़ियों के प्रदर्शन से टीम प्रबंधन भी किसी भी स्थिति के लिए अपने ह्यबैक अप' खिलाड़ियों की उपलब्धता पर आश्वस्त हो गया। इसमें शमी का नई गेंद से प्रदर्शन उनके लिए अच्छा संकेत होगा क्योंकि इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने शानदार शुरूआत करते हुए लिटन दास के स्टंप उखाड़ दिए। वहीं, ठाकुर (65 रन देकर 3 विकेट) हालांकि भारत के लिए सबसे खचीर्ले गेंदबाज रहे लेकिन उन्होंने तीन विकेट लेकर इसकी भरपाई की। शाकिब और तौहिद ने मिलकर 5वें विकेट के लिए 101 रन की भागीदारी निभायी। तौहिद के लिए अर्धशतकीय पारी आत्मविश्वास बढ़ाने वाली रही जो हाल में ज्यादा प्रभावित नहीं कर पा रहे थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज शाकिब ने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल (47 रन देकर एक विकेट) पर लगातार 2 छक्के जड़ दिए लेकिन तौहिद को छोड़कर उन्हें दूसरे छोर पर सहयोग नहीं मिला। बांग्लादेश ने 14वें ओवर में 59 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद इस भागीदारी से टीम संभलने में सफल रही। ठाकुर ने शाकिब को जबकि शमी ने तौहिद को आउट किया। बांग्लादेश के लिए नासुम अहमद ने 45 गेंद में 44 रन का योगदान दिया जिससे टीम 250 रन के पार पहुंची। भारतीय टीम के लिए सूर्यकुमार, तिलक और केएल राहुल ने अगर तीन कैच लपक लिये होते तो बांग्लादेश की पारी पहले ही खत्म हो जाती। जवाब में खेलने उतरी टीम इंडिया ने पहली ही ओवर में रोहित का विकेट गंवा लिया। इसके बाद तिलक वर्मा भी खास नहीं कर पाए और 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद शुभमन गिल और केएल राहुल ने एक छोर संभाला। केएल राहुल 19, ईशान किशन 5 तो सूर्यकुमार यादव 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। एक छोर पर खड़े शुभमन गिल ने अपना शतक पूरा किया।

रोहित शर्मा के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकार्ड...

एशिया कप इतिहास में रोहित शर्मा 3 बार जीरो पर आउट होने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। इसके अलावा एशिया कप इतिहास में रोहित शर्मा 2 बार जीरो पर आउट होने वाले पहले भारतीय ओपनर हैं। साथ ही रोहित शर्मा के नाम एक और शर्मनाक रिकार्ड दर्ज हो गया है। दरअसल, एशिया कप इतिहास में रोहित शर्मा जीरो पर आउट होने वाले पहले भारतीय कप्तान हैं। इससे पहले एशिया कप 1988 में दिलीप वेंगसकर बतौर कप्तान जीरो पर आउट हुए थे।

पांच बदलाव के साथ उतरा भारत

कोलंबो। एशिया कप में सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में भारत ने शुक्रवार को टॉस जीत कर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। भारत ने इस मुकाबले के लिये टीम में पांच बदलाव किये हैं। तिलक वर्मा की इस मुकाबले के जरिये एक दिवसीय मैच में पदार्पण हुआ है, उनके अलावा सूर्य कुमार यादव, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा टीम में आए हैं। भारत एशिया कप के फाइनल में पहले ही पहुंच चुका है।

शुभमन ने फिर जीता दिल, ठोकी 5वीं वनडे सेंचुरी, जहां सारे सूरमा ढेर

कोलंबो। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने अपने वनडे करियर का पांचवां शतक ठोक दिया है। 25 वर्षीय गिल के लिए यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि यह विपरित हालातों में आया। एशिया कप 2023 में शुक्रवार रात बांग्लादेश के खिलाफ जब रोहित-सूर्यकुमार जैसे तमाम सूरमाओं ने घुटने टेक दिए, तब वहां शुभमन गिल क्रीज पर अकेले डटे रहे। कहर बरपा रहे बांग्ला स्पिनर्स को पूरी समझदारी के साथ खेला। जरूरत के मुताबिक सिंगल-डबल्स दौड़े तो कमजोर गेंदों पर बड़ी हिट लगाई। गिल ने 39वें ओवर में तेज गेंदबाज तंजीम हसन की दूसरी बॉल पर दो रन चुराते हुए यह मुकाम हासिल किया। अपने पांचवें शतक के लिए उन्होंने 118 गेंदों का सहारा लिया। शतकीय पारी में गिल ने छह चौके और चार छक्के मारे।

अखिल भारतीय टेनिस संघ ने बोपन्ना को सम्मानित किया

लखनऊ। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआइटीए) ने देश के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को सम्मानित किया। बोपन्ना शनिवार और रविवार को लखनऊ के गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में मोरक्को के खिलाफ वर्ल्ड ग्रुप-2 प्ले-ऑफ में मोरक्को के खिलाफ विदाई मुकाबला खेलेंगे। भारतीय 43 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते एक नया इतिहास रचा जब वह यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम युगल फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। सम्मान समारोह में एआईटीए के अध्यक्ष अनिल जैन, भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल जो भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं, एआईटीए महासचिव अनिल धूपर और अन्य एआईटीए अधिकारी उपस्थित थे।

डायमंड लीग फाइनल्स में खिताब का बचाव करने उतरेंगे नीरज चोपड़ा

एजेंसी

यूजीन (अमेरिका)। विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक का भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अपने जाने पहचाने प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल्स में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेगा। 25 वर्षीय एथलीट चोपड़ा पिछले साल ज्यूरिख में डायमंड लीग चैंपियन बने थे। उन्होंने इस सत्र में अभी तक अपना दबदबा बनाकर रखा है और वह डायमंड लीग फाइनल्स में भी इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अगर चोपड़ा फिर से ट्रॉफी जीतने में सफल रहते हैं तो उन्हें 30 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। वह डायमंड लीग ट्रॉफी का बचाव करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। चेक गणराज्य के विटेजस्लाव वेस्ली 2012 और 2013 में जबकि उनके हमवतन जैकब वाडलेज्च ने 2016 और 2017 में यह कारनामा किया था। वाडलेज्च अभी चोपड़ा के निकटतम प्रतिद्वंदी हैं। चोपड़ा इस साल बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने से पहले डायमंड लीग की दोहा और लुसाने में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज की थी। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर तक भाला फेंकना है। उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88.77 मीटर है जो इस साल विश्व सूची में दूसरे स्थान पर है। चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल्स में अपने खिताब का बचाव करने के अलावा पहली बार 90 मीटर की दूरी तक भाला फेंकने की भी कोशिश करेंगे।

एमएस धोनी ने लकी फैन को बाइक पर दी लिफ्ट, खूब वायरल हो रहा है वीडियो

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पूर्व भारतीय कप्तान हमेशा ही फैंस का दिल जीतने में माहिर रहे हैं, फिर चाहें वो टीम को ट्रॉफी जीताकर या किसी और तरीके से हो। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद धोनी को अक्सर अपनी बाइक्स के साथ एंजॉय करते हुए देखा जाता है। धोनी को अक्सर कुछ न कुछ ऐसा करते देखा जाता है, जिससे उनके फैंस खुश हो जाते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे उन्होंने अपने एक फैन को खुश कर दिया। वायरल हो रहे वीडियो में धोनी अपनी बाइक से फैन को लिफ्ट देते हुए दिख रहे हैं। वीडियो बड़ा ही दिलचस्प है। वीडियो में देखा जा सकता है कि धोनी मैदान से अभ्यास खत्म करके निकलने की तैयार कर रहे होते हैं। इसके बाद वीडियो में दिखाई देता है कि फैन धोनी पीछे बाइक पर बैठा होता है। बाइक चलाते वक़्त धोनी के चेहरे पर हेलमेट रहता है, जिसके कारण उनका चेहरा नहीं दिखाई देता है। वीडियो के मुताबिक धोनी ने एक यंग क्रिकेटर को अपना यामाहा RD350 बाइक पर लिफ्ट दी। धोनी को अक्सर उनके शहर रांची मे बाइक पर स्पॉट किया जाता है। धोनी का बाइक्स के लिए प्यार किसी से छुपा नहीं है। इस तरह से धोनी ने यंग क्रिकेटर और फैन का दिन बना दिया। धोनी सोशल मीडिया पर बहुत कम एक्टिव होते हैं. ऐसे में फैंस हमेशा उनकी एक झलक को बेताब रहते हैं।

विश्व कप के सेफा व फाइनल टिकटों की बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल और फाइनल के टिकटों की आन लाइन बिक्री शाम आठ बजे से शुरू हो जाएगी। आईसीसी के बयान के अनुसार भारतीय समयानुसार 15 सितंबर रात आठ बजे से टिकटों की बिक्री शुरू होगी। क्रिकेट प्रेमी एवं प्रशंसक आधिकारिक टिकटिंग वेबसाइट टिकट्स. क्रिकेटवर्ल्डकप. कॉम पर जाकर विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल के लिए अपनी सीट बुक करा सकते हैं।

नसीम और हारिस के विश्वकप खेलने पर संशय

कोलंबो। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ के पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय (वनडे) विश्व कप में टीम का हिस्सा बने रहने पर संशय बना हुआ है। कप्तान बाबर आजम को हालांकि यह उम्मीद है कि भारत में होने वाले विश्वकप से पहले दोनों गेंदबाज स्वस्थ हो जायेंगे। एशिया कप के सुपर फोर मुकाबलों के दौरान रऊफ और नसीम चोटिल हो गये थे। उनके स्थान जमान खान और शाहनवाज दहानी को टीम में शामिल किया गया था।

मैकगिल पर लगा कोकीन डील का आरोप

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिन गेंदबाज स्टुअर्ट मैकगिल के अपहरण मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। पुलिस ने मैकगिल पर कथित तौर पर कोकीन डील में एक बड़ी भूमिका निभाने का आरोप लगाया है। मैकगिल के कथित अपहरण का आरोप छह लोगों पर लगाया गया है। मैकगिल का अप्रैल 2021 को सिडनी के उत्तरी तट पर अपहरण हुआ था। पूर्व आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी फिलहाल जमानत पर बाहर हैं, उन्हें पुलिस ने पिछले मंगलवार को गिरफ्तार किया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार मैकगिल ने 2019 में 3,30,000 डॉलर की कोकीन डील में बड़ी भूमिका निभायी थी और इसमें पूर्व स्पिनर के साथ दो और लोग शामिल थे।

फीफा ने 2023 के पुरस्कारों के खिलाड़ियों की घोषणा

जिनेवा। फीफा ने 2023 के सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कारों के लिए नामांकित खिलाड़ियों, कोचों की घोषणा की है। सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित सूची में लियोनेल मेसी और एर्लिंग हालैंड शीर्ष पर हैं। मेस्सी ने अर्जेंटीना के साथ विश्व कप जीता, जबकि एर्लिंग हालैंड ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सीजन में महाद्वीपीय तिहरा खिताब दिलाया। किलियन एम्बाप्पे भी इस सूची में शामिल हैं, लेकिन पुर्तगाली सनसनी रोनाल्डो बाहर हैं। मेस्सी, एम्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड को फीफा सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।

नो हॉन्किंग टी20 सीरीज में उतरेंगे दिग्गज

मुबंई। सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता के मकसद से शनिवार से मुबंई में खेली जाने वाली तीन देशों की 'नो हॉन्किंग ट्वेंटी20 सीरीज' में देश दुनिया के जानेमाने दिग्गज क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। मुबंई में मीरा-भयंदर (पश्चिम) के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान में 16 से 18 सितंबर के बीच भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें टी20 मैच खेल कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील करेंगी।

नहीं होगी पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज अनंतनाग एनकाउंटर के बाद खेल मंत्री का बड़ा बयान

नयी दिल्ली। श्रीलंका में एशिया कप का खेला जा रहा है। अगले महीने भारत एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप की मेजबानी करेगा। इस बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज को लेकर बड़ा बयान दिया है। अनुराग ठाकुर ने एक कार्यक्रम के दौरान पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पहले फैसला किया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट की द्विपक्षीय सीरीज तब तक नहीं होगी, जब तक पाकिस्तान आतंकवाद और सीमापार घुसपैठ पर रोक नहीं लगाता। अनुराग ठाकुर ने कहा, ₹बीसीसीआई ने बहुत पहले ही फैसला कर लिया था कि हम पाकिस्तान के साथ तब तक द्विपक्षीय मैच नहीं खेलेंगे जब तक वे आतंकवाद, सीमा पार हमलों और घुसपैठ को खत्म नहीं कर देते। मुझे लगता है कि देश और देश की भावनाएं जनता भी वैसी ही है। उनका यह बयान बुधवार को अनंतनाग में हुए एनकाउंटर के बाद आया है, जिसमें भारत ने तीन अफसरों को खो दिया। इस घटना के बाद पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है।अनंतनाग जिले में चल रही एनकाउंटर में राष्ट्रीय राइफल्स की क्यूआरटी की कमान संभाल रहे सेना के एक कर्नल की जान चली गई। सेना के एक मेजर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक भी कोकेरनाग क्षेत्र में दुश्मन की गोलीबारी में शहीद हो गए।

साउथ अफ्रीका ने वनडे में बनाये 416 रन, हेनरी क्लासेन ने सिर्फ 57 गेंद में ठोका शतक

एजेंसी

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका ऑलराऊंडर हेनरिक क्लासेन ने सेंचुरियन के मैदान पर अपने दमदार बल्लेबाजी का सबूत देते हुए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को जमकर पीटा और अपनी टीम का स्कोर 416 तक ले गए। क्लासेन ने महज 57 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। ऐसा कर वह दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे तेज शतक लगाने वाले पांचवें स्थान पर भी काबिज हो गए। क्लासेन इससे पहले 54 गेंदों पर भी शतक लगा चुके हैं। क्लासेन ने अपनी पारी में 83 गेंदों में 13 चौके और 13 छक्कों की मदद से 174 रन बनाए। उन्होंने डेविड मिलर के साथ मिलकर आखिरी 100 गेंदों में 200 से ज्यादा रन पार्टनरशिप के लिए जोड़े। दक्षिण अफ्रीका ने क्विंटन डिकॉक और रिजा हेंडरिक्स की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। डिकॉक ने जहां 64 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 45 रन बनाए तो वहीं, हेंडरिक्स ने 34 गेंदों पर 28 रन का योगदान दिया। रासी वेन दूसें ने 65 गेंदों पर सात चौके और दो छक्कों की मदद से 62 रन बनाए। कप्तान ऐडन मार्करम के 8 रन पर आऊट होने के बाद हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर ने पारी को आगे बढ़ाया। मिलर ने 45 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से 82 रन बनाए तो क्लासेन ने 174 रन की बड़ी पारी खेली।

एडम जंपा ने शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया: दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जंपा का जमकर शिकार किया। दोनों बल्लेबाजों ने जंपा के ओवरों में तेजी से रन बटोरे। जंपा ने अपने कोटे के 10 ओवर में 113 रन दे दिए और उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला। यह वनडे फार्मेट में किसी गेंदबाज के सबसे खराब आंकड़े हैं।

शशि व यसीन के बीच मुकाबले से होगा डेविस कप का आगाज

लखनऊ। भारत के मुकुंद शशि कुमार और मोरक्को के लीनी यसीन के बीच सिंगल्स मुकाबले से शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबले का आगाज होगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में यहां ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का ऐलान किया गया। पहला सिंगल मैच मुकुंद शशि कुमार और लीनी यसीन के बीच गोमतीनगर के विजयंत खंड मिनी कोर्ट में खेला जायेगा जबकि दूसरे सिंगल मुकाबले में भारत में शीर्ष वरीय सुमित नागल का मुकाबला मोरक्को के मुंडीर एडम से होगा।

प्रीमियर लीग: वॉकर ने सिटी के साथ अपना अनुबंध 2 साल बढ़ाया

एजेंसी

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के डिफेंडर काइल वॉकर ने प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर सिटी के साथ अपने अनुबंध को दो साल का विस्तार दिया है। अब वह 2026 की गर्मियों तक क्लब में बने रहेंगे। वॉकर का मौजूदा अनुबंध इस सीजन के अंत में समाप्त होने वाला था। 33 वर्षीय वॉकर 2017 में टोटेनहम हॉटस्पर से सिटी में शामिल हुए थे और क्लब के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, जिन्होंने पांच प्रीमियर लीग खिताब सहित कई प्रमुख सम्मान जीते हैं। वॉकर ने पांच प्रीमियर लीग खिताब, दो एफए कप, चार लीग कप, दो कम्युनिटी शील्ड, चैंपियंस लीग और सुपर कप जीते हैं और 260 मैच खेले हैं। वॉकर ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट से बातचीत में कहा, मैंने इस शानदार क्लब में पिछले छह वर्षों के हर एक पल का आनंद लिया है। मेरे पास एक अद्भुत कोच, बेहतरीन टीम-साथी और स्टाफ हैं और हमारे प्रशंसक सबसे अच्छे हैं। मैं हर स्तर पर समर्थित महसूस करता हूं। उन्होंने कहा, ट्रेबल-विजेता सीजन वह है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा और हम फिर से जाने और अधिक ट्रॉफियां जीतने की कोशिश करने के लिए तैयार हैं। मुझे ऐसे क्लब में बने रहने की खुशी है जो हर साल ट्रॉफियों के लिए प्रतिस्पर्धा करता है और मैं यह देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता कि अगले कुछ साल क्या लेकर आएंगे। उन्होंने सिटी, स्पर्स, शेफील्ड यूनाइटेड, क्वींस पार्क रेंजर्स, एस्टन विला और नॉर्थम्प्टन टाउन के साथ 500 से अधिक करियर मैच खेले हैं। अपने क्लब की सफलता के अलावा, वॉकर ने इंग्लैंड के साथ एक सफल करियर का भी आनंद लिया है। अपने देश के लिए उन्होंने 78 मैच खेले हैं। वह यूरो 2020 के फाइनल में पहुंचने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। दरअसल, उन्होंने पिछले शनिवार को यूक्रेन के खिलाफ 1-1 से ड्रा में अपने देश के लिए अपना पहला गोल किया था।

एएफसी अंडर-17 महिला एशियाइ क्वालिफिकेशन के लिए प्रिया पीवी ने किया टीम का एलान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला फुटबॉल मुख्य कोच प्रिया पीवी ने इंडोनिशया 2024 के एशियाइ फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) अंडर-17 महिला एशियाई क्वालिफिकेशन राउंड-2 के लिए अपनी 23 सदस्यीय टीम का एलान किया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को कहा कि यह टूनार्मेंट थाईलैंड के बुरिरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इस साल अप्रैल में भारतीय महिला अंडर-17 टीम ने अपने पहले राउंड ग्रुप में शीर्ष पर रहकर और पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के राउंड-2 में जगह पक्की की थी। भारत को ग्रुप ए में कोरिया गणराज्य, आइआर ईरान और मेजबान थाईलैंड के साथ रखा गया है। शीर्ष दो टीमें अप्रैल 2024 में इंडोनेशिया में होने वाले अंतिम टूनार्मेंट में अपनी जगह पक्की करेंगी। भारतीय महिला टीम के 23 खिलाडियों के नाम अनिशा ओरांव, खुशी कुमारी, खंबी चानू सारंगथेम, हीना खातून, विक्षित बारा, थोइबिसाना चानू तोइजाम, अखिला राजन, आर्या अनिलकुमार, सोनिबिया देवी इरोम, ललिता बोयपाई, मेनका देवी लौरेम्बम, जूही सिंह, बबीता कुमारी, शिलजी शाजी, शिवानी टोप्पो, सिबानी देवी नोंगमेइकापम, सिंडी रेमरूअटपुई कोलनी, रेमी थोकचोम, सुलंजना राउल, अंजू चानू कायेनपाइबम, खुशबू काशीराम सरोज, पूजा और प्रिया छेत्री हैं। मुख्य कोच प्रिया पीवी है। एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर राउंड 2 में भारत का पहला मैच 19 सितंबर को कोरिया गणराज्य से भारतीय समयानुसार तीन बजे होगा। इसके बाद दूसरा मैच 21 सितंबर को थाईलैंड से शाम सात बजे और तीसरा मैच 23 सितंबर को आईआर ईरान से अपराह्न तीन बजे होगा। ये तीनों मैच थाइलैंड के बुरिरम स्टेडियम में खेले जाएंगे।

स्पीड न्यूज

ह्यूमन ट्रैफिकिंग की घटना से इनकार

गोड्डा। आज बस स्टैंड गोड्डा से बरामद किए गए कुल 9 लोगों के विषय में प्रेस वार्ता कर बताया कि इनलोगो में 6 बच्चे 2 महिलाएं और एक वयस्क व्यक्ति को पूछताछ के लिए थाना लाया गया तो उन्होंने बताया हमलोग काम करने के लिए दिल्ली जाते हैं इसमें कोई ठेकेदार या ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसी कोई घटना नहीं है। ये पहले भी काम करने जाते थे और आज भी जा रहे थे। गोड्डा थाना प्रभारी उमेश कुमार महतो ने इस बात से इंकार किया कि ये मामला ह्यूमन ट्रैफिकिंग से जुड़ी है।

धार्मिक न्यास बोर्ड के खिलाफ कोर्ट जायेंगे गठित नयी कमेटी

इटखोरी। भद्रकाली मंदिर में शुक्रवार को मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रबंधन समिति सदस्य, मन्दिर दुकान संघ, रैयत संघ एवं प्रखण्डवासियों को लेकर एक नई कमेटी बनाई गई है। नई गठित कमेटी धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा गठित समिति के विरोध में जनांदोलन का नेतृत्व करेंगे और उच्च न्यायालय में पिटिशन दायर करेंगे। नई कमेटी ने यह निर्णय लिया कि मन्दिर में राजनीति एवं बिना सहमति बनाये गए न्यास बोर्ड के द्वारा गठित समिति का बहिष्कार तो होगा साथ ही मन्दिर में पूर्व से चली आ रही प्रबंधन समिति ही मान्य होगी।

सड़क दुर्घटना में ग्यारह वर्षीय छात्रा की मौत

सिमरिया। सिमरिया थाना क्षेत्र के जबड़ा- बगरा पथ पर शुक्रवार की सुबह पिकअप वैन के चपेट में आने से एक ग्यारह वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। छात्रा साक्षी कुमारी हुंकारखाप के स्व प्रमोद ठाकुर की पुत्री थी और पांचवीं कक्षा की छात्रा थी। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार वह ट्यूशन पढ़कर वापस घर लौट रही थी इसी बीच रास्ते में पिकअप वैन ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल छात्रा को परिजनों के सहायता से सिमरिया अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल रांची रेफर किया गया। किंतु रास्ते में ही छात्र ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को वापस सिमरिया अस्पताल ले आए। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में करते हुए अंत्य परीक्षण के लिए चतरा भेज दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने वाहन चालक को वाहन सहित दबोच लिया था जिसे उन्होंने पुलिस को सौंप दिया। ग्यारह वर्षीय बच्ची की इस प्रकार हुई दर्दनाक मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है जबकि ग्रामीण मर्माहत हैं।

चलो करे आवास पूरा कार्यशाला का शुभारंभ

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत 'चलो करे आवास पूरा' के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजना किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने 'चलो करे आवास पूरा' कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

डीईओ ने पूछा भवनाथपुर प्लस टू स्कूल के हेडमास्टर और क्लर्क से स्पष्टीकरण

11वीं में नामांकन के लिए छात्र से दो हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप

भवनाथपुर। बुका गाँव निवासी एक छात्र शवलेश राउत से 11 वीं कक्षा में नामांकन के नाम पर भवनाथपुर टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंकित त्रिवेदी और क्लर्क चंद्रकांत पांडेय द्वारा 2000 रुपए बतौर रिश्वत मांगे जाने संबंधी आरोप में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने स्पष्टीकरण पूछा है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि आपलोगों ने शवलेश कुमार का नामांकन नही लिया। नामांकन के नाम पर नामांकन फी के अलावे बतौर 2 हजार रुपए रिश्वत की मांग की, जो आपके कर्तव्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता को परिलक्षित करता है। पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर आप दोनों अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध करना सुनिश्चित करें, अन्यथा इस कृत्य के लिए आपके विरुद्ध मेमो ऑफ चार्ज गठित कर आप दोनों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।

शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर द्वारा रामचरित मानस की तुलना पोटैशियम साइनाइड से करने का मामले ने बिहार की राजनीति में उबाल

रामचरितमानस विवाद में सीएम नीतीश से हस्तक्षेप की भाजपा सांसद की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। बिहार के शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर द्वारा रामचरित मानस की तुलना पोटैशियम साइनाइड से करने का मामले ने बिहार की राजनीति में उबाल ला दिया है। भाजपा के नेता इस पर लगातार तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। अब इस क्रम में अररिया से भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह कहा है कि शिक्षा मंत्री को सनातन धर्म में रहने का कोई अधिकार नहीं है, अगर हिंदू धर्म उनको पसंद नहीं तो वह चोला बदलकर दूसरे धर्म को अपना लें। प्रदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्री हिंदू धर्म में होते हुए भी सनातन संस्कृति पर जिस तरह हमला कर रहे हैं, उन्हें दूसरे धर्म को अपना लेना चाहिए। सांसद ने कहा कि आपको हिंदू धर्म में रहने का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा सांसद ने कहा कि इण्डिया गठबंधन सनातन संस्कृति पर हमला करने के लिए ही बनाया गया है। वहीं, बीजेपी के प्रवक्ता ने कुंतल कृष्ण ने शिक्षा मंत्री के बयान पर हमला बोलते हुए बिहार में पूर्णकालिक शिक्षा मंत्री

बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर के लिए अलग सनातन विरोधी मंत्रालय का गठन किया जाए और सनातन विरोधी मंत्रालय में खुलकर बयानबाजी करें। भाजपा नेता ने कहा कि शिक्षा की बदहाल स्थिति को नहीं देख पा रहे चंद्रशेखर, छात्राएं खुलकर सड़क पर उतरने को मजबूर है। बिहार में एनडीए की सहयोगी आरएलजीडी ने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं सीएम नीतीश कुमार से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को बर्खास्त करने की मांग की है। आरएलजेडी के प्रधान महासचिव माधव आनंद ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को बर्खास्त करें और ऐसे शिक्षा मंत्री को जेल में होना चाहिए। बता दें कि बिहार के शिक्षा मंत्री डॉ. चंद्रशेखर ने गुरुवार को फिर विवादित बयान दिया। हिंदी दिवस पर बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में पोटेशियम साइनाइड है जबतक यह रहेगा तब तक इसका विरोध करते रहेंगे। मंत्री यहीं नहीं रुके रामचरितमानस के अरण्य कांड की चौपाई पूजहि विप्र सकल गुण हीना शुद्र न पूजहु वेद प्रवीणा को लेकर कहा कि यह क्या है?

केंद्रीय विद्यालय के बच्चों को एसपी ने पढ़ाया अनुशासन का पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। सदर प्रखंड के धधकिया स्थित केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार और डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार ने छात्रों को अनुशासन का पाठ पढाया। एसपी और डीएसपी ने छात्रों के बीच अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन मे आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। मुख्य रूप से वर्ग आठ से ग्यारह तक के छात्रों के बीच जिले के पुलिस पदाधिकारी ने छात्र के जीवन पर चर्चा करते हुए आज के परिवेश के बारे मे बताया। उन्होंने कहा कि आप स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं यह सफर यहीं तक समाप्त नहीं होता है। आप देश के भविष्य हैं देश के अंदर बेहतर भविष्य का निर्माण करना आपका कर्तव्य है। किताबी ज्ञान अर्जित करने के अलावा देश दुनिया की गतिविधि से भी अवगत होना जरूरी है। यातायात नियम का अनुपालन करना, साईबर क्राईम से सतर्क, कानूनी जानकारी होना जीवन मे जरूरी है। आस-पास में कोई अपराध होता दिखाई दे तो पुलिस को सूचित करना भी सबका कर्तव्य है ।एसपी ने कहा कि दुमका जिले में हर दिन सड़क दुर्घटना में लोगो। की जान जा रही है इसका कारण है कि लापरवाही से वाहन चलाना, नशापान करना, हेलमेट नहीं पहनना और नियम का अनदेखी करना। एसपी ने कहा कि छात्र ही भविष्य के निमार्ता हैं और हरेक लोगों का कर्तव्य है कि पिता हो या घर को कोई सदस्य घर से हेलमेट लेकर बाहर निकलने के लिए बच्चे करें जिदद्द क्योंकि जीवन है। अनमोल एक जीवन के पीछे कई जिंदगी होती है।

राज्यपाल के ओएसडी पहुचे एसकेएमयू, दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। राज्यपाल के ओएसडी डॉ. संजीव राय शुक्रवार को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय पहुंचे। विश्वविद्यालय पहुंच ओएसडी ने निरीक्षण किया। ओएसडी ने विश्वविद्यालय के तमाम पहलुओं का निरीक्षण के बाद डॉ. राय ने विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों एवं विभिन्न स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक किया।

बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. बिमल प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर अध्यक्षीय भाषण में कुलपति ने राज्यपाल के ओएसडी डॉ. संजीव राय का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कैंपस में आकर शैक्षणिक वातावरण को बेहतर करने के लिए सुझाव देना निश्चित तौर पर इस विश्वविद्यालय को एक नई मुकाम देगी। बैठक में

ओएसडी डॉ. संजीव राय ने विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्रहित में कार्य करने का सलाह दिया। डॉ राय ने कहा में उच्च शिक्षा में तकनीकी का महत्व, उच्च शिक्षा को रोजगारपरक बनाना, विश्वविद्यालय का वेबसाइट को जानकारीपूर्ण बनाना, पीएचडी के गुणवत्ता में सुधार और नयापन लाना, क्लासरूम टीचिंग को नए तकनीकों से जोड़ना एवं स्टूडेंट सपोर्ट सम्बंधित कार्य करने की सलाह विश्वविद्यालय प्रशासन को दिया। संचालन वित्त पदाधिकारी डॉ. राजीव कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. संजीव कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में डीएसडब्लू डॉ. संजय कुमार सिंह सहित सभी पदाधिकारी, सभी संकाय के संकायाध्यक्ष एवं विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

बैठक के बाद ओएसडी डॉ. संजीव राय ने विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों का निरीक्षण किया और विभागाध्यक्षों को विभाग में बेहतर शैक्षिक वातावरण का निर्माण करने का सलाह दिया।

डालसा में विशेष मध्यस्थता का हुआ सफल आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा कुटुम्ब न्यायालय के वादों पर आधारित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता का सफल आयोजन हुआ। मध्यस्थता झालसा, राँची के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। मध्यस्थता कार्यक्रम 11 से 15 सितंबर तक न्याय सदन में आयोजित हुई। विशेष मध्यस्थता में कुल 42 मामलों में 19 मामलों का सफल मध्यस्थता करवाया गया। जिसमें सभी पारिवारिक मामले पारिवारिक वादों से संबंधित हैं। लंबे समय से चल रहे वादों में पति पत्नी ने आपस में समझौता कर समाप्त कर लिया। मिडिएटर के रूप में शैलेन्द्र नारायण, राजेन्द्र प्रसाद, कुमार प्रभात,अरुणादित्य पांडेय, चतुर्भुज नारायण मिश्रा, राजेन्द्र पांडेय एवं मनोज कुमार घोष ने मध्यस्थ कराने में सराहनीय भूमिका निभाया। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय द्वारा पारिवारिक वादों को लेकर प्रत्येक तीन माह पर विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जाता है। जिसमें प्रशिक्षित माध्यस्थों के द्वारा मामलों का निष्पादन किया जाता है। इस अवसर पर मध्यस्थो ने पक्षकारों को फलदार वृक्ष प्रदान कर उनके सफल वैवाहिक जीवन के लिए उन्हें बधाई दिया।

चलो करें आवास पूरा अभियान का आरंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। आज जिला स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 'चलो करें आवास पूरा' अभियान का शुभारंभ उपायुक्त, गोड्डा जिशान कमर उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी एवं उपाध्यक्ष अणु देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जिले में अब तक कुल 59080 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 56887 (96.29%) आवास पूर्ण कर लिए गए हैं जबकि 2193 आवास विभिन्न कारण से अब तक अपूर्ण है। इन अपूर्ण आवास को अति शीघ्र पूर्ण करने को लेकर जिले में 'चलों करें आवास पूरा' अभियान दिनांक 15 सितंबर 2023 से 10 अक्टूबर 2023 तक चलाया जाएगा। इस बाबत उपायुक्त जिशान कमर ने 'चलो करें आवास पूरा' अभियान के तहत सभी अपूर्ण आवास को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभा में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पंचायत/ गांव /टोला स्तर पर लाभुकों को चिन्हित करते हुए आवास पूर्ण करने के निमित्त हर सहायता मुहैया कराने की बात कही। उन्होंने वैसे लाभुक जिन्हें आवास की राशि निर्गत कर दी गई है, परंतु वह आवास नहीं बना रहे हैं वैसे को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में योजना के प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव तथा रोजगार सेवक की एक टीम बनाकर अभियान को पंचायत/ गांव/ टोला स्तर पर क्रियान्वित करने एवं उक्त अभियान का प्रतिदिन अनुश्रवण जिला स्तर से उप विकास आयुक्त को करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपरोक्त के अलावा जिले के सभी प्रमुख, उप प्रमुख एवं डीआरडीए के पदाधिकारी एवं कर्मी- गण मौजूद थे।

प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। ठाकुर गंगटी (गोड्डा)प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न गांव की जलसहिया और कई पंचायत के मुखिया को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 का प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला में विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई।पर्यवेक्षक सह जिला संयोजक शत्रुघ्न झा, प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार मंडल ने ओ डी एफ प्लस के तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, महावारी स्वच्छता प्रबंधन,प्लास्टिक कचरा, प्रबंधन गोवर्धन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।ठोस एवं तरल कचरे को अलग-अलग डब्बे में रखकर उसे नष्ट करने और उसका सही ढंग से इस्तमाल करने का तरीका के बारे में बताया। महावारी के लिए भस्म तैयार करने की जानकारी दिया।

गोवर्धन योजना अंतर्गत गोबर के द्वारा गैस बनाने की विधि को ही बताया। कहा कि गोबर गैस का प्लांट जल्दी क्षेत्र में लगाया जाएगा।

खेलो झारखंड जिलास्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्पधाएँ संपन्न हुई

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। गांधी मैदान में आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता मैच के तहत आज वॉलीबॉल अंडर-17 प्रतियोगिता के बालक वर्ग में +2 एचएस मोतिया, गोड्डा विजेता एवं +2 एचएस खरखोटिया, ठाकुर गंगटी की टीम उपविजेता रही जबकि बालिका वर्ग में +2 गर्वनमेंट एचएस मालिनी गोड्डा, की टीम विजेता एवं +2 यूएचएस बुधाहसन, मेहरमा की टीम उपविजेता रही। कबड्डी अंडर 17

बालक वर्ग में सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय बक्सरा विजेता तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरडिहा उपविजेता रही।

अंडर 19 बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ अजय हेंब्रम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ,बालिका अंडर 19 वर्ग में 400 मीटर में राखी कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में त्रिकूद में छोटी सोरेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को परितोषक वितरण अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पधाधिकारी विभाष चंद्र ने प्रदान किया। प्रतियोगिता के आयोजन में शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनुपम मिश्रा, किशोर कुमार, संजय सोरेन, संजीव रंजन, रवि सिंह, विनय सिंह, नीरज सिंह, जय शंकर सिंह शेखर कुमार संजीव तिवारी, कुमार गौरव, गौतम कुमार, सुशील सिंह, राजेश पांडेय, के पी साहू, महानंद यादव, अशोक यादव, रंजन यादव, अनंत यादव, ब्रह्मदेव यादव, सनी भारती, सुशील दास, रवि रंजन, अनिल हांसदा, जहिर अब्बास, अंजर अहमद, जहिर आलम, पिंकी गुप्ता, लीना सोरेन, पूजा कुमारी, सोनी कुमारी ने योगदान किया।

बेरमो में नौ वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बेरमो। बेरमो अनुमंडल के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। बच्ची को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक उमेश महतो को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि बच्ची के साथ उसी गांव के 21 वर्षीय युवक उमेश महतो ने दुष्कर्म किया। वह रिश्ते में बच्ची का चाचा है। परिजनों के अनुसारए घटना के समय बच्ची घर में अकेली थी। बच्ची को अकेली पाकर युवक घर में घुसा और दुष्कर्म किया, जब मां घर पहुंची, तो देखा कि बच्ची का कपड़ा खून से लथपथ है। परिजन आनन-फानन में उसे गोमिया सामुदायिक केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे बोकारो रेफर कर दिया गया। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी उमेश महतो को गिरफ्तार कर लिया।

प्रेम प्रसंग में हुई थी धीरज रवानी की हत्या

कतरास। बरोरा थाना अंतर्गत अपर मंदरा में धीरज रवानी को टिंकू ठाकुर द्वरा गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल ,अवर निरक्षक रवि आनंद एवं सहायक अवर निरक्षक सतेंद्र प्रजापति ने महज चन्द घण्टो मे आरोपी टिंकू ठाकुर को धर दबोचा है। पूछ ताछ पर उसने खुद कबूला की मैंने धीरज रवानी को गोली मारकर हत्या की थी। जिसके बाद बाघमारा एसडीओपी निशा मुर्मू ने प्रेस वार्ता कर खुलासा किया कि प्रेम प्रसंग में धीरज रवानी की हत्या की गई थी। मौके पर बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ,बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल ,अवर निरक्षक रवि आंनद मौजूद थे।

विधायक पूर्णिमा ने किया स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन

झरिया। सीएचसी चासनाला में माननीय सचेतक (सत्तारूढ़ दल) सह विधायक झरिया श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने स्वास्थ्य विभाग धनबाद की ओर से आहूत स्वास्थ्य मेला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में डेंगू, मलेरिया, बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, टीवी, एचआईवी, कुष्ठ रोगो की जांच, गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण, परिवार नियोजन को बढ़ावा सहित रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया । मौके पर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहाकि राज्य सरकार की ओर से आयोजित स्वास्थ्य मेला का उद्देश्य है। कि स्वस्थ समाज स्थापित करना। जिसके माध्यम से एक नया सामाजिक उर्जा प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में सिविल सर्जन, धनबाद, सीएचसी प्रभारी सहित स्वास्थ्य विभाग के टेक्नीशियन व पदाधिकारी, सहिया बहने उपस्थित थे ।मौके पर प्रभारी चिकित्सक डां मिहिर कुमार, डां. अनिपमा सिंह, डां. शैलेन्द्र कुमार, डां. संध्या कुमारी, डां तुलसी चटर्जी, अमृता कुमारी, एस एस पंकज, कल्याण कुमार सिंह सहित अन्य थे।

पेज 1 का शेष

अब पांच राज्यों की पुलिस...

नोडल अफसर किये गये नियुक्त : नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में पड़ोसी राज्यों की भूमिका बेहद अहम है। नक्सल मुद्दे पर पांचों राज्यों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर भी सहमति बनी है। इसके लिए बकायदा नोडल अफसर भी तय किये गये। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में नक्सलियों से मुकाबले के लिए राज्यों के बीच खुफिया सूचना का आदान-प्रदान करना, मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने, कुख्यात नक्सलियों और अपराधियों के मूवमेंट की जानकारी साझा करना जैसे विषयों पर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। **कई एजेंडे पर बनी रणनीति :** झारखंड पुलिस के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एमएल मीना ने बताया कि मीटिंग के एजेंडे में सबसे प्रमुख खुफिया सूचनाओं का आदान-प्रदान करना था। बैठक के दौरान सबसे पहले खुफिया सूचनाओं का ही आदान-प्रदान किया गया। साथ ही इसके निमित आगे भी कार्य करने की योजना बनी है। इसके अलावा आतंकी गतिविधि में शामिल वांछित, साइबर और संगठित आपराधिक गिरोहों के साथ-साथ ड्रग्स और पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भी रणनीति बनी है। एडीजी एमएल मीना ने बताया कि राज्य पुलिस की सीमाएं तय होती हैं, लेकिन अपराधियों और नक्सलियों की कोई सीमा नहीं होती है। ऐसे में ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की यह बैठक बेहद अहम है ताकि पांचों राज्यो की पुलिस एक-दूसरे की मदद कर सके। **कैंप के निर्माण और ज्वॉइंट ऑपरेशन के प्लान :** झारखंड पुलिस के आइजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि पांचों राज्यों में नक्सलियों का मूवमेंट कुछ विशेष जगहों पर ही बच गया है। ऐसे में अब उनके खात्मे के लिए बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ ज्वॉइंट ऑपरेशन चलाने की प्लानिंग की गई है। साथ ही बॉर्डर इलाकों में पुलिस कैंप स्थापित करने के लिए एक-दूसरे के सहयोग को लेकर भी सहमति बनी है।

चतरा के सनकी युवक ने...

गांव में कोई शरण न दें : पितीज पंचायत के मुखिया रामदेव यादव ने कहा है कि वह युवक जहां भी दिखे पकड़ कर पुलिस के हवाले करें। वहीं दांगी समाज के प्रखंड अध्यक्ष विजय दांगी ने कहा की गांव के साथ समाज के लिए शर्मसार की बात है। कहा कि ऐसे व्यक्ति को गांव में शरण नहीं दिया जाये। **विवाहिता के पिता ने कहा :** मृतका सविता देवी के पिता परमेश्वर दांगी ने बताया कि उसका दामाद कुलदीप दांगी उसकी बेटी के साथ हमेशा मारपीट कर उसे प्रताड़ित करता रहता था। कई बार गांव में पंचायत कर समझौता भी करवाया गया था। उसके बाद भी उसकी आदत में सुधार नहीं हुआ।

सुरक्षाबलों ने लश्कर के...

संयुक्त अभियान टीम ने दबोचा : बारामूला पुलिस और सेना की आठवीं राष्ट्रीय राइफल्स ने इन दोनों आतंकवादी सहयोगियों को संयुक्त अभियान के तहत सीमांत इलाके उरी से गिरफ्तार किया। आतंकियों के पास से पांच चीनी में नर्मिति ग्रेनेड और 28 कारतूस जब्त कर उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया।। उरी पुलिस थाने में भारतीय सेना अधिनियम और गैर कानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया और पूछताछ जारी है। बुधवार को एक कर्नल, एक मेजर, एक पुलिस अधिकारी, एक सैनिक और एक एसपीओ के शहीद होने के बाद शुक्रवार सुबह भी अनंतनाग के कोकेरनाग इलाके में सुरक्षा बलों का आतंकवाद विरोधी अभियान जारी था। हेलीकॉप्टरों से गडोले जंगलों के ऊपर कड़ी निगरानी रखी जा रही थी।

सीएम हेमंत सोरेन की चुनौती...

इसलिए सुनवाई की अगली तारीख दी जाये। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख सोमवार को तय की है। शीर्ष अदालत में न्यायाधीश अनिरुद्ध बोस और न्यायाधीश बेला एम त्रिपाठी की कोर्ट में सुनवाई होनी है। उल्लेखनीय है कि 24 अगस्त को रिट पिटीशन (संख्या 000378/2023) रजिस्टर्ड हुआ था। पिटीशन का वेरिफिकेशन 11 सितंबर को हुआ। याचिका में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय और ईडी को प्रतिवादी बनाया गया है। साथ ही इडी के अधिकार को चुनौती दी गयी है। वहीं इडी की ओर से वकील मुकेश कुमार मरोरी ने कैविएट फाइल कर दिया है।

सरकार के साथ-साथ...

धन्यवाद ज्ञापन सीआइआइ झारखंड के वाइस चेयरमैन रंजोत सिंह ने दिया। वहीं, तकनीकी सत्र में सीसीएल के निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा, अडानी पावर झारखंड लिमिटेड के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स संजीव शेखर, रीमा दास, असीम कंडुलना, स्मिता वर्मा, आरती विग, रणदीप भूषण सिंह मुंडा, कुमार अभिषेक उरांच, अमरनाथ लकड़ा, इक्फाई विश्वविद्यालय के वीसी प्रो रमन कुमार झा, प्रो रोहित कुमार, तरूण शुक्ला ने भी अपने विचार रखे।

स्पीड न्यूज

बारामूला में लश्कर के दो सहयोगी गिरफ्तार

बारामूला। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उड़ी इलाके से सुरक्षा बलों ने लश्कर आतंकियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया है। चिनार कॉर्प्स ने शुक्रवार को कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर 14 सितंबर को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने विशेष नाका लगाया। इस दौरान दो संदिग्धों को जांच के लिए रोका गया, लेकिन दोनों ने मौके से भागने का प्रयास किया। इसके बावजूद सतर्क जवानों ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 02 पिस्तौल, 05 हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं।

हिमंत की पत्नी को ले विधानसभा में हंगामा

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी से जुड़ी एक कंपनी को सरकारी सब्सिडी दिये जाने के आरोप पर चर्चा की मांग को लेकर शुक्रवार को विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन से पहले सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी थी।

उप्र में जमीन विवाद में तीन की हत्या

कौशांबी (उप्र)। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते दलित परिवार के तीन लोगों की कथित रूप से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इस तिहरे हत्याकांड में मृतक होरीलाल के बेटे सुभाष कुमार की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर घटा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.90 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का कुल भंडार 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.89 अरब डॉलर रहा था।

नूंह हिंसा में कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

गुरुग्राम/चंडीगढ़। कांग्रेस विधायक मामन खान को 31 जुलाई को नूंह हिंसा मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वहीं, प्रशासन ने जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है और दो दिनों के लिए मोबाइल इंटरनेट पर रोक लगा दी है। सांप्रदायिक झड़पों के बाद दर्ज की गई प्राथमिकी में फिरोजपुर झिरका से विधायक खान आरोपी थे। उन्हें गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। प्राथमिकी में धार्मिक आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने सहित अन्य आरोप शामिल हैं। झिरका के डीएसपी और मामले की जांच कर रही।

पृथ्वी के इलेक्ट्रॉन से चंद्रमा पर बन रहा पानी

चंद्रयान-1 के डाटा से मिली बड़ी जानकारी

- पृथ्वी के प्लाज्मा आवरण में मौजूद इलेक्ट्रॉन चंद्रमा की सतह पर मौसमी प्रक्रिया में कर रहे हस्तक्षेप : वैज्ञानिक
- 2008 में भेजा गया था भारत का चंद्रयान-1

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के चंद्रमा मिशन चंद्रयान-1 से मिले रिमोट सेंसिंग डाटा का विश्लेषण कर रहे वैज्ञानिकों ने पाया है कि पृथ्वी के उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन संभवतः चंद्रमा पर पानी बना रहे हैं। अमेरिका के हवाई ?विश्वविद्यालय के शोधकताओं के नेतृत्व वाली एक टीम ने पाया है कि पृथ्वी के प्लाज्मा आवरण में मौजूद ये इलेक्ट्रॉन चंद्रमा की सतह पर होने वाली मौसम संबंधी प्रक्रिया में दखलंदाजी कर रहे हैं। इनमें चट्टान और खनिजों का टूटना भी शामिल है। इस अध्ययन को नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। इसमें शोधकताओं ने कहा कि चंद्रमा पर पानी की सांद्रता को जानना इसके बनने और विकास को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही यह भविष्य में ग्रह पर इंसानों की ओर किए जाने वाले शोध के लिए जल संसाधन उपलब्ध कराने के लिहाज से भी अहम है। बता दें कि चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर जल के कणों की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इस तरह किया गया अध्ययन : यूएच मनोआ स्कूल ऑफ ओशन के सहायक शोधकर्ता शुआई ली और उनके साथ शामिल हुए शोधकताओं ने अध्ययन के लिए ने भारत के चंद्रयान 1 मिशन से मिले डाटा का इस्तेमाल किया। उन्होंने चंद्रयान-1 के इमेजिंग स्पेक्ट्रोमीटर, मून मिनरलॉजी मैपर डिवाइस द्वारा इकट्ठे किए गए रिमोट सेंसिंग डाटा का विश्लेषण किया है। ली ने कहा कि रिमोट सेंसिंग डाटा पता चला कि पृथ्वी के मैग्नेटोटेल में पानी का निर्माण लगभग उस समय हुआ, जब चंद्रमा पृथ्वी के मैग्नेटोटेल के बाहर था। यह बहुत आश्चर्य जनक है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रमा पर अपने पहले मिशन चंद्रयान-1 को अक्टूबर 2008 में प्रक्षेपित किया था। इसमें एक ऑर्बिटर और एक इम्पैक्टर शामिल था।

इसरो ने अगस्त 2009 तक चंद्रमा से जुड़ी जानकारियां इकट्ठा की थी। वहीं, भारत के तीसरे चंद्रमिशन चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर 23 अगस्त की शाम को सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही बारत चांद के इस क्षेत्र में उतरने वाला दुनिया का पहला तथा चंद्रमा की सतह पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया।

यह है मैग्नेटोटेल क्षेत्र

शुआई ली ने कहा कि यह डाटा चंद्रमा सतह के पानी की निर्माण प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए एक प्राकृतिक प्रयोगशाला उपलब्ध कराने के समान है। उन्होंने कहा कि जब चंद्रमा मैग्नेटोटेल के बाहर होता है, तो उसकी सतह पर सौर हवा का दबाव होता है। वहीं, मैग्नेटोटेल के अंदर कोई सौर हवा का प्रोटॉन मौजूद नहीं हैं। ऐसे में पानी का निर्माण नहीं होने की उम्मीद थी। बता दें कि मैग्नेटोटेल एक ऐसा क्षेत्र है जो चंद्रमा को सौर हवा से लगभग पूरी तरह से बचाता है, लेकिन सूर्य के प्रकाश से नहीं।

आदित्य एल1 ने चौथी बार सफलतापूर्वक बदली कक्षा

बेंगलुरु। सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत के पहले अंतरिक्ष-आधारित मिशन आदित्य एल1 ने शुक्रवार तड़के चौथी बार सफलतापूर्वक पृथ्वी की एक कक्षा से अन्य कक्षा में प्रवेश किया। इसरो ने यह जानकारी दी। अंतरिक्ष एजेंसी से कहा कि चौथी बार पृथ्वी की कक्षा परिवर्तन की प्रक्रिया (ईबीएन-4) को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। आदित्य एल1 की वर्तमान कक्षा 256 किलोमीटर गुणा 121973 किमी है। इसरो ने कहा कि कक्षा परिवर्तन की अगली प्रक्रिया टीएल1आई -19 सितंबर को देर रात लगभग दो बजे निर्धारित है। आदित्य-एल1 पहली भारतीय अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला है जो पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी के पहले लैग्रेंजियन बिंदु (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा से सूर्य का अध्ययन करने वाली है।

खरीदे जायेंगे 12 सुखोई -30

सशस्त्र बलों के लिए 45 हजार करोड़ मंजूर

- सेना के लिए हल्के बख्तरबंद वाहन और नौसेना के लिए सर्वेक्षण जहाज खरीदे जायेंगे
- अब स्वदेशीकरण को उन्नत करने का समय आ गया : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली । रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के मकसद से रक्षा अधिग्रहण परिषद ने शुक्रवार को सशस्त्र बलों के लिए 45 हजार करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। इसमें वायु सेना के लिए 12 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान और कम दूरी की हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल ध्रुवास्त्र, सेना के लिए हल्के बख्तरबंद बहुउद्देशीय वाहन और नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद की जाएगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में नौ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए एओएन को मंजूरी दी गई है। चूंकि, रक्षा मंत्रालय अपनी स्वदेशीकरण महत्वाकांक्षाओं को उन्नत करने की योजना बना रहा है, इसलिए मंजूर की गईं परियोजनाओं में न्यूनतम 60-65% स्वदेशी सामग्री का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए डीएसी ने सशस्त्र बलों के लिए 45 हजार करोड़ रुपये के नौ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए एओएन को मंजूरी दी है। डीएसी ने अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद को भी मंजूरी दी है, जिससे हाइड्रोग्राफिक संचालन करने में भारतीय नौसेना की क्षमताओं में काफी वृद्धि होगी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह मंजूरी स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित हथियारों की खरीद के लिए दी गई है, जो आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारतीय रक्षा उद्योग को पर्याप्त बढ़ावा देगी। डीएसी ने सेना के लिए हल्के बख्तरबंद बहुउद्देश्यीय वाहनों (एलएएमवी) और एकीकृत निगरानी और लक्ष्यीकरण प्रणाली (आईएसएटी-एस) की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दी। इसके अलावा आर्टिलरी गन और राडार की तैनाती के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकलगन टोइंग वाहनों की खरीद के लिए स्वीकृति दी गई है। डीएसी ने भारतीय वायु सेना के उस प्रस्ताव के लिए एओएन को भी मंजूरी दे दी, जिसमें संचालन के लिए सटीकता और विश्वसनीयता में सुधार के लिए डोर्नियर विमान का एवियोनिक्स अपग्रेडेशन शामिल था। स्वदेशी रूप से निर्मित एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) मार्क-IV हेलीकॉप्टरों के लिए स्वदेशी शॉर्ट रेंज की एयर-टू-सरफेस मिसाइल ध्रुवास्त्र खरीदने के लिए भी मंजूरी मिल गई है। वायु सेना के लिए 12 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की संबंधित उपकरणों के साथ खरीद के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को भी एओएन दिया गया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अब स्वदेशीकरण की दिशा में महत्वाकांक्षाओं को उन्नत करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि आईडीडीएम परियोजनाओं के लिए 50% स्वदेशी सामग्री की सीमा के बजाय हमें न्यूनतम 60-65% स्वदेशी सामग्री का लक्ष्य रखना चाहिए। रक्षा मंत्री ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, सेवा प्रमुखों, रक्षा सचिव और डीजी को भारतीय उद्योग के परामर्श से न्यूनतम स्वदेशी सामग्री सीमा को बढ़ाने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया।



भारत-अमेरिका में सहयोग के लिए अगला क्षेत्र है अंतरिक्ष : तरणजीत संधू

वाशिंगटन। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को अंतरिक्ष के क्षेत्र में और अधिक विस्तारित करने की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए शुक्रवार को कहा कि यह स्वाभाविक है कि दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश मौजूदा अंतरिक्ष सहयोग को और विस्तृत करें और इस क्षेत्र में मिलकर काम करना जारी रखें। संधू ने समाचार पत्रिका वाशिंगटन एग्जामिनर में एक आलेख लिखा है। उन्होंने लिखा है कि भारत और अमेरिका, दोनों दुनिया भर के विकासशील देशों को अंतरिक्ष-संबंधित ऐप्लिकेशन और सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी ताकत का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने लिखा कि भारत पहले से ही ऐसे देशों को जंगल की आग का पता लगाने, सौर ऊर्जा गणना, मौसम संबंधी डेटा जैसी सेवाएं प्रदान करता है, जबकि नासा, अपने पृथ्वी अवलोकन डेटा और अन्य पहलों के माध्यम से दुनिया के कई हिस्सों में एसडीजी की दिशा में प्रगति में सहायता मुहैया कराने में अग्रणी रहा है।

कोटा : हॉस्टलों के वार्डन और कर्मियों को दी जायेगी ट्रेनिंग

- प्रशिक्षण का लक्ष्य छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों से लड़ने के लिए तैयार करना

कोटा (राजस्थान)। राजस्थान के कोटा में छात्रावासों के वार्डन और कर्मचारियों को भोजन प्रबंधन, मनोवैज्ञानिक एवं व्यवहारिक परामर्श और छात्रों की देखभाल से जुड़े अन्य पहलुओं में पेशेवर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का लक्ष्य उन्हें कोचिंग का केंद्र माने जाने वाले कोटा में छात्रों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों से लड़ने के लिए तैयार करना है। यह पहल, इस वर्ष इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा रिकॉर्ड संख्या में आत्महत्या करने के मद्देनजर उठाई गयी है। कोटा में तीन छात्रावास संगठनों चंबल हॉस्टल एसोसिएशन, कोरल हॉस्टल एसोसिएशन और कोटा हॉस्टल एसोसिएशन ने वार्डन और कर्मचारियों के लिए विशेष छात्रावास प्रबंधन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए यहां जय मिनेश जनजातीय विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता किया। इंजीनियरिंग के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सालाना 2.5 लाख से अधिक छात्र कोटा आते हैं। कोटा होस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन मित्तल ने बताया कि कोटा में करीब 3,500 छात्रावास हैं। प्रशिक्षण के बारे में मित्तल ने कहा कि कठिन समय में कठिन कदम उठाने की जरूरत होती है। यह बहुत समय से लंबित है। छात्रावास वार्डन या अन्य कार्यों के लिए हर किसी को नियुक्त करते हैं और उन्हें छात्रों से व्यवहार करने के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित नहीं किया जाता है। ये पाठ्यक्रम उन्हें पेशेवर रूप से छात्रों के साथ व्यवहार करना और किसी भी छात्र में तनाव एवं अवसाद के शुरूआती लक्षणों पर नजर रखने के लिए प्रशिक्षित करेंगे। इस वर्ष अब तक 23 छात्रों ने आत्महत्या की है जिनमें से दो ने तो 27 अगस्त को अपनी जान दे दी थी।

बिग बॉस 17 का पहला टीजर रिलीज

एजेंसी

मुंबई। रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 का पहला टीजर रिलीज हो गया है। सलमान खान रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। बिग बॉस 17 का पहला प्रोमो टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस बार शो में सलमान खान अपने नए लुक के साथ नजर आने वाले है। टीजर में सलमान खान कहते हुए नजर आ रहे हैं, अब तक अपने बिग बॉस की सिर्फ आंख देखी है, अब दिखेंगे बिग बॉस के तीन अवतार, दिल, दिमाग और दम - अभी के लिए इतना ही, मैं बस इतना ही बता सकता हूं। कलर्स टीवी के आधिकारिक इंस्टाग्राम पर इस टीजर को शेयर करते हुए उन्होंने इसे कैप्शन दिया, इस बार बिग बॉस दिखाएंगे एक अलग रंग, जिसे देखकर रह जाएंगे आप सब दंग। देखिए बिग बॉस17 जल्दी ही,

आठ अमेरिकी उत्पादों पर बुनियादी सीमा शुल्क जारी रहेगा

नयी दिल्ली। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका एवं कुछ अन्य देशों से सेब और अखरोट सहित आठ उत्पादों के आयात पर बुनियादी सीमा शुल्क एवं अन्य शुल्कों का लगना जारी रहेगा। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव पीयूष कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इन आठ अमेरिकी उत्पादों पर से अतिरिक्त शुल्क हटाया गया है लेकिन बुनियादी सीमा शुल्क एवं अन्य शुल्क पहले की तरह लगते रहेंगे। भारत ने हाल ही में अमेरिका से आयात होने वाले आठ उत्पादों पर से अतिरिक्त शुल्क हटाने की घोषणा की है। कुमार ने कहा कि भारत ने चना, दाल, बादाम, अखरोट, सेब, बोरिक एसिड, डायग्नोस्टिक उत्पादों पर से अतिरिक्त शुल्क को वापस ले लिया है। इन वस्तुओं का अमेरिका से भारत में आयात का मूल्य वित्त वर्ष 2022-23 में 1.08 अरब डॉलर था।

सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

- शेयर बाजार में लगातार 11वें दिन तेजी, सेंसेक्स 319 अंक उछलकर 67838 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ
- निफ्टी 89 अंक बढ़कर 20,192 पर पहुंचा

एजेंसी

मुंबई। शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा और दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अब तक के नए उच्च स्तर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी पूंजी प्रवाह बढ़ने से बाजार में तेजी रही। बीएसई के 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स में लगातार 11वें दिन तेजी रही। सेंसेक्स 319.63 अंक यानी 0.47 प्रतिशत उछलकर 67,838.63 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 408.23 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 67,927.23 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 89.25 अंक यानी 0.44 प्रतिशत बढ़कर 20,192.35 के अपने नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 20,222.45 के रिकॉर्ड स्तर तक गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक नुकसान में रहा। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत चढ़कर 93.94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजारों से मिले आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) एक बार फिर खरीदार बन गए हैं। विदेशी निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 294.69 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीदारी की।

इन कंपनियों के शेयर में उछाल

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारती एयरटेल में सर्वाधिक 2.37 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक और नेस्ले भी बढ़त के साथ बंद हुए।

इन कंपनियों में गिरावट

दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही।

रूस ने अमेरिका के दो राजनयिकों को निष्कासित किया

मॉस्को। रूस के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिका के दो राजनयिकों को देश से निष्कासित कर दिया है। रूस ने इन राजनयिकों को अवैध गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगाते हुए अवांछित व्यक्ति घोषित करते हुए सात दिन में देश छोड़कर जाने का आदेश दिया। इस बीच, स्लोवाकिया ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय संधियों का उल्लंघन करने को लेकर देश की राजधानी ब्रातिस्लावा में रूसी दूतावास के एक राजनयिक को निष्कासित कर रहा है। स्लोवाकिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि राजनयिक को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया गया। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि रूस में अमेरिकी दूतावास के प्रथम सचिव जेफ्रे सिलिन और द्वितीय सचिव डेविन बर्नस्टीन व्लादिवोस्तोक में अमेरिकी दूतावास के पूर्व कर्मचारी के संपर्क में रहे जिसे इस साल की शुरूआत में गिरफ्तार किया गया था।

कोकर दुर्गा पूजा : भक्तों का स्वागत करेंगे गजराज

खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कोकर दुर्गा पूजा कमेटी इस बार काल्पनिक मंदिर का निर्माण कर रहा है। इस बार पंडाल की खासियत यह है कि भक्त जैसे ही पंडाल में प्रवेश करेंगे , तो भक्तों का स्वागत गजराज करेंगे। दरअसल इस काल्पनिक मंदिर का थीम गजराज है। मंदिर के प्रारूप वाले पंडाल के लिए प्लाई की बारीकी से कटिंग बंगाल से आए कारीगर कर रहे हैं। पूजा पंडाल के आस-पास विशेष विद्युत साज की तैयारी की जा रही है। इस बार पांडाल की ऊंचाई 40 फीट चौड़ाई 35 फीट लंबाई 40 फीट होगी। पूजा समिति के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने बताया कि इस साल 12 गेट होंगे जो कोकर चौक से लेकर डिस्लरी पुल तक लगाया जाएगा और इस साल पूजा पंडाल की विशेषता अच्छी लाइटिंग होगी। इस बार दुर्गा की मूर्ति 13 फीट की होगी। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल में मां का 9 दिनों तक रीति रिवाज के साथ पूजा होता है। दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण स्थानीय कलाकार कर रहे हैं। बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताएं होंगी। साथ ही नवमी के दिन भोग का वितरण किया जाएगा। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 20 लाख रखा गया है। पूजा को सफल बनानें में राजू राम, संतोष महतो, रमेश सिंह,रवि सिंह,नमन भारतीय, ललकु पासवान, संजय पासवान,छोटू पासवान, संदीप पासवान, प्रिस सिंह, अजय अग्रवाल,संतोष अग्रवाल,विवेक अग्रवाल,ललित कुमार, अरविन्द पासवान, प्रकाश राम,अमित पासवान, दीपू सिंह, धर्मेंद्र पासवान, आशीष वर्मा, रजन पासवान, अमित कुमार, राजू सिंह, विक्की सिंह, बंटी सिंह, बंटी पासवान, सूरज पासवान,छोटू कुमार,विक्रम कुमार वर्मा, रोहित सिंह, धीरज एवं अन्य सदस्य दिन-रात लगे हुए हैं।

बाजार के पास नियमित हो सफाई : चंचल

कोकर दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने कहा कि कोकर बाजार के पास पूजा तक नगर निगम नियमित सफाई करें। अभी नियमित सफाई नहीं हो रहा है। जिससे कि कचरा डम्प हो रहा है। हम लोगों ने निगम से निवेदन भी किया है की जल्द से जल्द सफाई कराया जाए। निगम ने आश्वासन दिया है कि यहां रेगुलर साफ सफाई कराया जाएगा।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !